# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 27 सितंबर 2024 • आश्विन कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 5 • वर्ष : 2, अंक : 169 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# अबुआ आभार हेमन्त सरकार

**नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार**

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

## युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### इस बार पंजाब और हरियाणा के शराब माफियाओं को लाने की है तैयारी

# झारखंड में तीसरी बार रची जा रही शराब घोटाले की साजिश: बाबूलाल

- बिरसा मुंडा जेल से लिखी जा रही है घोटाले की पटकथा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले पर बयान देकर सत्ता में गलियारों में सनसनी फैला दी है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मैं फिर से जनता के सामने यह बात सार्वजनिक कर रहा हूं कि झारखंड में तीसरी बार शराब घोटाले की साजिश रची जा रही है. पिछली बार इसमें छत्तीसगढ़ के शराब माफिया शामिल थे. इस बार पंजाब और हरियाणा के शराब माफियाओं को लाने की योजना बन रही है. इस घोटाले की पटकथा भी बिरसा मुंडा जेल से लिखी जा रही है.

**काला धन जुटाना चाहते हैं हेमंत :** बाबूलाल ने कहा है कि ज़्यादा से ज़्यादा धन कमाने की आदत से मजबूर हेमंत सोरेन लगातार तीसरी बार शराब नीति बदलकर चुनाव के लिये कालाधन जुटाना चाहते हैं. इस बार घोटाले का मुख्य मकसद चुनाव के लिए भारी फंड जुटाना और चुनाव के समय गांव-गांव में शराब बांटना है. जिस सरकार का कार्यकाल दो महीने बचा है वह अगले तीन साल के लिए शराब दुकान का ठेका परोक्ष रूप से पंजाब-हरियाणा वालों को सौंप कर मोटा काला धन वसूलना चाहती है.

**सीएम को लिखे पत्र का भी किया जिक्र :** बीते 1 सितंबर को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को सुझाव दिया था कि गांव की गरीब आदिवासी महिलाएं, जो शराब बेचती हैं, उन्हें सरकारी शराब वितरण के माध्यम से जोड़ा जाए, लेकिन मुख्यमंत्री जी अपनी आदत से मजबूर हैं. सही ही कहा गया है कि चोर चोरी से जाये हेरा फेरी से न जाए. झारखंड की जनता को यह भी यक़ीन दिलाता हूं कि भाजपा की सरकार आने पर इस प्रस्तावित शराब नीति को रद्द किया जाएगा. छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा से आये हुए शराब माफ़िया एवं घोटाले में शामिल अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

**बड़ा शऱाब घोटाला की तैयारी**

बाबूलाल ने आगे लिखा है कि घोटालों, चोरी और धोखाधड़ी के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन सरकार जाते-जाते एक बार फिर से बड़ा शराब घोटाला करने की तैयारी में हैं. पहले भी मैंने झारखंड में संभावित शराब घोटालों के बारे में चिंता व्यक्त की थी और मुख्यमंत्री जी को इस बारे में चेताया था, लेकिन उन्होंने नैतिकता को पूरी तरह नजरअंदाज कर हेरा-फेरी का रास्ता अपनाया. उन्होंने अपने पोस्ट में सीएम को लिखा पत्र भी अटैच किया है.

### सीएम हेमंत सोरेन ने हिमंता बिस्वा सरमा को लिखा पत्र, कहा

# असम में झारखंड के आदिवासियों को एसटी का दर्जा दिलाएं

**विशेष संवाददाता। रांची**



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को पत्र लिखा है. इस पत्र के जरिए उन्होंने असम के चाय बागानों में काम करने गये झारखंड के आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग की है. हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा है कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में चाय-जनजातियों के अधिकांश आदिवासी जातीय समूहों को अनुसूचित जनजातियों के रूप में मान्यता प्राप्त है. लेकिन असम में चाय-जनजाति समूहों जिनकी जनसंख्या 70 लाख है, को एसटी के बजाय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा दिया है. इसकी वजह से चाय-जनजाति के लोग अनुसूचित जनजातियों को मिलने वाले सरकारी लाभों और सुरक्षा से वंचित रह जाते हैं. सीएम ने लिखा कि चाय-जनजाति समूह एसटी दर्जे के लिए मानदंड को पूरा करते हैं, जिसमें उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक जीवन शैली और शोषण के प्रति संवेदनशीलता शामिल है. अतः उनको एसटी का दर्जा मिलना चाहिए.

**चाय-जनजातियों की अर्थव्यवस्था-संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान, फिर भी ये हाशिए पर :** हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा कि मैं असम में चाय जनजातियों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों से अच्छी तरह वाकिफ हूं. क्योंकि उनमें से ज्यादातर झारखंड की मूल जनजातियां हैं, जिनमें संथाली, कुरुख, मुंडा, ओरांव और अन्य शामिल हैं. इनके पूर्वज औपनिवेशिक शासन के दौरान चाय बागानों में काम करने के लिए पलायन कर गये थे. सीएम ने असम में चाय-जनजातियों की दुर्दशा पर गहरी चिंता जताते हुए लिखा कि असम की अर्थव्यवस्था और संस्कृति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद उन्हें हाशिए पर रखा गया है. उनको अनुसूचित जनजातियों को मिलने वाले लाभ और सुरक्षा से वंचित रखा गया है. उन्होंने असम के सीएम से मांग की कि असम की चाय जनजातियों को एसटी का दर्जा दिया जाये.

**चाय-जनजाति के लोग इन सरकारी लाभों से हैं वंचित :** सीएम हेमंत सोरेन ने हिमंता बिस्व सरमा को अपने पत्र में गिनवाया कि असम की चाय जनजातियां को एसटी का दर्जा नहीं देने पर किन महत्वपूर्ण सरकारी लाभों और अवसरों से वंचित रहना पड़ता है.

**केंद्र सरकार की योजनाएं :** कई केंद्र सरकार की योजनाएं जो विशेष रूप से एसटी के लिए बनायी गयी हैं, जैसे कि पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, आदिवासी विकास सहकारी समितियां (टीडीसीएस) योजना और राष्ट्रीय आदिवासी स्वास्थ्य मिशन, चाय जनजातियों के लिए सुलभ नहीं हैं. गैर-एसटी के रूप में, ये आदिवासी कई सरकारी योजनाओं के लिए अपात्र हैं. हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के लिए बनाये गये कार्यक्रम और योजनाएं. इसमें शैक्षिक छात्रवृत्तियाँ, आवास सब्सिडी और स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं शामिल हैं.

**राज्य स्तरीय पहल :** असम में अनुसूचित जनजातियों के विकास के उद्देश्य से कई राज्य स्तरीय कार्यक्रम और पहल हैं. ये कार्यक्रम, जो अक्सर वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचे के विकास और शैक्षिक अवसर प्रदान करते हैं, चाय जनजातियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं.

**आरक्षण लाभ :** सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी की तुलना में एसटी को आरक्षण का प्रतिशत अधिक है. इसका मतलब यह है कि चाय जनजातियों को सीमित सीटों और अवसरों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है.

**आदिवासी विकास प्राधिकरण :** अनुसूचित जनजातियों के पास समर्पित आदिवासी विकास प्राधिकरण हैं जो उनके उत्थान की दिशा में काम करते हैं. ये प्राधिकरण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका सहायता सहित विभिन्न सेवाएँ प्रदान करते हैं. चाय जनजातियों में ऐसे समर्पित सहायता ढांचों का अभाव है.

**सामाजिक और सांस्कृतिक मान्यता :** एसटी का दर्जा अपने साथ एक निश्चित स्तर की सामाजिक और सांस्कृतिक मान्यता लेकर आता है. यह इन समुदायों की विशिष्ट पहचान और परंपराओं को संरक्षित और बढ़ावा देने में मदद करता है. ओबीसी के रूप में, चाय जनजातियों को समान स्तर की मान्यता और समर्थन नहीं मिल सकता है. अपने पैतृक मातृभूमि से दूर रहने के कारण, इन जनजातियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है. यह विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जैसे भूमि अधिकारों से वंचित होना, रोजगार के अवसरों तक सीमित पहुंच और पारस्परिक संबंधों में पूर्वाग्रह. इसमें पारंपरिक प्रथाओं, भाषाओं और सामाजिक संरचनाओं को बनाये रखने में कठिनाइयां शामिल हो सकती हैं.

**आर्थिक शोषण :** चाय बागान श्रमिकों के रूप में, इन आदिवासियों को शोषणकारी श्रम प्रथाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें कम मजदूरी, लंबे समय तक काम करना और असुरक्षित कार्य स्थितियां शामिल हैं.

**प्रतिनिधित्व की कमी**

उनकी गैर-एसटी स्थिति उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व और वकालत में बाधा डाल सकती है. इससे उनकी शिकायतों को दूर करने और अपने अधिकारों को सुरक्षित करने की उनकी क्षमता सीमित हो सकती है.

**कोर्ट की खबरें**

## होमगार्ड जवानों के एरियर मामले में वित्त विभाग से लिया जा रहा सुझाव

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

होमगार्ड के जवानों को वर्ष 2017 से समान काम के बदले समान वेतन दिये जाने के आदेश के बाद गृह विभाग ने एरियर के भुगतान पर सुझाव के लिए वित्त विभाग को पत्राचार किया है. यह जानकारी होमगार्ड के डीजी ने हाईकोर्ट में दाखिल एफिडेविट में दी है. दरअसल होम गार्ड के जवानों ने समान काम के बदले समान वेतन की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डा एस. एन. पाठक की अदालत ने 23 अगस्त 2024 को यह आदेश दिया था कि 25 अगस्त 2017 से होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ दिया जाये. इस आदेश के बाद मुख्यमंत्री ने होम गार्ड के जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है. इसके बाद होम गार्ड के जवान वर्ष 2017 से लेकर अब तक के एरियर भुगतान की मांग कर रहे हैं. उनकी मांग पर पहल करते हुए वित्त विभाग से सुझाव लिया जा रहा है. राज्य में करीब 20 हजार होमगार्ड के जवान कार्यरत हैं. इन्हें वर्ष 2017 से लेकर अब तक का एरियर देने में राज्य सरकार पर करोड़ों का वित्तीय बोझ आयेगा.

## हाईकोर्ट का निर्देश- प्रार्थी सूचित करें अपना मार्क्स और कट ऑफ मार्क्स

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी को यह निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट के अनुसार, सफल अभ्यर्थियों का कट ऑफ मार्क्स कोर्ट में जमा करें. इसके साथ ही अदालत ने प्रार्थियों को यह निर्देश दिया कि वह अपना प्राप्त मार्क्स की जानकारी लेकर बताएं कि यह राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में उनका मार्क्स कट ऑफ मार्क्स से नीचे है या ऊपर. दरअसल मीना कुमारी एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर स्नातक स्तरीय शिक्षक नियुक्ति में नियुक्ति देने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. राज्य सरकार एवं JSSC की ओर से महाधिवक्ता और अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की. हाईकोर्ट ने न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की बेंच में सुनवाई हुई.

## ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को न हटाया जाए: हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को उनके पद से हटाए जाने पर रोक लगा दी है. दरअसल राज्य के सभी जिलो में इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर की नियुक्ति की गई है. पिछले दिनों इस पद पर राज्य के सभी जिलो में आउटसोर्स के जरिए नियुक्ति की तैयारी शुरू की गई थी. जिसके खिलाफ साकिब सलाम एवं अन्य की ओर से हाईकोर्ट का रूख किया गया. प्रार्थियों की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि किसी भी इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को न हटाया जाए. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अर्पण मिश्रा ने बहस की. सरकार को इस मामले में चार सप्ताह में जवाब दाखिल करना है.

## पंजवा लड़ावेला ई ऊंगलीबाज त्रिमूर्ति के धईले है हंफनी, इनिका के हऊ चाही

**संजय सिंह**

देश भर में पंजवा लड़ावेवाली पार्टिया में तो बरसाती मेंढक की तरह नेताजी लोग अवतरित हो गईल हैं. एक-एक गो विधानसभा सीटवा से दु दर्जन से बेसिए नेताजी लोगन चुनाव लड़े के इच्छा जताइले हैं. अब तो हालत ई हो गईल है कि कार्यकर्ता कही देखाइए न दे रहल है. जेने देखिए ओने नेताजी ही हैं, हाथ जोड़ले घूम रहले हैं. जईसे ही मीडियावाला लोग दिखाई देता है, ओकरा पीछे लपकल पहुंच जाते हैं. कहे लगते हैं, बॉस आप तो जानबे करते हैं, हमहूं अप्लाई किए हैं. आप तो देखिए रहे हैं कि हम कितना एक्टिव रहे हैं. फाइलवा भी हमरा ढेरे मोटा हो गईल है. हम जेतना काम कईले हैं, शायद ही ओतना काम कोई और कईले होगा. प्लीज. तनिका हमरो ध्यान रखले रहिएगा. हांल ही में पंजा पार्टिया के देवादार लोगन के स्क्रीनिंग करे लगी दिल्ली से बड़का-बड़का नेताजी लोगन आईल थे. उ लोग जगह-जगह छिछिआईल घूम रहिस थे. ढेरे मोटकी-मोटकी फाईलवा पंजा लड़ावे लगी नेताजी लोग दीहिन थे, लेकिन ऊ लोग नाटक-नौटंकी कईले, पिकनिक मनाईले फुर्र से उड़नखटोलवा से उड़ गिये. पार्टियो में नेताजी लोग चर्चा कईले है कि ई सब चोंचलाबाजी है. अरे जेकर ऊपरे गेटिंग-सेटिंग रहेगा, भाई टिकटवा तो उहे हथियावेगा. अब देखिए न पंजवा लड़ावेवाली पार्टिया में एगो त्रिमूर्ति गैंग है. ई त्रिमूर्ति अपना पुरनका ठाकुर जी के एतना ऊंगली कईले था कि बेचारे अकुता गईल थे. जब मन करे ठाकुर जी के धसोरले रहते थे ई नेताजी लोगन. हटाओ-हटाओ...ठाकुर जी के किनार लगाओ. ठाकुर जी तो ठहरे ठाकुर, त्रिमूर्ति के तरीके से गेम बजवा दीहिन. बेचारे श्रद्धानंद रोडवा से तो धकिवले गए, तो एगो सरकारी अतिथिशाला में अड्डा जमाने लगे. भाई राजनीति में बनल रहेला है, तो त्रिमूर्ति लोग शिक्षा-दीक्षा वाला दोकान खोल लीहिन. ऊहे दोकानवा के खेला-मेला करे लगे. लईका-लईकी से लेकर गुरुजी के भीड़ जुटावे लगीन. एगो मंत्री महोदय भी त्रिमूर्ति पर हाथ धईले थे,. उनके बदौलत त्रिमूर्ति कूद-फांद कईले रहते थे. बाद में तो ऊ शिक्षा-दीक्षा वाला संगठन के बड़का पदाधिकारियन के धकिया दीहिन. शिक्षा-दीक्षा वाली संगठनवा में भी अईसन राजनीति कीहिन कि पहिले से जमल-जमाव पदाधिकारी लोगन चारो खाने चित्त हो गिये. खैर शिक्षा-दीक्षा वाला दोकानवा चलिए रहिस है. त्रिमूर्ति ऊ दोकनवा में रहले-रहले कोई-न कोई मालवा नया परोसिए देते हैं. मालवा बिकाईबो करता है. त्रिमूर्ति के बाद में पंजवा लड़ावेवाली पार्टिया बख्श दीहिन. वापसी हो गई, तो त्रिमूर्ति तरनाइल घूमे लगे. अब तो विधानसभा चुनउवा का समय आया है, तो त्रिमूर्ति फिरो से हाफ-डीप देले हैं. श्रद्धानंद रोडवो में इंट्रिया मिल गईस है, तो पंजा लडाव़े ला बेचाईनी थूरले है ई त्रिमूर्ति के. त्रि में से दोगो तो एक ही सीटवा लगी हाथ-पार मारले हैं. एगो विश्वविद्यालय वाले नेताजी महोदय तो उआर अपनाईल है. राजधानी के मेन सीटवे पर नदर गड़ाईले हैं. कास्ट फैक्टर, यूथ फैक्टर और न जाने कउन-कउन फैक्टर एके सांस में बके जाते हैं. दावा तो अईसन करते हैं कि पूछिए मत. बुझाता है कि पंजवा लड़ावे के मौका मिलेगा, तो उनके आगे कोइयो न टिकेगा. ढेरे दिन से ईहो महोदय राडानित में दायां-बांया कईले हैं. छात्र वाला नेतागीरी से लेके युवा वाला क्लास भी पूरी किहीन हैं. कहते हैं कि- पूरा कोर्स किए हैं भाई, लेकिन पिंगल पाठ कईले हैं, दावा तो अईसन कईले हैं कि पूछिए मत. ई बेचारे भी अपन ईकलौता गॉडफादर के बदौलत उछल-कूद मचाईले हैं. उनके दु गो और संहतिया भी ऊहे गॉडफादर के बदौलत लांग जंप-हाई जंप कईले हैं. लेकिन ई बड़की पार्टिया में एगो सीट लगी दु दर्जन से बेसिए नेताजी लोग हाथ-पैर मारले हैं. पिंगल पाठ कईले हैं. अब देखिए आगे-आगे होता है क्या. त्रिमूर्ति के दाल गलईत है या उनका दलवा में नीमकवे तेज पड़ला जईसन मुंह बनावले पड़ेगा. वइसे त्रिमूर्ति के पंजा लड़ईया पार्टिया में उपरे तक भी ठीके-ठाक ठेक हईए है. रह-रह के त्रिमूर्ति राज्य की राजधानी से लेके देश की राजधानी तक पइडलवा मारिए आते हैं.

**चुनावी चकल्लस**



# आरएसएस भारत की अस्मिता व परंपरा को कर रही स्थापित: बाउरी

- सीएम हेमंत सोरेन के बयान पर नेता प्रतिपक्ष ने दी प्रतिक्रिया

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सीएम हेमंत सोरेन के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. हेमंत सोरेन ने अपने बयान में कहा था कि यह आरएसएस के लोग चूहे की तरह हमारे अंदर घुस कर तोड़ने का काम करते हैं. जब हमारे एक नेता हमारी पार्टी में थे, तो वह 1932 की मांग करते थे, स्थानीयता की बात करते थे, लेकिन भगवा होते ही उनकी भाषा भी बदल गई है. इस बयान पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास से ही आज भारत गुलामी की मानसिकता को तोड़कर विश्व पटल पर अपनी पहचान बढ़ा रही है.

यह अफसोस की बात है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण अपने पूर्वजों, वंशजो और आदिवासी समाज के अस्मिता को खतरे में डाल रहे हैं. बांग्लादेशी घुसपैठियों इन्हें राज्य के अंदर दिख नहीं रही. जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अस्मिता और परंपरा को स्थापित कर रही है. उसे हेमंत सोरेन अपने राज्य में प्रतिबंधित कर रहे है. हेमंत सोरेन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कारण ही आज आप अपने धर्म के साथ जीवन यापन कर रहे हैं, नहीं तो आपके सहित सारे लोग अपने मूल धर्म को खो चुके होते हैं. हेमंत सोरेन कितना वोट बैंक की राजनीति के कारण नीचे गिरेंगे. अपने अंतर मन की आवाज को जरूर सुनें.

# दो आईएएस अफसर बदले

**संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने दो आइएएस अफसरों का तबादला कर दिया है. रामगढ़ के अनुमंडल पदाधिकरी के पद पर पदस्थापित आशीष गंगवार को अनुमंडल पदाधिकारी, छत्तरपुर बनाया गया है. वहीं पश्चिमी सिंहभूम के अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेश रंजन को अनुमंडल पदाधिकारी, खूरी -महुआ (गिरिडीह) के पद पर पदस्थापित किया गया है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है.

# पत्नी की मर्जी के खिलाफ बनाता था संबंध, दोषी करार

**संवाददाता। रांची**

रांची सिविल कोर्ट ने पत्नी के विरोध के बावजूद बार-बार शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी रणधीर को दोषी करार दे दिया है. अदालत रणधीर की सजा की बिंदु पर 30 सितंबर को सुनवाई करेगा. फिलहाल दोषी को हिरासत में ले लिया गया है. रणधीर की पत्नी ने उसके खिलाफ वर्ष 2015 में कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि महिला की मर्जी के बिना उसका पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता है. ट्रायल के दौरान महिला समेत अन्य गवाहों का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया. जिसके आधार पर कोर्ट ने रणधीर को दोषी करार दिया है.

### लोहरदगा विस सीट आजसू-भाजपा के बीच भी सीट को लेकर खींचतान

# डॉ. रामेश्वर उरांव लड़ेंगे चुनाव या सौंपेंगे विरासत?

**समीर चक्रवर्ती। रांची**





लोहरदगा विधानसभा सीट से वर्ष 2019 में निर्वाचित डॉ. रामेश्वर उरांव इस वर्ष होने वाले चुनाव में फिर से मैदान में होंगे या अपनी राजनीतिक विरासत पुत्र राहुल उरांव को सौंपेंगे, इसे लेकर अब तक सस्पेंस बरकरार है. विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर फिलहाल उम्मीदवार चयन को लेकर जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं. इसके बाद प्रदेश चुनाव समिति की बैठक और स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में चर्चा होगी. फिर दो-तीन उम्मीदवारों के नाम की अनुशंसा केंद्रीय चुनाव समिति को भेजी जाएगी.

**डॉ. रामेश्वर उरांव अपनी अंतिम पाली खेलने को इच्छुक!**

लोहरदगा विधानसभा सीट से डॉ. रामेश्वर उरांव अपनी अंतिम पाली खेलने को इच्छुक है. यही कारण है कि रामेश्वर उरांव के पुत्र राहुल उरांव की ओर से इस बार लोहरदगा के साथ लातेहार जिले के मनिका विधानसभा सीट के लिए भी दावेदारी की गई है. लोहरदगा की तरह मनिका विधानसभा सीट भी अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित है. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रामेश्वर उरांव खुद लोहरदगा से चुनाव लड़ने के साथ अपने पुत्र राहुल उरांव को मनिका से चुनाव लड़ाकर पॉलिटिक्स में एंट्री करना चाहते हैं. हालांकि यह भी चर्चा है कि लोहरदगा से रामेश्वर उरांव की जगह उनकी बेटी निशा उरांव भी दावेदारी कर सकती हैं, लेकिन फिलहाल निशा उरांव केंद्र सरकार की एक अधिकारी है ओर चुनाव लड़ने के लिए उन्हें दो महीने पहले वीआरएस लेना पड़ेगा. फिलहाल निशा उरांव की ओर से राजनीति में आने की संभावना काफी कम नजर आ रही हैं. ऐसे में रामेश्वर उरांव अपने पुत्र को ही राजनीतिक विरासत सौंपने पर विचार कर रहे हैं.

**डॉ. रामेश्वर उरांव को सांसद सुखदेव भगत के पुत्र से मिलेगी चुनौती :** राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव को लोहरदगा में पार्टी के अंदर ही अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी सुखदेव भगत के पुत्र अभिनव सिद्धार्थ से चुनौती मिल रही है. सांसद सुखदेव भगत के पुत्र अभिनव प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव रहे और लोहरदगा क्षेत्र में उन्होंने संगठन के लिए कई वर्षों तक काम किया है. अभिनव ने लोकसभा चुनाव 2024 में अपने पिता सुखदेव भगत को जीत दिलाने में कड़ी मेहनत की. अब वो विधानसभा चुनाव में खुद चुनाव मैदान में उतरना चाहते हैं, लेकिन डॉ. रामेश्वर उरांव के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता धीरज साहू का सुखदेव भगत के साथ छत्तीस का आंकड़ा रहा है. ऐसे में रामेश्वर-धीरज की जोड़ी सुखदेव भगत के पुत्र को रोकने के लिए हरसंभव कोशिश करेंगे. हाल ही में रामेश्वर उरांव को कांग्रेस विधायक दल का नेता भी बनाया गया है, ऐसे में दिल्ली में उनकी पकड़ मजबूत हुई है.

**लोहरदगा विधानसभा चुनाव परिणाम 2019**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| डॉ. रामेश्वर उरांव | कांग्रेस | 74380 |
| सुखदेव भगत | भाजपा | 44230 |

**लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का दबदबा**

लोहरदगा विधानसभा सीट कांग्रेस की गढ़ रही, लेकिन वर्ष 2009 में आजसू पार्टी ने लोहरदगा सीट को हथिया लिया था, इस चुनाव में आजसू पार्टी के कमल किशोर भगत ने पहली बार जीत हासिल की, इसके साथ ही लोहरदगा में पहली बार कमल किशोर भगत आजसू पार्टी का पताका फहराने में सफल रहे. इसके बाद 2014 में भी कमल किशोर भगत इस सीट से दोबारा चुनाव जीते थे. लेकिन 2019 के चुनाव में पुनः यह सीट कांग्रेस के पाले में चली गई.

क्लासिफाइड


















मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 27.3 | 24.3 |
| जमशेदपुर | 30.4 | 23.8 |
| डालटनगंज | 27.0 | 24.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 27 सितंबर 2024 | आश्विन कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 | पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 | वर्ष : 2, अंक : 169 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,600 |
| चांदी (किलो) | 94,000 |

## ब्रीफ खबरें

### अमेरिका में फिर मंदिर में तोड़फोड़

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को लगातार निशाना बनाया जा रहा है. न्यूयॉर्क की घटना को अभी 10 दिन भी नहीं बीते थे. अब कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाया गया है. मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर हिंदू विरोधी टिप्पणी लिखी गई है. सैक्रामेंटो काउंटी के पुलिस अधिकारी हेट क्राइम यानी घृणा अपराध की जांच कर रहे हैं.

### यूएन में फ्रांस ने की भारत की वकालत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार की जरूरत बताई और भारत को इसमें स्थाई सीट देने की वकालत की है. इससे पहले अमेरिका समेत कई प्रमुख राष्ट्र भी भारत को सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट देने का समर्थन कर चुके हैं.

### केंद्र ने न्यूनतम मजदूरी दरों में किया इजाफा

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि का ऐलान किया है. नई दरें अक्टूबर से लागू होंगी. अब अकुशल मजदूरों के लिए मजदूरी दर 783 (20,358 रुपए), अर्ध-कुशल मजदूरों के लिए 868 (22,568 रुपए), कुशल मजदूरों के लिए 954 (24,804), अत्यधिक कुशल मजदूरों तथा हथियारबंद के लिए 1,035 (26,910 रुपए प्रति माह) तय की गई है.

### घरेलू हिंसा कानून सबके लिए बराबर

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि डीवी एक्ट (डोमेस्टिक वॉयलेंस एक्ट) 2005 सभी महिलाओं पर लागू होता है. महिलाओं को भारतीय संविधान में जो अधिकार मिले हुए हैं उन अधिकारों को प्रोटेक्ट करने के लिए यह कानून है और यह सभी महिलाओं पर समान रूप से लागू होता है. इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि महिला किस धर्म या समुदाय से ताल्लुक रखती है.

### शेयर बाजार ने तोड़ डाले सारे रिकॉर्ड

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार को सभी मुख्य सूचकांक नए ऑल-टाइम हाई पर बंद हुए. कारोबार के अंत में बीएसई का सेंसेक्स 666 अंक या 0.78 प्रतिशत बढ़कर 85,836 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 211 अंक या 0.81 प्रतिशत बढ़कर 26,216 अंक पर बंद हुआ. निफ्टी बैंक ने भी कारोबारी सत्र में 54,467 अंक का नया ऑल-टाइम हाई बनाया. यह 273 अंक या 0.51 प्रतिशत बढ़कर 54,375 अंक पर बंद हुआ.- पेज 07 भी देखें




## सीएम हेमंत ने 1.77 लाख किसानों का दो लाख तक का लोन किया माफ, कहा

# झारखंडी गोली-लाठी-डंडे से डरते नहीं, लड़कर लेंगे अपना हक

कौशल आनंद। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोरेन गुरुवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत 1 लाख 76 हज़ार 977 किसानों का 400 करोड़ 66 लाख रुपए के ऋण अदायगी राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांरित किया. मुख्यमंत्री ने झारखंड के दूध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि दो रुपए प्रति लीटर से बढ़ा कर पांच रुपए प्रति लीटर करने की योजना का भी शुभारंभ किया. इस कार्यक्रम में राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक राजेश कच्छप, सांसद डॉ. महुआ माजी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएम के प्रधान मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभागीय सचिव अबु बकर सिद्धीकी सहित कई लोग मौजूद थे.

**हमारे किसान पूंजीपति नहीं, जमीन बैंक और फसल एटीएम है** : इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा लोग व्यापारी हैं. इनके पास इतने पैसे हैं कि जहां हारते हैं वहां पर सरकार खरीद लेते हैं. महाराष्ट्र इसका उदाहरण है, जहां खरीद नहीं सकते हैं, वहां पर झूठे केस में फंसा कर जेल भेज कर सरकार ही बदल दिया जाता है. इनके पास किसानों को देने के लिए एमएसपी, किसानों के लोन माफी, पेंशन देने का पैसा नहीं है. मगर बड़े-बड़े पूंजीपतियों का कर्जा माफ करने का पैसा है. देश में पूंजीपतियों के पास इतना पैसा है कि गिनते-गिनते पूरी उम्र गुजर जाएगी, फिर भी गिन नहीं पाएंगे. ये किसानों को आय दोगुनी करने की बात करते हैं, मगर उन्हीं किसानों पर गोली और लाठी-ठंडा चलवाते हैं. मगर किसानों ने भी एक साल तक दिल्ली को घेर कर बता दिया कि किसानों को मत छेड़ो, अंततः सरकार को तीन किसान कानून को वापस लेना पड़ा. यह होती है कि देश के अन्नदाताओं की ताकत. जब ये अपने पर आ जाएं तो सरकारें बदल देते हैं, गद्दी से उतार देते हैं. जब हमारी सरकार बनी, तो अपने वादों के अनुसार फौरन किसानों का 50 हजार रुपए तक का लोन माफ किया. फिर आज हम किसानों को वादों के अनुसार 2 लाख रुपए तक लोन माफ कर रहे हैं. क्योंकि हमारा राज्य गरीब है, हमारे के किसानों के पास जमीन ही बैंक है और फसल ही एटीएम. किसान बहुत दिक्कतों में लोन लेकर खेती करते हैं, मगर मौसम की मार के कारण फसल खराब हो जाती है और किसान कर्ज में डूब जाते हैं. किसान हमारे राज्य की रीढ़ हैं. इसलिए हमारी सरकार ने यह बड़ा कदम उठाया. यह किसानों के लिए लोन माफी योजना या कार्यक्रम नहीं है यह किसान सम्मान योजना और कार्यक्रम है.

### बोले सीएम

- जहां जीतते नहीं हैं, वहां की सरकार ही खरीद लेते हैं, नहीं सकते हैं तो झूठे आरोप में जेल भेज कर सरकार बदल देते हैं
- देश में चंद पूंजीपतियो के पास देश के गरीब-मजदूरों का इतना पैसा कि गिनते-गिनते उम्र निकल जाएगी
- इनके पास एमएसपी, गरीब-किसानों का लोन माफ करने और पेंशन देने के लिए पैसा नहीं है, मगर पूंजीपतियों का लोन माफी के लिए है

### हो सकता है इसके खिलाफ भी ये लोग कोर्ट चले जाएं

उन्होंने कहा कि हो सकता है कि ये काम भी विपक्ष को पंसद नहीं आए. मंईयां सम्मान योजना की तरह इसके खिलाफ भी ये लोग कोर्ट-कचहरी चले जाएं. मगर झारखंडी गोली, लाठी-डंडे से डरने वाला नहीं है. लड़ कर झारखंड लिया, अब लड़ कर अपना अधिकार भी लेंगे. उन्होंने कहा कि कुल 38 लाख किसानों के दो लाख रुपए तक की लोन माफी होगी. इसकी आज केवल शुरुआत हो रही है.

### डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हुआ एमओयू

सीएम की मौजूदगी में डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने हेतु कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीक तथा एनडीडीबी, आनंद, गुजरात के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस रघुपति के बीच 5 वर्षों के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ. इसमें 68 हज़ार दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा जाएगा. इसके अलावा दुग्ध उत्पादकों को दूध उत्पादन के उचित मूल्य के अलावा 5 रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी.

### खाद्यान्न- सब्जी ही नहीं फल-फूल भी उपजाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान केवल मौसमी खाद्यान्न और सब्जी न उगाएं. फल-फूल आदि भी उजपाएं. कश्मीर में उपजने वाले फल और फूल भी उगाएं. हमारे लोग मांस-मछली और अंडा भी खाते हैं. मगर मछली और अंडा दूसरे प्रदेशों से आता है. हमारे किसान भाई पशुपालन करके राज्य में खपत को पूरी कर सकते हैं और अपनी आय बढ़ा सकते हैं.

### सीएम आज 438 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार 27 सितंबर को विभिन्न विभागों के तहत नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे. यह कार्यक्रम शौर्य सभागार, जैप -1 डोरंडा, रांची में दिन के 12 बजे आयोजित किया गया है. विभिन्न विभागों के द्वारा कुल 438 कर्मियों की नियुक्ति की गई है.

## किसने अपनी मां का दूध पिया है जो धर्मांतरण करवा दे

# जेएमएम का तख्ता पलट होना तयः राजनाथ सिंह

**हेमंत सरकार ने जनता को ठगा भाजपा लाएगी विकास और सम्मान**

प्रमुख संवाददाता। रांची/धनबाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि झारखंड में परिवर्तन की बयार चल रही है. राज्य से जेएमएम की सरकार को जाने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है. लोकसभा चुनाव में जनता ने तीसरी बार भाजपा को चुना और नरेंद्र मोदी को देश का पीएम बनाया. अंतर्राष्ट्रीय जगत में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है. जहां पहले देश की बात नहीं सुनी जाती थी, लेकिन आज जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है. वे गुरुवार को धनबाद में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि धन दौलत अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 5वें स्थान पर खड़ा हो गया है. 2027 तक भारत टॉप 3 में शामिल हो जाएगा. जेएमएम सरकार पर निशाना साधते और झारखंड पर कहा कि झारखंड से भूखमरी, बेरोजगारी और गरीबी समाप्त होनी चाहिए. बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के सरकार ने झारखंड में जितना काम किया उतना इस जेएमएम की सरकार नहीं कर पाई.



सभा को संबोधित करते रक्षा मंत्री.

यहां राज्य के सीएम को जेल की हवा खानी पड़ती है. भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा नया इतिहास लिखने जा रही है. 15 नवंबर को झारखंड राज्य बने 24 वर्ष हो जाएगा. यह सुनहरा अवसर है. झारखंड में विकास की अपार संभावनाएं हैं, पैसा कमाने वाला सीएम राज्य का विकास नहीं कर सकता. छत्तीसगढ़, उत्तराखंड का विकास तेजी से हो रहा है. आप 10 वर्ष की झारखंड में सरकार दे दीजिए, यदि हम झारखंड को देश का विकसित राज्य न बना दें तो अगली बार भारतीय जनता पार्टी को वोट मत देना.

### झारखंड के विकास में तीन बाधा

राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के विकास में तीन बाधा है, जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी. ये सभी झारखंड के विकास के तीन स्पीड ब्रेकर हैं. राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ हो रही है. हमारी सरकार बनते ही यहां से सभी अवैध घुसपैठियों की पहचान कर बाहर करने का काम करेंगे. चंपाई सोरेन को जेएमएम ने सीएम बनाया था, लेकिन चंपाई ने क्या अपराध किया था कि हेमंत सोरेन ने जेल बाहर निकलने के तुरंत बाद उन्हें सीएम पद से हटा दिया. वह एक ईमानदार नेता हैं.

### जेएमएम का मतलब जम कर मलाई मारो

राजनाथ सिंह ने जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो बताया. यहां का सीएम बालू से तेल निकालने में माहिर है. साहिबगंज में इतनी अवैध बालू की ढुलाई की कि उनपर जुर्माना लगाया गया. नई सरकार चाहिए तो सरकार बदलो. भाजपा भी धर्मांतरण का विरोध कर रही है. -शेष पेज 07 पर

### भाजपा की सरकार बनते ही बालू कर देंगे मुफ्तः शिवराज

**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को गुमला के सिसई में आयोजित परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में जो हेमंत सोरेन की सरकार चल रही है, उससे हम सब बेहाल हैं. 2014 के पहले देश में आतंक और भय का माहौल था. भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने उग्रवाद समाप्त किया, आतंक का अंत किया. आज इस सरकार में फिर से चारों तरफ आतंक का राज है. आज मकान बनाने के लिए बालू नहीं मिल रही है, बालू सीमेंट की तरह बाल्टी में बिक रही है. गरीब आदमी को मकान बनाना मुश्किल हो गया है. भाजपा की सरकार बनते ही मकान बनाने के लिए बालू मुफ़्त कर दी जाएगी. हर गरीब के पास पक्का मकान होना चाहिए, हम सर्वे चालू कर रहे हैं. हेमंत सोरेन की सरकार में मकान नहीं बने. पीएम मोदी के आशीर्वाद से हर गरीब का पक्का मकान बनेगा. राज्य में 2.87 लाख सरकारी पद रिक्त हैं. -शेष पेज 07 पर



### राज्य की जनता ने परिवर्तन का ऐलान कर दिया हैः रवि किशन

**रांची।** फिल्म स्टार सह बीजेपी सांसद रवि किशन ने गुरुवार को हजारीबाग के बड़कागांव में परिवर्तन सभा को संबोधित किया. सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चिंतन का समय है. केंद्र सरकार द्वारा भेजी जा रही योजनाएं हेमंत सरकार रोक रही है. चुनाव के समय हेमंत सोरेन ने जो 72 हजार सालाना देने का वादा किया था और युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ. हेमंत सोरेन झूठ बोल कर सत्ता में आए और झूठ बोलकर सरकार चला रहे हैं. जब से प्रदेश में हेमंत सोरेन की सरकार आई है, आदिवासी समाज की संख्या घट रही है. राज्य में घुसपैठियों को आश्रय दिया जा रहा है, धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जा रहा है और हिंदू धर्म को टारगेट किया जा रहा है. हम सब हिंदू हैं, हमारी कोई जाति नहीं है. राज्य में चुनाव होने वाला है, जब वोट का समय आए तो हिंदू बन कर वोट देना है, जाति बनकर नहीं. -शेष पेज 07 पर



## सरकार अब शराब बेचना बंद करेगी पुराने सिस्टम से ही बिकेगी शराब

विशेष संवाददाता। रांची

- आज कैबिनेट की बैठक में नयी उत्पाद नीति पर लग सकती है मुहर
- नए राशन कार्ड बनाने और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का मानदये बढ़ाने सहित कई अहम प्रस्ताव आ सकते हैं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर शुक्रवार को होगी. विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार इसमें कई अहम फैसले सकती है.

जानकारी के अनुसार सरकार नयी उत्पाद नीति ला सकती है. यानी की अब सरकार शराब नहीं बेचेगी, पुराने सिस्टम सिंडिकेट के जरिए ही शराब की बिक्री की जाएगी. इससे जुड़ा प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में आ सकता है. इसके अतिरिक्त सरकार आगामी चुनाव को देखते हुए राज्य के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने और उनकी अन्य मांगों पर भी अहम फैसला ले सकती है. पिछले दिनों रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य भर की सेविका-सेविकाएं जुटी थीं और अपनी आवाज बुलंद की थी. साथ ही सरकार को चेतावनी दी थी कि जितना काम उन्हें मिलता है, करना पड़ता है, उसके हिसाब से पैसा नहीं मिलता है. सरकार की ओर से प्रतिनिधि के तौर पर झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू उनके पास गए थे. -शेष पेज 07 पर

## पीएम मोदी ने लॉन्च किए 130 करोड़ से बने तीन स्वदेशी सुपर कंप्यूटर

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर लॉन्च किए हैं, जो स्वदेशी तकनीक से निर्मित हैं. ये राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. सुपर कम्प्यूटर की लागत 130 करोड़ रुपए आई है. पीएम मोदी ने शाम वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए इन तीनों सुपरकम्प्यूटरों को राष्ट्र को समर्पित किया. पूर्णरूप से स्वदेश में विकसित इन सुपरकंप्यूटरों को कई वैज्ञानिक विषयों में अग्रणी अनुसंधान को बढ़ावा देनेके लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में तैनात किया गया है. इस मौके पर पीएम ने कहा, कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो.

## 2050 करोड़ के छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की आंच अब झारखंड तक पहुंची

# आईएएस विनय चौबे के खिलाफ भी मामला दर्ज

सौरभ सिंह। रांची

छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर हुए 2050 करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा ने मामला दर्ज किया है. इस मामले छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के अलावा झारखंड के आईएएस और तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे को भी आरोपी बनाया गया है.

ईओडब्लू रायपुर के इंस्पेक्टर ने रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र का रहने वाला विकास सिंह के बयान पर पहले मामले की जांच की, फिर मामला दर्ज किया है. विकास सिंह ने छत्तीसगढ़ के अधिकारी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और उनके सिंडिकेट पर आरोप लगाया है कि शराब घोटाला कर छत्तीसगढ़ सरकार को अरबों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया है. आरोपों में यह भी कहा गया है कि इसी सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर झारखंड की आबकारी नीति को बदलवाया और सरकार के राजस्व को क्षति पहुंचायी है. आरोपों में यह भी कहा गया है कि दोनों राज्यों के अधिकारियों ने मिल कर मैनपावर सप्लाई में भी घोटाला किया है.

आरोपों के मुताबिक, दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच वर्ष 2021 के दिसंबर से लेकर जनवरी 2022 तक कई बैठकें हुई हैं. उल्लेखनीय है कि इससे पहले अप्रैल 2023 में शराब घोटाले को लेकर आईएएस विनय चौबे और कर्ण सत्यार्थी ने ईडी के रायपुर कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया था.



### क्या है शराब घोटाला

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले की डी भी जांच कर रही है. ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है. जांच एजेंसी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था. साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई थी, जिससे सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है.

# यूं तो हमने लाख हसीं देखे हैं, तुम सा नहीं देखा...



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**यदि छह महीने तक बिना कैबिनेट की बैठक और किसी फाइल के मूवमेंट के बगैर सरकार चल रही थी तो उसी प्रकार कुछ महीने और निकल जाते.**

**प्रसंगवश**

इस भूमंडल के एकमात्र स्वघोषित ईमानदार नेता की आखिरी केंचुल उतर गई है. इस पाखंडी की मानें तो उसके शरीर में भगत सिंह की आत्मा प्रवेश कर गई है. इसलिए वह स्वयं को उनका अवतार बताता घूम रहा है. हमारे जीवंत गतिशील लोकतंत्र में अंधों के हाथ बटेर लग जाना विस्मयकारी नहीं है. लेकिन कोफ्त तब होती है जब वह खुद को तीरंदाज मानकर शेखी बघारने लगता है. अमूमन क्रांतियां भी अपने सपूतों को खा जाती हैं. और तिकड़मी कपूत छा जाते हैं. कुछ ऐसा ही हुआ इंडिया अगेंस्ट करप्शन के बाद हुआ. जेपी आंदोलन के बाद भी यही हुआ था. जिन बुराइयों के विरुद्ध वह आंदोलन हुआ था, उन बुराइयों के सुमेरू उस आंदोलन पर छा गये. इंडिया अगेंस्ट करप्शन से गहराये परिवेश पर कब्जे की जंग में भी जीता वही, जो गिरगिटी प्रवृत्ति में प्रवीण था. जो इसके इतर थे उन्हें बात या लात से भगा दिया गया. रह गये सिर्फ रागदरबारी का कोरस गाने वाले. यह है अरविंद केजरीवाल की नटवरलाली प्रवृत्ति की एक संक्षिप्त भूमिका. समाचार यह है कि उन्होंने मुख्यमंत्री (दिल्ली) पद से इस्तीफा दे दिया है. उनकी जगह आतिशी ने दिल्ली की बागडोर संभाल ली है. इस आतिशी पारी में कितने पटाखे फूटेंगे, कितना प्रदूषण फैलेगा इसका पता तो बाद में चलेगा, लेकिन उनकी विदाई का मुहूर्त स्वयं केजरीवाल ने तय कर दिया है. उन्होंने कहा है कि अगले चुनाव में पार्टी जीती तो वह पुनः मुख्यमंत्री बन जाएंगे. यानी आतिशी रिक्त स्थान की पूर्ति भर हैं. वह एक डमी सीएम हैं. सवाल यह है कि केजरीवाल ने जेल से छूटने के बाद इस्तीफा क्यों दिया और जेल जाते समय इस्तीफा क्यों नहीं दिया ? वह तो जेल से ही सरकार चला रहे थे. वह भी इस ठस्से के साथ कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि कारागारगामी मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना ही पड़ेगा. इसका मतलब यह हुआ कि लालू प्रसाद, जयललिता, हेमंत सोरेन को संविधान की इस बारीकी का ज्ञान नहीं था या वे केजरीवाल सरीखी निर्लज्जता के बदले इस्तीफा देने के बाद जेल गये. हमारे संविधान निर्माताओं को यह भान ही नहीं था कि भविष्य में ऐसा भी मुख्यमंत्री हो सकता है जो जेल जाने पर भी इस्तीफा नहीं देगा. इसलिए उन्होंने संविधान में कोई प्रावधान मुनासिब नहीं समझा. वे तो यह मानते थे कि देश की भावी पीढ़ी लोकलाज से लोकराज चलाएगी. उन्हें क्या पता था कि लोकलाज धोकर पी जानेवाले भी मुख्यमंत्री बन जाएंगे और उनके विश्वास का कचराकूट कर देंगे.

खैर, यदि केजरीवाल जेल से सरकार चला सकते थे तो बेल मिलने के बाद सरकार चलाने में क्या दिक्कत थी ? यदि छह महीने तक बिना कैबिनेट की बैठक और किसी फाइल के मूवमेंट के बगैर सरकार चल रही थी तो उसी प्रकार कुछ महीने और निकल जाते. लेकिन केजरीवाल के सामने दिक्कत थी. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए उन पर इतनी पाबंदियां आयत कर दी थीं कि उनकी हैसियत एक विधायक से अधिक नहीं रह गयी थी. दूसरे शब्दों में कहें तो कोर्ट ने केजरीवाल नामक विधायक को जमानत दी थी, केजरीवाल नामक मुख्यमंत्री को नहीं. दूसरे शब्दों में कहें तो कोर्ट ने मुद्दई को जमानत दे दी, क्योंकि शराब घोटाले का केस लंबा चलेगा. लेकिन सीएम को कामकाज से डिबार कर दिया है. वह सचिवालय नहीं जा सकते थे, कोई महत्वपूर्ण फाइल नहीं देख सकते थे, उस पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते थे और कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकते थे आदि. यानी कोर्ट ने उनकी स्थिति पिया बिन सुहागिन की बना दी थी. फिर केजरीवाल विधानसभा चुनाव से पहले लोकलुभावन वायदे अपने हस्ताक्षर से कैसे कर सकते थे ? नई रेवड़ियां कैसे बांट सकते थे ? इसलिए उन्होंने नाखून कटाकर शहीद-ए-आजम भगत सिंह बनने की राह पकड़ ली और इस्तीफा दे दिया. भारतीय राजनीति में ऐसा त्यागी राजनेता कभी देखा है आपने ? इसीलिए वह अद्वितीय हैं, अनुपमेय हैं. एक फिल्म आई थी 1957 में तुमसा नहीं देखा. उसका एक गाना है यूं तो हमने लाख हसीं देखे हैं, तुमसा नहीं देखा.

अब आइए केजरीवाल की घनचक्करी चाल की दूसरी किस्त पर. वह जनता से कह रहे हैं कि विधानसभा चुनाव में बंपर सीटें दे दो तो हमारी पाकीजगी साबित हो जाएगी. -शेष पेज 07 पर

## राज्यपाल ने दी झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक को मंजूरी

संवाददाता । रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक-2024 को मंजूरी दे दी है. विधानसभा के मॉनसून सत्र में यह विधेयक पारित हुआ था. इस विधेयक के तहत कोयला धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, बॉक्साइट धारित भूमि पर 70 रुपए प्रति मीट्रिक टन, चूना पत्थर धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन, मैंगनीज अयस्क धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन और अन्य खनिज धारित भूमि पर प्रति टन खनिज के प्रेषण पर दी गयी रॉयल्टी का 50 प्रतिशत सेस लगेगा.



### सालाना 2000 करोड़ अतिरिक्त राजस्व की होगी प्राप्ति

खनिज भूमि पर सेस लगाने से राज्य सरकार को सालाना दो हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी. खनिज भूमि से मिली सेस की राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण आधारभूत संरचना, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य सेवाओं पर खर्च की जाएगी. सेस से मिलने वाली राशि की वसूली खान विभाग करेगा. वहीं सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल पर राज्य सरकार का विभिन्न मदों में एक लाख 36 हजार 42 करोड़ रुपए बकाया है. इस राशि की प्राप्ति के लिए माडा, भू-राजस्व व खान विभाग जल्द ही केंद्र सरकार को पत्र लिखेगा.

डालसा का कार्यक्रम : चयनित 155 पारा लीगल वॉलिंटियर्स का ओरिएंटेशन व ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

# हिरासत में आरोपी वकील से ले सकता है सलाह : अमिताभ सिंह

संवाददाता। मेदिनीनगर



गिरफ्तारी के बाद पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी अपने वकील से सलाह ले सकता है. कानूनी सहायता पाने का अधिकार आरोपी को है. उक्त बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह ने कहीं. वे गुरुवार को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में डालसा के नेतृत्व में नवचयनित 155 पारा लीगल वॉलिंटियर्स के ओरिएंटेशन व ट्रेनिंग कार्यक्रम में दूसरे दिन बतौर रिसोर्स पर्सन संबोधित कर रहे थे. उन्होंने पारा लीगल वॉलिंटियर्स के ओरिएंटेशन व कार्य- कर्तव्य के बारे में पूरी जानकारी दी. कहा कि जो व्यक्ति वकील रखने व कोर्ट फीस देने में सक्षम नहीं हैं, वैसे लोगों को डीएलएसए मदद करेगा. इस मौके पर मध्यस्थ शशि भूषण ने कहा कि डीएलएसए में किसी भी तरह का न्याय पाने में एक पैसे खर्च नहीं होते हैं. पीएलभी यह ध्यान रखेंगे कि जरूरतमंदों का एक पैसे खर्च नहीं हो. कहा कि पीड़िता को आर्थिक सहायता भी प्रदान किए जाते हैं. कहा कि सरकार की सारी लाभकारी योजनाओं को जरूरतमंदों को लाभ दिलाने में पीएलभी सक्रियता से काम करेंगे.उन्होंने कहा कि पी एल भी ख़ुद मध्यस्थ बनकर छोटे-छोटे झगड़े गांव पंचायत में निपटाने का कार्य करे. उन्होंने कहा कि पीएलभी मध्यस्थता के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मामले निस्तारण कराने के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे तो अदालत पर भी मुकदमे का बोझ कम होगा. साथ ही दोनों पक्ष में वैमनस्यता हमेशा के लिए मिट जाएगा.

इस मौके पर लीगल ए डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया जाता है. जिसमें सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामले निपटाए जाते हैं .उन्होंने विक्टिम कम्पनशेषन ,चलंत लोक अदालत व विधिक जागरूकता शिविर व एलएडीसी के कार्यप्रणाली पर बिस्तार से बताया. उन्होंने रेवेन्यू लॉ, सोशल वेलफेयर ,कंज्यूमर प्रोटक्शन लॉ के अलावे आरोपी व्यक्ति को क्या कानूनी अधिकार है के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कहा कि आरोपी व्यक्ति को सुनवाई में उपस्थित होने और उसे अदालत में अपनी बात रखने का अधिकार है. साथ ही स्वतंत्र निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार आर्टिकल 14 और 21 में प्रदान किया गया है .उन्होंने कहा कि आरोपी को जूम जानने का अधिकार है .अगर बगैर वारंट के पुलिस गिरफ्तार करती है तो गिरफ्तारी के वक्त आरोपी को यह जानने का अधिकार है कि उसे किस जुर्म में गिरफ्तार किया जा रहा है .साथ ही किसी भी महिला को महिला पुलिस के द्वारा ही गिरफ्तार किया जा सकता है . सूर्यास्त के बाद वे सूर्योदय के पूर्ब किसी महिला को बिना बिशेष परिस्थिति के गिरफ्तार नही किया जा सकता. उन्होंने कहा कि सात साल से कम सजा वाले केस में पुलिस को गिरफ्तारी के पूर्व 41 ए का नोटिस देना जरूरी है . मौके पर डालसा के कार्यालय प्रमुख संजीव कुमार सिंह नव चयनित पीएलभी में प्रमोद कुमार शुक्ला, महेन्द नाथ सिंह, उर्मिला मिश्रा व अन्य मौजूद रहे.

## न्यूज अपडेट

### कउवल विद्यालय में चोरी का आरोपी धराया



**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना पुलिस ने सम्पतिमूलक अपराध के अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिहार के जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र अंतर्गत काजी सराय निवासी अरविन्द वर्मा (38) पिता महेश्वरी वर्मा को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उसके पास से वायरिंग में उपयोग सामान, जेनरेटर के एल्टीनेटर का तांबा तार, गैस टंकी व चूल्हा, बर्तन, कूलर, बैटरी आदि बरामद किया है. इस संबंध में नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने नौडीहा बाजार में ताला तोडकर चोरी करने व एक माह पूर्व छतरपुर के कउवल स्थित मध्य विधालय से चोरी की बात स्वीकार की है. छापामारी दल में थाना प्रभारी के अलावा पुअनि आशीष कुमार व उदय प्रसाद यादव, एएसआई प्रमोद कु. राय समेत पुलिस जवान शामिल थे.

### पत्रकार ने रक्तदान कर महिला की जान बचाई



**लातेहार।** स्थानीय पत्रकार रुपेश अग्रवाल ने एक महिला के लिए रक्तदान कर उसकी जीवन रक्षा की. जानकारी के अनुसार शहर के बानपुर इलाके के वैद्यनाथ उपाध्याय की पत्नी माया देवी सदर अस्पताल में भर्ती है. चिकित्सकों ने इलाज के लिए ए निगेटिव की व्यवस्था करने की बात कही थी. लेकिन ब्लड बैंक में ए नेगेटिव रक्त नहीं था. सोशल मीडिया से इस बात की जानकारी रुपेश अग्रवाल को लगी तो वे रक्तदान करने के लिए एक सहर्ष तैयार हो गए और ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया. अग्रवाल ने कहा कि वह नियमित रक्तदान करते हैं. रक्तदान करना उन्हें अच्छा लगता है. एक स्वस्थ मनुष्य है हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है.

### स्वच्छता ही सेवा है... के तहत कार्यक्रमों का आयोजन



**लातेहार।** स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत डिग्री कॉलेज मनिका में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में भाषण, काव्य -पाठ, गीत, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम पदाधिकारी यूनिट 2 मनीष कुमार तिवारी ने किया. उन्होंने कहा कि एनएसएस से जुड़ना और इसके लिए कार्य करना हम सबके लिए सौभाग्य व गर्व की बात है. यह हमें राष्ट्रसेवा सिखाती है. मनोविज्ञान के प्रोफेसर उमेश रविदास ने कहा कि युवाओं में राष्ट्रीयता और समाज सेवा की भावना पैदा करने में एनएसएस का बहुत बड़ा योगदान है. देश सेवा सिर्फ हथियार लेकर और बॉर्डर पर तैनात होकर ही नहीं की जाती है, बल्कि आप एनएसएस से जुड़कर भी देश की सेवा कर सकते हैं.

### डीसी ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में डीएफओ,एसडीओ व अनुमंडल पदाधिकारी सभागार से जुड़े जबकि थाना प्रभारी व सीओ वर्चुअल मोड से जुड़े।बैठक में उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी थाना और अंचल में की गयी करवाई की समीक्षा की,जिन थाना क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े कोई करवाई नहीं की पा गयी उस थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी के विरूद्ध कारवाई करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया. उपायुक्त ने सभी पत्थर खदानों की नापी करने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया गया. जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि एक माह मे 119 वाहनों को जब्त कर लगभग 86 लाख का फाइन वसूली के साथ साथ 100 से अधिक लोगो पर मुक़दमा दर्ज किया गया है.

### आरसेटी ने स्वच्छता अभियान चलाया



**लातेहार।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के तत्ववाधान में पहाड़पुरी केंद्र एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अग्रणी बैंक प्रबंधक एम मंदिलवार ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में काफी अहम स्थान है. एक स्वस्थ्य शरीर में एक स्वस्थ्य मन का वास करता है. स्वच्छता से ही हम स्वस्थ्य रह सकते हैं. उन्होने कहा कि हमें अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रों को हमेशा साफ रखना चाहिए. कहा कि गंदगी वाले स्थानों से ही मच्छर व मिक्खयां पनपती है और यह हमारे भोजन के रास्ते पेट तक पहुंचती है, जिससे कई प्रकार की बीमारियां होती है. श्री मंदिलवार ने आगे कहा कि स्वच्छ रहना एक जीवन शैली है और इससे हमें अपने जीवन में शामिल करना चाहिए. मौके पर संस्थान के कई अधिकारी व प्रशिक्षु आदि मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### बालिका गृह की लड़की ने बच्चे को दिया जन्म

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर की एक लड़की ने गुरुवार को बच्चे को जन्म दिया. बच्चे के जन्म के बाद चिकित्सकों ने प्रसूता में रक्त की कमी बताई. इसे लेकर डीसीपीओ प्रकाश कुमार ने प्रसूता की मदद के लिए विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में संदेश भेजा. इस संबंध में कहीं से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने और ज़रूरत को देखते हुए खुद आगे बढ़कर रक्तदान किया. प्रकाश कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना हमारा फर्ज है. अगली बार हम एक निर्धारित समय सीमा के बाद ही रक्तदान कर सकते हैं.

### शिवराज सिंह कोटाम में करेंगे जनसभा

**गारू(लातेहार)।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 सितंबर को लातेहार जिले के गारू प्रखंड के कोटाम गांव में एक जनसभा को संबोधित करेगें. यह कार्यक्रम विकास भारती संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है. भाजपा नेता मंगल उरांव ने बताया कि जनसभा का मुख्य उद्देश्य किसानों को केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं पर संवाद करना है. कार्यक्रम में कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी. शिवराज सिंह चौहान के संबोधन से कृषि क्षेत्र में नए अवसरों व योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी.

### डीपीआरओ नीरज ने पदभार ग्रहण किया

**गढ़वा।** नीरज कुमार (झा.नि.से.) ने गुरुवार को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के पद पर पदभार ग्रहण किया. पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक पहुंचायी जायेगी, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओ का लाभ पहुंच सके, मौके पर जनसंपर्क विभाग के सभी कर्मी उपस्थित थे.

### पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक आज

**रमना।** आगामी दशहरा पर्व में शांति व्यवस्था, सौहार्दपूर्ण पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को की जाएगी. इसकी जानकारी रमना थाना प्रभारी अनिमेष क्रांतिकारी ने इस क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं गणमान्य ग्रामीणों को सोशल मीडिया के माध्यम से दी. साथ ही क्षेत्र के सभी अनुज्ञप्तिधारी और गैर अनुज्ञप्तिधारी पूजा समिति के आयोजनकर्ताओं को पूजा के लिए लिखित सूचना शांति समिति में शामिल होकर विवाद या घटना के बारे में जानकारी मांगी.

झामुमो का मिलन समारोह आयोजित, सैकड़ों लोगों ने थामा दामन

# झामुमो की बढ़ती ताकत से विपक्ष है परेशान : मंत्री

संवाददाता। गढ़वा



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर.

झामुमो जिला कमेटी गढ़वा के तत्वावधान में गढ़वा प्रखंड कार्यालय के समीप मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस मिलन समारोह में गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग एक हजार युवाओं ने झामुमो का दामन थामा. जबकि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आवास पर गढ़वा प्रखंड के पिपरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बाना एवं ईदगाह टोला के 200 से अधिक नवयुवकों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की.

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया. उपस्थित लोगों ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया. पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पार्टी में हर रोज काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं. जिससे झामुमो की ताकत लगातार और भी बढ़ती जा रही है. झामुमो की इस बढ़ती ताकत से विपक्ष पूरी तरह से परेशान है. उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता विकास विरोधियों को सबक सिखाने का मन बना चुकी है. आगामी विधानसभा चुनाव में समाज को तोड़ने, जाति, धर्म के नाम पर फूट डालने, गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों में बाधक बनने वाले लोगों को करारा जवाब देगी. उन्होंने कहा कि सभी लोग अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि कौन व्यक्ति जनता का भला चाहने वाला है. मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, परेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू आदि ने भी विचार व्यक्त किया. मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### 261 लोगों ने ली झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता



**चंदवा (लातेहार)।** युवा समाजसेवी संजय कुमार रवि के नेतृत्व में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से 261 लोंगो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की. सदस्यता सह मिलन समारोह में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सभी लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पट्टा पहनाया. उन्होंने पार्टी में शामिल होने वालों के प्रति आभार व शुभकामनाएं प्रकट कीं. पार्टी की सदस्यता लेने वालों में आजसू पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी जितेंद्र सिंह, सुरेश कुमार उरांव, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रभारी अनिल कुमार उरांव, बीएसपी के लातेहार जिला कोषाध्यक्ष रविशंकर यादव, राष्ट्रीय जनता दल के बाबूलाल राम, जेवीएम के पूर्व कार्यकर्ता लगन मनोहर खाखा, जेवीएम के पूर्व नेता बिजेंदर, महेश उरांव, सत्यनारायण भगत, मेजरस खाखा, अर्जुन राम, हरेंद्र कुमार, डॉ सतीश कुमार, राहुल यादव, राजेंद्र गन्झु, मो. इमरान, धनंजय गन्झु, मो. वारिस, डॉ राजेश कुमार रवि, दिनेश यादव, रंजन यादव, चंद्रदेव उरांव, महेश यादव, निरंजन उरांव, मनोज सिंह सहित अन्य के नाम शामिल हैं.

### भूतपूर्व विधायक को पितृ शोक, दी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के भूतपूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह के पिता स्वर्गीय राम सेवक सिंह सेवानिवृत्ति शिक्षक थे, जिनकी उम्र लगभग 105 वर्ष के करीब थी. उन्होंने जीवन कि आखरी सांस रांची अस्पताल में ली, जिसका अंतिम संस्कार पैतृक गांव बुलंद बीघा से देवरी स्थित सोन नदी के तट पर मुक्तिधाम में किया गया. वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे. निधन पर हुसैनाबाद के कई सामाजिक व प्रभुत्व लोगों का ताता लगा रहा. रामसेवक सिंह सामाजिक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे. उनके जाने के बाद क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है. शोक व्यक्त करने वालों में लवकुश सिंह, शिवपूजन सिंह, सुदर्शन सिंह रामप्रवेश सिंह, मुरारी सिंह, कृष्णा बैठा व कई लोग शामिल हुए.

### रौनियार वैश्य महासभा का पुर्नगठन 29 को



**लातेहार।** झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा के तत्वावधान में लातेहार जिला कमेटी का पुनर्गठन आगामी 29 सितंबर को होटल सेलिब्रेशन में किया जायेगा. इसकी जानकारी जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता ने दी. उन्होंने बताया कि झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा जिला लातेहार के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से किया जायेगा. अगर सर्वसम्मति नहीं बनती है तो वोटिंग से चयन किया जायेगा. इसी दिन युवा कमेटी का भी गठन किया जाएगा.

## उपायुक्त ने की अबुआ आवास की प्रगति की गहन समीक्षा



संवाददाता। लातेहार

उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक कर अबुआ आवास की प्रगति की गई. बैठक में उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के तहत प्रखंडवार रजिस्ट्रेशन, स्वीकृति तथा जियो टैगिंग की बिंदुवार समीक्षा की. उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत कर सभी सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने सबसे कम प्रगति वाले प्रखंड मनिका, बारियातू, लातेहार के प्रखंड विकास पदाधिकारियों पर रोष प्रकट करते हुए 24 घंटे के अंदर कार्य में सुधारात्मक प्रगति लाने और निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया. तय समयावधि तक कार्य में प्रगति नहीं होने पर सबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई. बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, गोपनीय शाखा के श्रेयांश व अन्य मौजूद थे.

पलामू प्रमंडल में मंईयां सम्मान यात्रा का हुआ समापन

## सूबे को तीर-धनुष की जरूरत : देव

संवाददाता। मेदिनीनगर



केंद्र में बैठी सरकार की पार्टी दहशत पैदा कर हर राज्य में अपनी सरकार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है. हर हथकंडे का इस्तेमाल कर राज्य सरकार को कैदखाने में डाल संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाते, लोकतांत्रिक मूल्यों का चरित्र हनन करते, लूट-झूठ, सूट-बूट व जूट-टूट की सरकार बनाने पर आमादा है. खानों से खनिज संपदा को लूटकर कॉरपोरेट यारों की झोली में देने की साजिश है, लेकिन इस साजिश को जनता समझ रही है और इसे बेनकाब करने के लिए हेमंत सोरेन की सरकार ने कमर कस ली है. उक्त बातें झामुमो युवा नेता अविनाश देव ने कहीं. आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार परिवर्तन यात्रा कर रही है. परिवर्तन तो होगा, किंतु तीर और कमान से और इसके लिए गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मंईयां के सम्मान में परचम बनता आंचल जंगे-मैदान में दिख रहा है. मंईयां सम्मान यात्रा का आगाज पलामू प्रमंडल से हुआ, जिनका दीपिका पांडेय सिंह व बेबी देवी ने नेतृत्व किया. वहीं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व बैद्यनाथ राम जनता का जनसैलाब जुटाकर जमीनी ताकत देने पर लगे हुए हैं. इसके अलावा, कल्पना जी का अकल्पनीय वक्तव्य का हर मां-बहनें मुरीद हैं. उमड़ता जनसैलाब इस बात की गवाही देता है कि इस बार एमपी व असम से उड़े गिद्ध झारखंड के जंगलों में आसमान में ही शिकार कर लिए जाएंगे, उन्हें जमीन नसीब नहीं होगा. दो दिनों के मंईयां सम्मान यात्रा में भीम बराज, मोहम्मदगंज से श्री देव ने भी शिरकत की और कल्पना सोरेन के काफिले का हिस्सा बने. वहीं पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं सामाजिक समन्वय का प्रतीक मिट्टी के बर्तन देकर नीलांबर पीतांबर की धरती पर सभी का भव्य स्वागत किया.

**पूजा-अर्चना** एक्स हैंडल पर जितिया पूजा की तस्वीर भी शेयर की गांडेय विधायक ने

# कल्पना सोरेन ने ग्रामीण के घर में की जिउतिया पूजा

संवाददाता। पांकी



जनसभा के बाद कल्पना, दीपिका और बेबी देवी ने ग्रामीण के घर में की जितिया पूजा

झारखंड सरकार की महिला मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, बेबी देवी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन राजनीति के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यकलापों को भी नहीं भूल रही हैं. बुधवार की शाम को पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई में मंईयां सम्मान सभा करने के बाद तीन महिला नेत्री ने ग्रामीण पप्पू सिंह के घर पर उनके परिजनों के साथ जिउतिया पूजा की. इस दौरान सभी नेत्री ने विधिवत पूजा-पाठ किया और पुत्रों की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की. कल्पना सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर जिउतिया पूजा की तस्वीर भी शेयर की है. फोटो के साथ कैप्शन में लिखा कि पांकी में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद निकट में ही एक दीदी के घर में आयोजित जिउतिया पूजा में शामिल हुई. जिउतिया मां मेरी सभी माताओं-बहनों की कामना पूरी करें.

### खराब मौसम के कारण नहीं आ सका हेलीकॉप्टर

बता दें कि मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में बुधवार को मंईयां सम्मान सभा का आयोजन किया गया था. इसके बाद मंईयां सम्मान यात्रा मेदिनीनगर से मनिका, लातेहार विधानसभा क्षेत्र होते हुए पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र में पहुंची. देर शाम पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई में मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान जनसभा हुई. जनसभा के समापन के बाद सभी को रांची लौटना था. लेकिन खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर नहीं आ सका.

# गोली मारकर हत्या, विरोध में जाम

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)



बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेमपुर गांव के समीप अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान रामकुमार ठाकुर के रूप में हुई है. बताया जाता है कि वह ओझा गुणी का भी काम करता था. ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की रात रामकुमार ठाकुर अपने घर में था. इसी बीच मोटरसाइकिल सवार कुछ लोग उसके घर के समीप आये और उसे बाहर बुलाया. घर से बाहर आने के बाद उसे थोड़ी दूर ले जाकर गोली मार दी. जब तक घरवाले कुछ समझ पाते अपराधी वहां से भाग चुके थे. गोली लगने से रामकुमार ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गयी. स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक रामकुमार ठाकुर ओझा गुणी का भी काम करता था.

हत्या के विरोध में ग्रामीणों व परिजनों ने बालूमाथ -रांची मुख्य पथ एनएच 22 को गुरुवार दोपहर सड़क जाम कर दिया. जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई. घटना से गुस्साए ग्रामीण एवं परिजन पुलिस से शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ने और परिजन को सरकारी नौकरी और 10 लाख मुआवजा देने की मांग कर रहे थे. जाम लगने की सूचना पाकर बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय जाम स्थल पहुंचे और परिजनों के साथ वार्ता कर समझाने बुझाने का प्रयास किया. जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी और पूर्व विधायक प्रकाश राम भी मौके पर पहुंचे.

तापमान
27.0⁰ अधिकतम | 22.0⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 27 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 169 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





कोल्हान में बहरागोड़ा के शाखा मैदान से मंईयां सम्मान यात्रा का आगाज, झारखंड में दोबारा महागठबंधन की सरकार बनाने की अपील

# विपक्ष को बर्दाश्त नहीं हो रही है महिलाओं की खुशी : कल्पना सोरेन

**संवाददाता। बहरागोड़ा/रांची**

मंईयां सम्मान योजना से झारखंड की माताएं और बहनें खुश हैं. विपक्ष के लोग महिलाओं की खुशी को सहन नहीं कर पा रहे हैं. से बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कही. वे गुरुवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के नेताजी शिशु उद्यान के समीप शाखा मैदान में आयोजित मंईयां सम्मान यात्रा सभा में मौजूद मौजूद महिलाओं को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित कर रही थीं.

कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक उम्र के महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रुपये और साल में 12 हजार रुपये मिल रहे हैं. यह झारखंड सरकार की एक कल्याणकारी योजना है. उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड में दोबारा महागठबंधन की सरकार को आने से कोई रोक नहीं सकता है. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मंत्री बेबी देवी एवं बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी प्रमुख रूप से मौजूद थे.

**कालियाडिंगा चौक से रोड शो कर पहुंची सभा स्थल :** जनसभा से पहले बहरागोड़ा विधायक ने मंत्री बेबी देवी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया. इसके बाद कल्पना सोरेन रोड शो में शामिल हुईं. कालियाडिंगा चौक से दर्जनों वाहनों के काफिला के साथ पूरे बाजार क्षेत्र का परिभ्रमण करते हुए सभा स्थल तक पहुंचीं. सभा स्थल पर भारी बारिश में भी हजारों की संख्या में महिलाएं छतरी लेकर कल्पना सोरेन को सुनने के लिए पहले से ही खड़ी रहीं.

**मंईयां सम्मान योजना से खुश हैं झारखंड की माताएं-बहनें**


शाखा मैदान में संबोधित करतीं कल्पना सोरेन.

## मंईयां सम्मान योजना पर आधी आबादी का हक है

**बालूमाथ (लातेहार)।** मंईयां सम्मान यात्रा के तहत बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार की देर शाम झामुमो विधायक कल्पना सोरेन पहुंची. शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह भी साथ में थे. इस अवसर पर कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना आधी आबादी का हक है. हेमंत सरकार ने महिलाओं को एक हजार रुपये हर महीने देकर उन्हें सम्मान देने का कार्य किया है. भाजपा ने सीएम हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया. जनता सब देख रही है. वहीं, मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि आप लोग अभी से ही सतर्क हो जाएं और आगामी विधानसभा चुनाव में माटी की पार्टी को वोट करें. मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला संयुक्त सचिव मो इमरान, झामुमो नेता प्रदीप गंझू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, राजेश यादव, नौशाद आलम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

## हेमंत सरकार ने महिलाओं और बुजुर्गों को सम्मान दिया : जोबा

**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बंदगांव प्रखंड की सिंदूरीबेड़ा पंचायत के लेयांगी गांव में गुरुवार को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी का अभिनंदन किया गया. इस दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य और गीत के साथ सांसद का जोरदार स्वागत किया. अभिनंदन समारोह में ग्रामीणों ने सांसद को गांव और आसपास के इलाके की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और समाधान की मांग की. जोबा माझी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के विकास से ही सूबे की सूरत बदलती है. उनकी प्राथमिकता गांवों तक विकास पहुंचाने की रही है. सांसद ने युवा पीढ़ी से गांवों की अपनी संस्कृति-सभ्यता के प्रति जागरूक होने की अपील की. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने मंईयां सम्मान योजना और सर्वजन पेंशन योजना ने महिलाओं और बुजुर्गों को एक ताकत दी है. जोबा माझी ने आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए समर्थन देने की अपील की.


लेयांगी में संबोधित करतीं जोबा माझी.

---

**ब्रीफ खबरें**

### अनुकंपा पर 19 लोगों की नियुक्ति स्वीकृत

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय में अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्ति संबंधित बैठक हुई. इस बैठक में सामान्य व चौकीदार के आश्रितों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी. वहीं अमीन संवर्ग को प्रोन्नति की सहमति प्रदान की गयी. जिला अनुकंपा समिति ने 19 प्रस्तावों में नियुक्ति की स्वीकृति दी. इसमें उग्रवादी घटना में मृत आश्रितों में कुल पांच और जिला अनुकंपा समिति सामान्य में कुल 14 लोगों की नियुक्ति की स्वीकृति शामिल है. बैठक में जिला स्थापना उप-समाहर्ता रजनी रेजिना इंदवार और सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

### नवप्रोन्नत 140 हवलदार को सम्मानित किया गया

**रांची।** नवप्रोन्नत 140 हवलदार को एसएसपी और सिटी एसपी ने बिल्ला लगाकर गुरुवार को सम्मानित किया. रांची जिला में पदस्थापित 140 एसएलसी उत्तीर्ण आरक्षियों का डीजीपी अनूप बिरथरे के आदेश पर आरक्षी से हवलदार की कोटी में प्रोन्नति दी गई. जिसे लेकर एसएसपी और सिटी एसपी ने रांची पुलिस लाइन में हवलदार को बिल्ला लगाकर सम्मानित किया. इस मौके पर मेजर, सार्जेंट मेजर, झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन शाखा रांची के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### अमझर नदी में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करमा पंचायत के गोबरडीह गांव में गुरुवार की शाम अधेड़ महिला की अमझर नदी में डूबने से मौत हो गई है. मृतका की पहचान शिबू दास की पत्नी तेतरी देवी (55) के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, महिला बकरी चराने के लिए घर से निकली थी. इस दौरान कुछ बकरियां अमझर नदी के किनारे जा पहुंची. महिला बकरियों को लाने नदी के पास गई, तो उसका पैर फिसल गया और वह नदी में डूब गई. ग्रामीणों ने शव को नदी से बाहर निकाला.

---

72 प्रश्नों के तथ्य लेकर जेएसएससी कार्यालय पहुंचे कई अभ्यर्थी, कहा

# विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं से हू-ब-हू मिल रहे हैं सवाल

**आरोप लगाया**
- लैंग्वेज पेपर में पूछे गये सवाल यूपीएससी सी-सेट से लिये गये थे
- जेएसएससी ने छात्रों की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया

**संवाददाता। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएसएसी) द्वारा 21- 22 सितंबर को आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा एक बार फिर विवादों में आ गई है. इस परीक्षा में पूछे गये 72 से अधिक सवाल पिछली प्रतियोगिता परीक्षाओं से हू-ब-हू मिलने पर तथ्य लेकर कई अभ्यर्थी रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय पहुंचे. अभ्यर्थियों ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया है.

उनका कहना है कि गणित में पूछे गये 16 सवाल 2022 में जेएसएससी सीजीएल मेंस, रिजनिंग में पूछे गये 16 सवाल 2019 में जेएसएससी पीटी, कंप्यूटर के 20 प्रश्न 2023 में आईबीपीएस आरआरबी और जनरल नॉलेज के 20-22 प्रश्न उतर प्रदेश पीसीएस की परीक्षा में आये सवाल से हू-बहू पूछे गये हैं. अभ्यर्थियों का यह भी आरोप है कि लैंग्वेज पेपर में पूछे गये सवाल यूपीएससी सी-सेट से लिये गये थे, जो सिलेबस में नहीं था. अभ्यर्थियों का कहना है कि पेपर लीक के सारे सबूत जुटा कर यहां पहुंचे हैं. अभ्यर्थियों ने जेएसएससी पर छात्रों का भविष्य खराब करने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि कई सालों से छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे थे. लेकिन, इस तरह का काम करके जेएसएससी ने छात्रों की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है.

**जेएसएससी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में धारा 163 लागू :** बता दें कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में सदर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लगा दी है. सदर एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दो अक्टूबर की रात 10 बजे तक के लिए निषेधाज्ञा लागू की है. इस दौरान सक्षम प्राधिकार से बिना पूर्वानुमति के किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने पर रोक रहेगी. यह आदेश जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त किसी भी पदाधिकारी अथवा बल पर लागू नहीं होगा.


रांची के नामकुम स्थित जेएससससी कार्यालय के पास पहुंचे जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थी.

28 जनवरी 2024 को हुई थी जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा

## आठ महीने बाद भी पेपर लीक कहां से हुआ, पता नहीं लगा पाई एसआईटी

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 28 जनवरी 2024 को आयोजित जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक हो गया था. इसके बाद आयोग ने पहले थर्ड पेपर यानी सामान्य परीक्षा रद्द कर दी थी. अभ्यर्थियों के हंगामे के बाद आयोग को तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी. इस मामले की जांच के लिए रांची पुलिस ने एसआईटी का गठन किया था.

आठ महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन एसआईटी यह पता नहीं कर पाई है कि एजेंसी, जेएसएससी, ट्रेजरी, सेंटर या फिर प्रिंटिंग प्रेस, कहां से पेपर लीक से हुआ है? इसके अलावा एसआईटी की चार्जशीट में परीक्षा लेनेवाली एजेंसी 'सेटवेट' का कोई जिक्र नहीं है. एक तरह से एसआईटी की जांच में 'सेटवेट' को क्लीनचिट दे दिया गया है. जबकि, जेएसएससी ने इस एजेंसी को पेपर लीक मामले में प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए ब्लैकलिस्ट कर दिया था.

**अब तक 10 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी**

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इनमें शहनवाज इमाम, शहजादा इमाम, मो शमीम, अभिषेक कुमार, राहुल पीयूष, सत्येंद्र कुमार, दीनानाथ कुमार, अमन सिंह, वीरेंद्र कुमार शर्मा और शंकेश का नाम शामिल है. जेएसएसी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी 2024 को परीक्षा हुई थी और पेपर लीक की प्राथमिकी 29 जनवरी 2024 को दर्ज की गयी थी. उसके बाद एसआइटी का गठन किया गया था, जिसमें तीन डीएसपी तथा सात पुलिस पदाधिकारियों को शामिल किया गया था.

**विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर होनी थी नियुक्ति**

एसएससी-सीजीएल की परीक्षा के जरिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति की जानी थी. इसके लिए साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था. रांची पुलिस की एसआईटी ने पेपर लीक के इस मामले में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम और उनके दो बेटों को फरवरी महीने में ही गिरफ्तार किया था. इनके पास से कई अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, कई नामों वाले ब्लैंक चेक और कुछ मोबाइल फोन बरामद किए गए थे. परंतु चार्जशीट में किसी भी ऐसे छात्र का जिक्र नहीं है. बाद में इस मामले में मुख्यालय डीएसपी वन ने चार्जशीट दाखिल की थी. इस मामले में मो शमीम के दामाद मो रिजवान की भी संलिप्तता सामने आई थी. लेकिन आठ महीने के बाद भी पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी है.

### छतरपुर में आभूषण दुकान से पांच लाख के गहने लूटे

**पलामू।** छतरपुर थाना से करीब 100 मीटर की दूरी पर चेकनाका स्थित आरती ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान से अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया. घटना गुरुवार की शाम करीब साढ़े चार बजे की है. जानकारी के मुताबिक, आरती ज्वेलर्स के मालिक महेश सोनी दुकान पर ही बैठे थे. शाम में दो व्यक्ति ग्राहक बन कर आये. इनमें से एक अपराधी हेलमेट पहना था, जबकि दूसरे ने टोपी पहनी थी. अपराधियों ने नकदी समेत पांच लाख के सोने के गहने लूट लिया और मौके से फरार हो गये. पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है.

### चार मवेशियों के साथ पशु तस्कर पकड़ाया

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड क्षेत्र के अमनारी में ग्रामीणों ने चार मवेशियों के साथ एक तस्कर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा है. ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति रात के समय वाहन के पशुओं को ले जाने वाला था. थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने बताया है कि जब्त मवेशियों को गोशाला भेज दिया है. इस बाबत देर रात थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी.

## तुपकाडीह में मालगाड़ी की दो वैगन पटरी से उतरी


तुपकाडीह रेलेवे स्टेशन के यार्ड में बेपटरी हुई मालगाड़ी.

- डाउन लाइन पर रात में ही शुरू हो गया था परिचालन
- अप लाइन पर गुरुवार की दोपहर से परिचालन शुरू

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो स्टील प्लांट से बल्लभगढ़ जा रही मालगाड़ी के दो वैगन पटरी से उतर गयी. यह हादसा बुधवार की रात पौने नौ तुपकाडीह-चंद्रपुरा मेन लाइन पर तुपकडीह रेलवे स्टेशन के यार्ड में हुआ. मालगाड़ी के पिछले हिस्से की आठवीं और नौवीं वैगन बेपटरी हो गई थी. इस कारण अप-डाउन दोनों लाइन पर कुल 22 ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ. इसके बाद कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया.

हादसे की सूचना पर आद्रा डिवीजन के रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और देर रात ही लाइन को खाली करने का कार्य शुरू कर दिया. रेलवे लाइन पर मालगाड़ी पर लदा स्टील क्वायल चारों तरफ फैला हुआ था, जिसे हटाया गया. इसके बाद डाउन लाइन पर बुधवार की देर रात 12:55 बजे से ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया गया था. वहीं, गुरुवार की दोपहर 1:12 बजे तक दोनों लाइनों पर ट्रेनों का परिचालन पूर्ण रूप से शुरू कर दिया गया. रेलवे की टीम हादसे के कारणों की जांच कर रही है.


## शाबाश आस्था! 14 साल में हो रही थी शादी, बाल कटवाए और ऐसे रोकी शादी

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

अपनी शादी को टालने का साहस दिखाते हुए खूंटी की 14 वर्षीय लड़की ने पहले अपने बाल कटवा लिए, फिर अपना रूप-रंग काला कर लिया. इतना ही नहीं बदसूरत दिखने का उसने हर संभव प्रयास किया. क्योंकि, उसे पता चला कि उसके भाई और भाभी, उसकी किसी से शादी कराने की योजना बना रहे हैं. लड़की के मुताबिक, बाल विवाह को रोकने के लिए जितना संभव हो सके, उतना बदसूरत दिखने का फैसला किया.

माता-पिता की मृत्यु के बाद आस्था (बदला हुआ नाम) अपने भाई और भाभी के साथ रहती है. आस्था की दो बड़ी बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है. अपनी भाभी के कड़े विरोध के बावजूद आस्था ने अपने भाई को मना लिया और गांव के ही एक स्कूल में अपना दाखिला करवा लिया. लेकिन उसकी खुशी बहुत कम समय तक ही टिक पाई, क्योंकि दो दिन बाद ही उसकी भाभी ने उसका नाम स्कूल से कटवा दिया और फिर उसकी शादी की तैयारी शुरू कर दी. आस्था ने कहा, मैंने अपने दोस्तों से 200 रुपये उधार लिए और सीधे सैलून जाकर नया लुक अपनाया, फिर शादी टालने के लिए अपने बाल कटवा लिए.

**फुटबॉलर बनने का है सपना, ले रही हैं प्रशिक्षण**



- भाई-भाभी मिलकर जबरन शादी कराने का कर रहे थे प्रयास
- बाल विवाह रोकने के लिए बदसूरत दिखने का फैसला किया

बाल कटवाने के बाद वह सीधे एसोसिएशन फॉर सोशल एंड ह्यूमन अवेयरनेस संस्था (आशा) गई और मदद मांगी, जहां उसे तुरंत शरण और सुरक्षा दी गई. संस्था के लोग आस्था के साथ उसके भाई और भाभी के पास पहुंचे और उन्हें बाल विवाह अपराध के कानूनी परिणामों के बारे में बताया. जिसके बाद उन्होंने उसे शादी के लिए मजबूर न करने का वचन दिया. आस्था वर्तमान में कक्षा सात में पढ़ रही है और झारखंड अंडर-17 फुटबॉल टीम का हिस्सा बनने के लिए प्रशिक्षण ले रही है.

---

प्रति केंद्र शौचालय के लिए 35,409 रुपये और पेयजल के लिए 20.741 रुपये मिलेंगे

# सुधरेगी आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा और दिशा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने सभी आंगबाड़ी केंद्रों को दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी है. इस कड़ी में केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत इन केंद्रों के भवन निर्माण, रख-रखाव के साथ अपग्रेडेशन का काम भी किया जा रहा है. इस योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण और पेयजल व्यवस्था के लिए राशि बढ़ा दी गई है. अब हर आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय निर्माण के लिए 35,409 रुपये दिये जाएंगे. साथ ही हर आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल व्यवस्था के लिए 20,741 रुपये दिए जाएंगे. झारखंड में कार्यशील आंगनबाड़ियों की संख्या 38,432 है.




**राज्य के 13,731 आंगनबाड़ी में शौचालय नहीं**

राज्य के कार्यशील 13,731 आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय नहीं है. वहीं 14,129 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था नहीं है. शौचालय निर्माण के लिए केंद्रांश के रूप में 14.01 करोड़ रुपये राज्य सरकार के पास उपलब्ध है, जबकि राज्यांश के रूप में 10 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं. इस हिसाब से 13,731 आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे.

### 14,129 आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल पर खर्च किये जाएंगे 24 करोड़

राज्य के 14,129 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल के लिए 24 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे. इसके लिए राज्य सरकार के पास केंद्रांश के रूप में 14.41 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं, जबकि राज्यांश के रूप में नौ करोड़ रुपये हैं. बता दें कि केंद्रांश और राज्यांश की राशि का अनुपात 60:40 का है. आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था का काम राज्य का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग, जिला स्तर के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाएगा.

झारखंड में कुल 17,386 लोगों ने डीलर के लिए दिया था आवेदन, 282 रिजेक्ट

# खनिज ढुलाई के लिए 14,978 नए डीलर

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

खान विभाग ने राज्यभर के खदानों से खनिज की ढुलाई के लिए 14,978 नए डीलरों के आवेदन को स्वीकृति दी है. नए डीलर के लिए खान विभाग के पास कुल 17,386 आवेदन आए थे, जिसमें 186 की जांच चल रही है. 1847 आवेदनों पर खान विभाग ने आपत्ति जताई है. 113 आवेदन को स्वीकृत करने की प्रक्रिया चल रही है और 282 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया है.

**1,01,085 वाहनों के पिन जेनरेट :** खनिज ढुलाई में लगे एक लाख एक हजार 85 वाहनों का खान विभाग ने पिन जेनरेट कर दिया है. 11,857 वाहनों का अब तक पिन जेनरेट नहीं हो पाया है. वहीं 952 वाहनों को काली सूची में डाला गया है. खनिजों की ढुलाई में कुल एक लाख 12 हजार 942 वाहन लगे हैं.



**हजारीबाग सर्किल में सबसे अधिक डीलर**

हजारीबाग सर्किल में खनिज ढुलाई के सबसे अधिक डीलर हैं. इस सर्किल में 6133 डीलर हैं. वहीं धनबाद सर्किल में डीलरों की संख्या 3030 है. दुमका में 2379, पलामू में 1869, कोल्हान में 896 और रांची में 1092 डीलर हैं.

**राज्य में सबसे अधिक कोयला के डीलर**

राज्य में सबसे अधिक कोयला के डीलर हैं. धनबाद सर्किल में कोयला डीलरों की संख्या 2328 है. वहीं, दुमका में 536 डीलर, हजारीबाग में 5063, कोल्हान में 114, पलामू में 1322 और रांची सर्किल में कोयला के 652 डीलर हैं.

**झारखंड में 4519 लीजधारक**

झारखंड में छोटे-बड़े खदानों के लीज धारकों की संख्या 4519 है. इनमें से 3446 लीजधारकों की लीज लैप्स हो गया है. फिलहाल 800 लीजधारक ही कार्यरत हैं. वहीं अस्थायी रूप से एक लीजधारक कार्यरत है.

## ब्रीफ खबरें

### 28 सितंबर से बंद रहेगी पेयजलापूर्ति

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के हमीदगंज एरिया में 28 सितंबर से अगले दो-तीन दिनों के लिए पेयजलापूर्ति ठप रहेगी. बता दें कि बीते तीन दिनों से भी इन क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति नहीं की जा रही है. इस संबंध में पाइपलाइन इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने बताया कि साहित्य समाज चौक के समीप पाइपलाइन में चाबी बैठ गयी है, जिस कारण वह काम नहीं कर रहा है. पाइपलाइन में वैकल्पिक व्यवस्था करने के बाद गुरुवार को बीएन कॉलेज टंकी में पानी चढ़ाया गया है और शुक्रवार को उक्त क्षेत्र के लोगों को पेयजलापूर्ति की जाएगी. चाबी की मरम्मत में दो-तीन दिन का समय लग सकता है.

### विधायक ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

**मझिआंव।** स्थानीय विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने गुरुवार को 4 करोड़ 78 लाख रुपये से की लागत से 4.80 किमी तक बनने वाले दो सड़कों का शिलान्यास किया. इनमें मुखदेव प्लस2 उच्च विद्यालय से तलसबरिया तक 02 करोड़ 40 लाख 74 हजार रुपये की लागत से 2.70 किमी पथ सुधिकरण एवं तलसबरिया मोड़ से बूढ़ीखांड़ तक 02 करोड़ 37 लाख 52 हजार रुपये की लागत से 3.10 किमी तक बनने वाले सड़क का शिलान्यास किया गया. मौके पर संजय कमलापुरी, शिव कुमार सिंह, शवेंद्र पांडेय आदि मौजूद थे.

### फ्रॉड फोन पे चलाने वाले युवक को भेजा थाना

**धुरकी।** डिजिटल युग में फोन पे बहुत ही आसान व सरल भुगतान करने का सॉफ्टवेयर ऐप है, जिसके जरिए व्यक्ति सेकंड में पैसों का लेनदेन बहुत ही आसानी से कर लेते हैं. लेकिन यहां एक मामला अजीबोगरीब है धुरकी प्रखंड के गोइंथा फुलमैना के युवक ने अपने फोन पे के जरिए किसी व्यक्ति को पेमेंट कर देता है पेमेंट सक्सेसफुल भी रहता है लेकिन खाते में पैसा क्रेडिट नहीं होता है. सभी भुक्तभोगी मिलकर युवक को थाने के हवाले कर दिया. थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की सूचना मिली है लेकिन अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है.

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच होगा सम्मानित

**लोहरदगा।** आगामी 1 अक्टूबर को झारखंड के लिए गौरवपूर्ण दिन होने वाला है जब केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर जयपुर, राजस्थान में आयोजित होने वाले गैर-सरकारी संस्थानों का कान्क्लैव में झारखंड से प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच को सम्मानित किया जाएगा. इसकी जानकारी समाज सेवा में अग्रणी संस्था मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने दी. प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के सफल नेतृत्व में इस वर्ष 128 से ज्यादा जगहों पर रक्तदान शिविर लगा कर 7500 यूनिट से ज्यादा खून एकत्रित किया गया.

### डीईओ ने किया कई विद्यालय का निरीक्षक

**धुरकी।** गढ़वा जिला शिक्षा अधिकारी कैसर राजा ने गुरुवार को धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरबल तथा खुटिया के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया. सूचना मिली थी कि बीरबल मध्य विद्यालय में कई ऐसे शिक्षक थे, जो अटेंडेंस बनाकर गायब हो जाते हैं. निरीक्षण करने पर उन्होंने पाया कि सेवानिवृत प्रधानाध्यापक अभी तक किसी भी शिक्षक को प्रभार नहीं दिए हैं. वहीं विद्यालय में कुछ कमियां भी पाई गई. जिस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने कड़ी हिदायत दी. साथ ही उन्होंने प्रधानाध्यापक के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही.

# आपकी मेहनत ही आपको ऊंचाइयों तक पहुंचाता है : अनिल कुमार भगत

## चैम्पियन बनी कुड़ू प्रखंड अंतर्गत उड़ूमुड़ू के अलावा आठवें स्थान तक जगह बनाने वाली टीमों को किया पुरस्कृत

**संवाददाता । किस्को/लोहरदगा**

जिले में इन दिनों फुटबॉल प्रतियोगिता की खुमार हर किसी के सिर चढ़कर बोल रहा है. लोग सारे काम-धंधा छोड़कर फुटबॉल मैच का आनंद उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं. इधर, जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह गांव में स्थित स्टेडियम मैदान पर तीन दिवसीय एसआरके मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य तरीके से फाइनल सह समापन किया गया. उक्त प्रतियोगिता के समापन समारोह में झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत, खरकी पंचायत की मुखिया सह टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक चांदमनी उरांव, विशिष्ट अतिथि आदिवासी सेल कांग्रेस कमेटी के किस्को प्रखंड अध्यक्ष दयानंद लकड़ा, युवा कांग्रेस के कार्यकारी गुलाम जिलानी, विपिन सिंह, मनोज उरांव, अनीस अली, सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज सी थ्री के किस्को प्रखंड समन्वयक रंजन कुमार सिंह, पवन कुमार गुप्ता, वसीम अकरम, नवाज खान का आयोजन समिति की ओर से आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार स्वागत करते हुए मंच पर ले जाया गया, जहां पर आयोजन समिति की ओर से उन्हें मोमेंट और बैच भेंट कर सम्मानित किया गया. तत्पश्चात अनिल कुमार भगत के सौजन्य से



खरकी पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामों के पाहन और पुजारी को धोती देकर सम्मानित किया गया. इस बीच कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए फाइनल में जगह बनाने वाली कुड़ू प्रखंड क्षेत्र के उड़ूमूड़ू और जसीम सू नवाडीह टीम के खिलाड़ियों से अनिल कुमार भगत व अन्य अतिथियों के द्वारा परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया. इधर, चैंपियन बनी उड़ूमूड़ू और उप विजेता रही जसीम सू नवाडीह व तीसरे स्थान पर रहा आया तुफान गितिलगढ़ एवं चौथे नंबर पर जगह बनाने वाली फ्रेंडशिप क्लब किस्को पांचवें और छठे स्थान पर रही क्रमशः फ्रीडम फाइटर सेमरडीह व बरा बाबा टीम को नकद, जर्सी सेट और फुटबॉल देकर अनिल कुमार भगत व अन्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया. इस दौरान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए अनिल कुमार भगत ने कहा कि आपका मेहनत ही आपको ऊंचाईयों तक पहुंचाता है, बस आप अनुशासन बनाकर प्रदर्शन करें कामयाबी अवश्य मिलेगी. उन्होंने कहा कि खेल में किसी एक को पराजय होना पड़ता है, इसे आत्मचिंतन करने की जरूरत है ताकि भविष्य में आपकी कमियों को दूर करने का अवसर मिल सके.

### प्रतियोगिता को सफल बनाने में इन्होंने निभाई अहम भूमिका :

किस्को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय एसआरके मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता को सफल बनाने में गुलाम मुस्तफा, कोषाध्यक्ष नसीम अंसारी, सचिव मुन्ना माइकल, तबारक हुसैन अंसारी, शमशेर आलम, मोहम्मद असलम अंसारी, गोवर्धन प्रजापति, रैयान अंसारी, पाहन बालगोविंद भगत, पूर्व पाहन एतवा भगत, पुजार विनोद उरांव, रोजामत अंसारी, मुन्ना टाना भगत, ब्रजेश उरांव, छोटू वसीम, सीताराम उरांव, मुस्ताक अंसारी, गुलाम हसनैन, अब्दुल रब अंसारी, अशोक कुजूर, जीतेंद्र साहू, शर्मा प्रताप उरांव, संजीत भगत, अमित टोप्पो, एजाज अंसारी, दानिश अली, शैफ अंसारी, टुनू, मोबारक अंसारी, अजमेर अंसारी, जसीम अंसारी, अफ्फाक अंसारी, संजय भगत, चंदेश्वर भगत, मोती भगत, वकार हसनैन, हासिम अंसारी समेत अन्य लोगों का अहम योगदान रहा.

## चिनिया के कई गांव में मंत्री ने किया जनसंवाद, बोले

# वोट लूटने वालों के चक्कर में नहीं पड़ें, बंद कर देगा सब योजना

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि वोट लूटने वालों के चक्कर में नहीं पड़ें, अन्यथा वे लोग वोट लूट कर जनहित की चलाई जा रही सारी योजनाओं को बंद कर देंगे. राज्य की गरीब बेटी बहनों के लिए चलाई जा रही मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, 50 साल के लोगों को पेंशन, छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए दी जा रही सहायता राशि सहित सभी योजनाओं को विकास विरोधियों की पार्टी जीतने के बाद बंद कर देगी. मंत्री श्री ठाकुर चिनियां प्रखंड के विभिन्न गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे झारखंड में चौतरफा विकास हो रहा है. सरकार राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखकर सारी योजनाएं चला रही है. इसका सीधा लाभ प्रत्येक जनता को मिल रहा है. राज्य में और बेहतर विकास करने के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्र से अपना बकाया राशि मांगा तो साजिश रच कर उन्हें जेल भेज दिया गया. केंद्र सरकार चाहती है कि झारखंड एवं झारखंड के गरीबों का विकास नहीं हो. वे लोगों को बेवकूफ बनाकर, जाति, धर्म, संप्रदाय में बांट कर, आपस में फूट डालकर झारखंड के सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं. वर्ष 2019 से पूर्व तक झारखंड में जितनी भी सरकारें बनी सबने झारखंड को लूटने का काम किया. आज झारखंडी जनमानस की सरकार राज्य वासियों के हित में बेहतर काम कर रही है तो भाजपा को तकलीफ हो रही है.

गुरुवार को मंत्री ने चिनिया प्रखंड के डोल पंचायत में चपकली स्कूल के समीप, चपकली के नावानगर टोला में स्कूल के समीप, चपकली के खड़ा पत्थर टोला में, ग्राम डोल में रामबली सिंह के घर के समीप, डोल बस्ती में, विलैती खैर पंचायत के राजबांस गांव में दुर्गा मंडप के समीप तथा ग्राम छतैलिया में चबूतरा के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्या सुनी. इस दौरान के समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया गया. साथ ही शेष समस्याओ के लिए मंत्री ने मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया. मौके पर रंका एसडीओ रूद्र प्रताप, बीडीओ शिवपूजन तिवारी, सीओ सुनेश्वर, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, बनारसी सिंह, मंगरू सिंह, उमाशंकर गुप्ता, फरीद खां, देवीशरण सिंह, कुंभकरण कोरवा, कमलेश यादव, अंगद सिंह, रामसागर, शंकर, राहुल राम, नौसाद मंसूरी, सोनामती कुंअर सहित लोग उपस्थित थे.



### मंत्री मिथिलेश परिजनों को दिया चार-चार लाख रुपए का चेक

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चिनियां प्रखंड के डोल पंचायत अंतर्गत चपकली गांव के नावानगर टोला में सर्प दंश से मृत तीन बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया. गुरूवार को मंत्री श्री ठाकुर चिनियां प्रखंड के अति दुर्गम सुदूरवर्ती नावानगर में पैदल चलकर मृतक बच्चों के परिजनों के घर पहुंचे. वहां मंत्री ने परिजनों का हाल-चाल लेते हुए उन्हें सांत्वना दी. ज्ञात हो कि गत छह सितंबर को नावानगर निवासी बंधु कोरवा के पुत्र पन्ना लाल कोरवा, सूर्यदेव कोरवा की पुत्री बेबी कुमारी एवं श्रवण कोरवा का पुत्र रामलाल कोरवा की सर्पदंश से मौत हो गई थी. घटना की जानकारी मिलने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने डीसी शेखर जमुआर को यथाशीघ्र परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान करने का निर्देश दिया था. डीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 दिनों के अंदर पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि प्रदान कर दिया.

## परिवर्तन संकल्प महासभा

# भाजपा के कई नेता आज आएंगे लोहरदगा

**संवाददाता । लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लोहरदगा समाहरणालय मैदान पर आज आयोजित होने वाली परिवर्तन संकल्प महासभा में देश के कई हिस्सों से भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं का महा जुटान होने वाला है. इसे लेकर लोहरदगा जिला भाजपा के हर एक कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु जोर-शोर से जुटे हुए हैं.

इधर, शुभम संदेश टीम को जानकारी देते हुए भाजपा लोहरदगा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव और



जिला महामंत्री पशुपतिनाथ पारस ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के व्यस्त कार्यक्रम को लेकर उनका आने की संभावना में संशय है. जबकि कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधायक सह मंत्री सधनू भगत समेत कई अन्य बड़े लीडरों का जमावड़ा लगने वाला है. उक्त जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव और जिला महामंत्री पशुपतिनाथ पारस ने संयुक्त रूप से बताया कि यह कार्यक्रम आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं में जोश और नयी उर्जा का संचार विकसित करने का कार्य करेगा. द्वेय नेताओं ने शुभम संदेश टीम को बताया कि इस बार लोहरदगा विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन पूरे दम-खम के साथ चुनाव लड़ेंगी और ऐतिहासिक जीत दर्ज भी करेगी.

### अभिनव सिद्धार्थ ने किया दो सौ केवीए नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लरंगों में 200 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह उड़ीसा प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ के द्वारा किया गया. इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्देश्य गांव में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और ग्रामीणों को निर्बाध विद्युत सेवा प्रदान करना है. इस अवसर पर सिद्धार्थ ने कहा कि यह ट्रांसफार्मर लरंगों गांव के निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है. इससे गांव के विकास को गति मिलेगी और लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान होगा. उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी. मौके पर मोजम्मिल अंसारी, गुलाम जिलानी, तारीख अनवर, सेराज अंसारी, लच्छु उरांव, गौतम कुमार, अनवर अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.

## प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य बोले

# दुर्गा पूजा के दौरान सभी पंडालों में सीसीटीवी लगाएं

**संवाददाता । कैरो/लोहरदगा**

जिले के कैरो थाना परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. इस बीच बैठक में दुर्गा पूजा समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया. यहां पर आगामी दुर्गा पूजा त्योहार को आपसी भाईचारा कायम कर मनाए जाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य एवं प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव के संयुक्त अध्यक्षता में किया गया. बैठक में छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी से जबर्दस्ती चंदा नहीं लेंगे. उन्होंने कहा कि सभी पूजा समिति के सदस्य आधार कार्ड अवश्य जमा करें.

इस बीच कैरो थाना के सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार गुप्ता ने कहा



कि दुर्गा पूजा में डीजे पर धार्मिक गाना बजाएं, साथ ही शरारती तत्वों पर नजर रखे जाने हेतु सभी पूजा पंडालों पर सीसीटीवी लगाएं. मौके पर प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, बीरेंद्र महली, अरविंद उरांव, विशेश्वर प्रसाद दिन, नजीर आलम खान, प्रवीण साहू, संजय महतो, बजरंग साहू, मोहन साहू, कैलू उरांव, बलराम साहू, विवेक प्रजापति, बजरंग उरांव, कैलाश महतो, शाहिद अंसारी, मोजाहिर अंसारी, जीतबहान महतो, मनोज साहू, दीप साह आदि शामिल थे.

### धावा दल ने अभियान चला कर दो बालकों को बचाया

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन एवं द पैन इंडिया बचाव और पुनर्वास अभियान के संचालन एवं चाइल्ड एण्ड एडोलसेंट लेबर प्रोविजन एण्ड रेगुलेशन एक्ट 1986 लोहरदगा जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु श्रम अधीक्षक दिनेश भगत के नेतृत्व एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के संयुक्त मार्गदर्शन में धावा दल ने कुडू प्रखंड के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाया गया. इस क्रम में गैरेज, ढाबा तथा बाजार में गश्ती एवं रेस्क्यू किया गया. अभियान के दौरान बाजार टांड़ कुड़ू से मुरी फैक्ट्री मिल से दो बालकों को रेस्क्यू किया गया. जिसमें एक बाल श्रमिक एवं एक किशोर श्रमिक है. धावा दल के रेस्क्यू अभियान में सदस्य बाल कल्याण समिति लोहरदगा की सुशीला कुमारी एवं जिला बाल संरक्षण पदा. वीरेंद्र कुमार, संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देख-रेख अनुरंजन कुमार, थाना प्रभारी आदि मौजूद थे.

## पांच माह से नहीं मिला सरकारी राशन

# लाभुक पहुंचे अनुमंडल कार्यालय

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

नावा बाजार व पंड़वा प्रखंड क्षेत्र के सरकारी राशन कार्ड लाभुकों को विगत 5 माह से अनाज नहीं मिल रहा है. वहीं राशन नहीं मिलने के कारण लाभुक परेशान हैं. राशन दिलाने की गुहार को लेकर नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के इटको गांव के लाभुक आज सदर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे. लगभग तीन दर्जन की संख्या में पहुंचे लाभुकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सदर एसडीओ सुलोचना मीना से मुलाकात की.

लाभुकों ने बताया कि हम सभी को मार्च माह से राशन नहीं मिला है. वहीं दो माह का अंगूठा लगवाने के बाद भी डीलर ने अब तक राशन नहीं दिया है. पूछने पर लाभुकों ने बताया कि हम सभी इटको गांव के लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के लाभुक हैं. अनाज नहीं मिलने के कारण हम समूह के समक्ष खाने की समस्या



उत्पन्न हो गई है. उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर हम सभी ने नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना दिया. इसे लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से भी मुलाकात की लेकिन अब तक किसी भी पदाधिकारी ने हम लोगों को बकाया राशन नहीं दिलवाया है. एसडीओ से मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने बताया कि उन्होंने मामले की जांच कराकर चार-पांच दिनों के अंदर सभी को राशन दिलवाने की बात कही है.

### लायंस क्लब ने सिंगरा में जरूरतमंदों को कराया भोजन

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के तत्वावधान में लगभग 400 जरूरतमंदों को सिंगरा मंदिर के पास व बस्ती में भाजन कराया गया. लोगों को पूरी, बुंदिया व सब्जी दी गयी. यह कार्यक्रम कल्ब के गुरवीर सिंह के पुत्र 'अदब सिंह के' द्वितीय जन्मोत्सव पर आयोजित किया गया. आयोजन की अध्यक्षता कर रहे गुरवीर सिंह ने बताया कि ऐसा आयोजन कर लायंस परिवार के सभी सदस्य संतुष्टि महसूस करते हैं. उन्होंने बताया कि क्लब में अलग-अलग क्षेत्र के सेवादार हैं. मेडिकल क्षेत्र में हमारे सभी डॉक्टर सदस्य अपना परचम लहराने में सक्रिय रहते हैं, वहीं दूसरी तरफ छोटे-मोटे इस तरह के आयोजन को सभी सदस्य संभालते हैं. क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ के साथ हमारी पूरी डॉक्टर सदस्यों की टीम सक्रियता से भाग लेकर सीपीआर ट्रेनिंग देने की जिम्मेवारी ली है.

# फर्जी डिमांड निकाल कर सरकारी राशि की हो रही है बंदरबांट

**मयंक विश्वकर्मा। बरवाडीह**

प्रखंड के मनरेगा कर्मी और पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये थे. हालांकि पंचायत सचिव फिलहाल वापस अपने काम पर लौट आए हैं. लेकिन मनरेगा योजनाओं के संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं. कनीय अभियंता, सहायक अभियंता योजनाओं को छोड़ रहे हैं. योजनाओं का जीओ टैग किस तरह किसके लॉगिन से हो रहा है और योजनाएं ऑनगोइंग कैसे हो रहे हैं, इस पर सवाल उठ रहा है. सारी प्रक्रिया के बाद भी धरातल पर योजनाएं ना के बराबर है. टीसीबी और मेढ़बंदी के लिए फिलहाल भूमि खाली नहीं है. बावजूद भरी बरसात में योजना स्थल पर कौन मजदूर काम कर रहा है, यह जांच का विषय है. मतलब साफ है कि फर्जी डिमांड पर भुगतान और सरकारी राशि का बंदरबांट संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है. बताते चलें कि गुरुवार को प्रखंड के पंचायतों में कुल मजदूर इंगेज 1548 हैं. जबकि कुल एमआर 278 जेनरेट हुए हैं. इसमें पंचायत चुंगरु में 409 मजदूर, बेतला 167, केड़ पंचायत में 184 मजदूर, केचकी 174, हरातु पंचायत में 117 मज़दूर अन्य पंचायतों में कई मजदूर काम कर रहे हैं.

### जांच होगी : बीपीओ

वहीं इस संबंध में प्रभारी बीपीओ अरविंद कुमार रवि ने बताया की बंधाया हुआ कुएं का डिमांड निकल रहा होगा. सबका बंधाया हुआ कुएं का डिमांड नहीं निकलता है. वहीं जब उनसे पूछा गया कि कूप का रनिंग अवस्था में डिमांड निकल रहा है, इसपर बीपीओ ने कहा कि अगर ऐसा है तो इसकी जांच की जायेगी.

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने निरीक्षण कर लिया जायजा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने गुरुवार को सेन्हा प्रखण्ड के उगरा पंचायत में नव निर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया. ज्ञात हो कि आगामी 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोहरदगा जिला के चार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों जिनके भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, का ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे. ये विद्यालय कैरो, किस्को, पेशरार और सेन्हा प्रखण्ड में नव निर्मित भवनों में प्रारंभ होंगे. इस मौके पर प्रधानमंत्री स्थानीय जनप्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत भी करेंगे. मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा सेन्हा प्रखण्ड में नवनिर्मित भवन का निरीक्षण भी किए.



## लेटलतीफ

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय का मामला, 11 बजे तक बंद रहता है ऑफिस

# समय पर नहीं आते हैं पदाधिकारी व कर्मी, लोग परेशान

**संवाददाता । मझिआंव**

प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पदाधिकारी से लेकर कार्यालय कर्मी तक ऑफिस खुलने के समय पर नहीं आते हैं. जिसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. गुरुवार को 11 बजे तक न तो बीडीओ आये थे और न उनके कोई कर्मचारी. इसी तरह अंचल कार्यालय में भी 11 बजे तक न तो सीओ पहुंचे और न कोई राजस्व कर्मचारी ही पहुंचे थे. इस संबंध में मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म जमा कराने आये जोगिबिर गांव के आदिम अंसारी ने फॉर्म दिखाते हुए कहा कि उन्हें इसे जमा कर अपने



पदाधिकारी का इंतजार करते ग्रामीण

खेतों में काम करने जाना था, लेकिन कर्मचारियों के कार्यालय के आगे 11 बजे भी ताला बंद है, जिसके कारण इंतजार करना पड़ रहा है. इसी तरह प्रखंड व अंचल कार्यालय में काम कराने आये कई अन्य ग्रामीणों ने समय पर किसी भी पदाधिकारी व कर्मचारी के नही आने की शिकायत की. यही नहीं शिक्षा विभाग का भी कोई पदाधिकारी व कर्मचारी 11 बजे तक नही आया था.

बताया जाता है कि 11 बजे के बाद आने वालों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी ही नहीं बल्कि कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, बीपीओ, पीएम आवास कर्मी बाल विकास परियोजना, व शिक्षा विभाग सहितकई विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी नही पहुंचे थे. इधर 11.15 बजे पहुंचे जनसेवस्क सह प्रभारी कल्याण पदाधिकारी श्रीकांत उपाध्याय से देर से आने का कारण पूछा गया तो उनके द्वारा पत्रकारों को ही फोटो वीडियो बनाया जाने लगा और उनके द्वारा उल्टा बहस भी किया गया. इस संबंध में सीओ ने बताया कि जिउतिया पर्व एवं वर्षा के कारण आज लेट हुआ. जबकि बीडीओ द्वारा बताया गया कि जिला में मीटिंग था. जिसमें प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी परमानंद प्रसाद तथा ऑपरेटर वसीम अंसारी भी साथ थे. उन्होंने कहा कि सभी को ससमय कार्यालय आने का निर्देश दिया गया है.

## योजना में 18-21 वर्ष के लाभार्थियों के लिए आयोजित की गई है विशेष शिविर

# मंईयां सम्मान योजना का आवेदन आज से

**लोहरदगा।** सरकार के सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड के संकल्प तथा राज्य अंतर्गत विभागीय संकल्प के माध्यम से निर्गत संचालन प्रक्रिया द्वारा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है. इसी कड़ी में सरकार के सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में लोहरदगा जिला के विभिन्न स्तर के विद्यालयों, प्लस टू उच्च विद्यालयों एव इंटर कॉलेजों में शिविर आयोजित कर 18 से 21 वर्ष की छात्राओं से आवेदन प्राप्त किया जाएगा. यह शिविर भंडरा प्रखण्ड में राजकीयकृत ब्रम्णडीहा उवि चट्टी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भण्डरा, लाल बहादुर शास्त्री उवि भण्डरा, उत्क्रमित राजकीयकृत उवि बिटपी, कैरो प्रखण्ड के डॉ. अनुग्रह नारायण उवि कैरो, किस्को प्रखण्ड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय किस्को, आदर्श विद्यालय किस्को, एसएस उवि किस्को, कुडू प्रखण्ड के गांधी मेमोरियल उवि माराडीह, जनता इंटर कॉलेज टाटी, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुडू, प्रोजेक्ट बालिका उवि कुडू, उत्क्रमित राजकीयकृत उवि सलगी, सदर प्रखण्ड लोहरदगा में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू, राजकीयकृत चुन्नीलाल उवि, कस्तूरबा मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रोजेक्ट बालिका उवि इरगांव, एकलव्य आदर्श आवासीय बालिका विद्यालय कुजरा, ईआइएमए इंटर कॉलेज, इंटर कॉलेज, एमएलए वीमेंस कॉलेज, एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल, मनोहर लाल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज, पेशरार प्रखण्ड के प्रोजेक्ट उवि मुंगो, सेन्हा प्रखण्ड के राजकीयकृत नंदलाल उवि अरू, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, केजीबीवी सेन्हा, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में लगाया जाएगा. इस संबंध में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शिविर के पूर्व 18 से 21 वर्ष के लाभार्थियों के बीच आवेदन पत्र का वितरण करने, जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक समन्वय स्थापित कर शिविर का संचालन करने का निर्देश दिया है.



## राशिफल
**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** माता भाव में चंद्रमा कुछ मानसिक तनाव देगा. माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. समय बहुत अच्छा नहीं है. दिन चिड़चिड़ापन वाला होगा. पर प्रयास किया जाय तो आय एवं इसका सदुपयोग किया जा सकता है. चंद्रमा के मंत्र का जाप करें.

**वृष** सामाजिक सहयोग के लिए समय उत्तम है. पराक्रम का गलत इस्तेमाल नही करे. बेहतर होगा कहीं घूमने चले जाएं. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे.

**मिथुन** कृषि कार्य में लगे लोगों के लिए लाभ का समय है. मन खुश होगा साथ ही धन का आगमन होगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. नेत्र रोग से बचें. सूर्य पूजन करें.

**कर्क** लंबे समय से चला आ रहा मानसिक तनाव खत्म होगा. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव. मंदिर में फल और जल की सेवा करें.

**सिंह** विदेश यात्रा या तीर्थाटन के लिए दिन उत्तम है. खर्च अधिक होगा, पर खर्च संतुष्टि वाला होगा. खर्च संभाल कर करना चाहिए. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें. किया गया कार्य का लाभ होगा.

**कन्या** मानसिक उलझन को छोड़ दिया जाय तो चंद्रमा आय के द्वार खोलेंगे. पर उलझन वाला दिन होगा. किसी अजनबी से कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती है. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी.

**तुला** सरकारी कार्य में बाधा दूर होगी. किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा. साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराशा रहेगी. लक्ष्मी माता का पूजन ध्यान करें.

**वृश्चिक** धर्म में मन लगेगा. समय बहुत अनुकूल होगा. धर्म से भाग्य का साथ मिलेगा, पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग हैं. देव पूजन ध्यान और इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** किसी से कोई विवाद हो सकता है. जुबान के प्रयोग से पूर्व सोच विचार कर लें. समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. विष्णु भगवान का पूजा करें.

**मकर** दिन में खुशनुमा माहौल होगा. व्यापार लाभकारी होगा. जरूरत मंद लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान-पान पर ध्यान दें. शनि को खुश करें.

**कुंभ** इन्फेक्शन से बचना अति आवश्यक है. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमान हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. शिव चालीसा का पाठ करें.

**मीन** शिक्षा में किया गया प्रयास सफल होगा. धार्मिक कार्यों में लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा. किसी मित्र या परिवार के लोगों से मुलाकात होगी, जिससे मन खुश होगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें.

## सांसद ने रामरेखा धाम में की पूजा

**सिमडेगा।** सिमडेगा कांग्रेसी सांसद कालीचरण मुंडा ने गुरुवार को रामरेखा धाम में मत्था टेका और विश्व-समाज की खुशहाली की कामना की. उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनदयाल सिंह व अन्य कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता भी थे. सांसद ने मंदिर के पुरोहितों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर इसे और अन्य सुविधाओं पर विचार विमर्श भी किया. कांग्रेसी नेता डीडी सिंह ने कहा कि बीजेपी वालों ने विकास को लेकर गंभीरता से पहल नहीं की है. यहां और विकास कर भव्यता दिलाई जाएगी. मालूम हो कि जिले का ऐतिहासिक रामरेखा धाम में कार्तिक माह में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला धार्मिक मेला में पूरे देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में लाखों की संख्या में भक्तिभाव से पूजा अर्चना करते हैं.

## चिप्स लदा हाइवा जब्त

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस पीयूष सिन्हा के नेतृत्व में वाहन जांच के दौरान दिवानबिगहा गांव के समीप चिप्स लदा ओवर लोडेड हाइवा को पकड़ कर कांटा कराया. पकड़ा गया हाइवा का नंबर बीआर 26जी सी01116 है. जो पहले भी चार बार जब्त किया जा चुका है. पकड़े गए हाइवा का झारखंड का रजिस्ट्रेशन को रद्द किया गया था. इसके बाद हाइवा संचालक ने बिहार से हाइवा का रजिस्ट्रेशन करा कर झारखंड में चला रहा है. हाइवा में क्षमता से अधिक चिप्स लदा था. ओवरलोड होने की वजह हाइवा को हुसैनाबाद थाना के हवाले कर दिया गया. जबकि अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने इस संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया है.

## रानी व बिनिता जिले में किया टॉप

**सिमडेगा।** झारखंड नर्सिंग काउंसिल द्वारा आयोजित एएनएम की परीक्षा में मदर टेरेसा कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा रानी देवगम और बिनिता कुमारी ने जिले में टॉप किया है. एएनएम द्वितीय वर्ष की परीक्षा में हेमलता मूर्मू व अंजलि भारती ने टॉप किया है. साथ ही सभी 30 छात्राओं ने सबसे ज्यादा अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है. निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा व एएनएम की प्राचार्या प्रभा सुरीन ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है.

### आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के दो लोगों की मौत का मामला

# भारत सरकार और डीजीपी से की गई शिकायत

**संवाददाता। रांची**

आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के दो लोगों की मौत मामले में भारत सरकार और डीजीपी से शिकायत की गयी है. यह मामला हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल परियोजना की है. जहां नियुक्त माइन डेवलपर और ऑपरेटर रित्विक के माध्यम से पगार गांव के बिरहोर बस्ती के समीप किये जा रहे खनन कार्य के दुष्प्रभाव से अनुसूचित जनजाति की नाबालिग किरणी बिरहोर और बहादुर उर्फ दुर्गा बिरहोर की मौत हो गयी. इस मामले में मधु कोड़ा मंत्रिमंडल के मंत्रियों को जेल भिजवाने वाले झारखंड के पीआईएल मैन दुर्गा मुंडा ने भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय और डीजीपी को पत्र लिखकर



शिकायत की है. उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. दुर्गा मुंडा ने एनटीपीसी और उसके एमडीओ रित्विक के अलावा स्थानीय प्रशासन की भूमिका को संदेहास्पद बताते हुए जिला खनन पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हजारीबाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी, केरेडारी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी पर कार्रवाई के लिए कहा है.

**जांच कमेटी की अनुशंसा के आधार पर जिला प्रशासन पर खड़े किये गंभीर सवाल :** दुर्गा मुंडा ने आदिम जनजाति की किरणी बिरहोर और बहादुर उर्फ दुर्गा बिरहोर की मौत मामले में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय जांच दल का हवाला देते हुए जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं. रिपोर्ट के अनुसार, एनटीपीसी द्वारा खनन कार्य बिरहोर टोला, पगार से सटे हुए क्षेत्र में किया जा रहा है. इस क्षेत्र में खनन और परिवहन का कार्य होने के कारण बहुत अधिक धूलकण हवा में मौजूद है, जिससे प्रदूषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है और पगार बिरहोर टोला के निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. प्रदूषण के कारण स्वांस सहित अन्य बीमारियों की संभावना बनी हुई है. साथ ही माइनिंग करने के लिए विस्फोट किया जाता है, जिसके कारण कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है. जांच दल ने जांच रिपोर्ट के मंतव्य में यह लिखा है कि जब तक बिरहोर परिवारों का पगार बिरहोर टोला से अन्यत्र आवासित नहीं किया जाता है, तब तक बिरहोर टोला के आसपास माइनिंग का कार्य करना सही नहीं है. इसके बावजूद अब तक यहां खनन कार्य किया जा रहा है. इस परिस्थिति में लोगों की हुई मौत के बाद भी दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (सीआरपीसी) की धारा 174(3) के तहत पोस्टमार्टम नहीं किया जाना मौत के कारणों को छिपाने और दोषियों को बचाने के लिए किया जाना बताया है.

### भाजपा की परिवर्तन सभा में भारी बारिश, डटे रहे कार्यकर्ता

# सीएम ममता को डेमोग्राफी बदलने का देना होगा जवाब

**संवाददाता। चांडिल**

भाजपा की परिवर्तन यात्रा के तहत सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीकर में आम सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, महामंत्री मधुसुदन गोराई, देवाशीष राय समेत भाजपा के कई नेता उपस्थित थे. भारी बारिश के बाद भी कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ. सभी छाता लेकर अपने नेताओं का संबोधन सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे.

**राज्य सरकार ने बालू को सोना बना दिया : संजय सेठ**

रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य की डेमोग्राफी पर दिए गए बयान पर कहा कि हेमंत सोरेन ने पश्चिम बंगाल में डेमोग्राफी बदलने की बात कही है. ऐसे में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को इसका जवाब देना चाहिए, क्यूंकि उनके गठबंधन के ही साथी और पड़ोस के मुख्यमंत्री उनपर आरोप लगा रहे है. उन्होंने कहा कि जब-जब झारखंड में झामुमो और कांग्रेस की सरकार आई है, तब-तब बालू को सोना बना दिया गया है. हमेशा बालू मुंबई के व्यपारी को बेचने का काम किया गया.





### भाजपा ही कर सकती है समस्याओं का समाधान : चंपाई

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित



शाह पर विश्वास करते हुए उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. संथाल परगना में आदिवासियों के आस्तित्व को बचाने का कार्य केवल भाजपा ही कर सकती है. दूसरी राजनीति पार्टी से जुड़कर यह लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती थी. झारखंड आंदोलन को किसी ने कुचलने का कार्य किया है तो वो कांग्रेस की सरकार ने ही किया. गुआ गोलीकांड को भी कांग्रेस की सरकार ने अंजाम दिया था. कांग्रेस पार्टी कभी भी आदिवासी-मूलवासी की हितैषी नहीं हो सकती है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का विकास करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जितनी भी समस्या है, खास तौर पर विस्थापितों की समस्या को सिर्फ भाजपा ही समाधान कर सकती है.

इसलिए अब इस सरकार की विदाई का समय आ गया है. सभा को परिवर्तन यात्रा के कोल्हान प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक अरविंद सिंह समेत कई नेताओं ने संबोधित किया. इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सारथी महतो, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश कुंडू, भूषण मुर्मू, दिवाकर सिंह, विशाल चौधरी, आकाश महतो, सभी मंडल अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए.

## अब राज्यकर्मी ऑफलाइन भी भर सकेंगे पेंशन प्रपत्र

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य के वैसे कर्मी जिनका समायोजन दिनांक एक दिसंबर 2004 के पहले के प्रभाव से किया गया है. वैसे कर्मी ऑफलाइन पेंशन प्रपत्र भर सकेंगे. इसका आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि जिनकी नियुक्ति तिथि एक दिसंबर 2004 के पहले की तिथि के रूप में मान ली गई है. साथ ही कर्मी की पूर्व सेवा को पेंशन के लिए गणना किये जाने का निर्णय ले लिया गया हो. उन्हें पेंशन प्रपत्र ऑफलाइन मोड में भरने की स्वीकृति प्रदान की जाती है. वित्त विभाग के इस प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दे दी है.

**ऐसी होगी पेंशन प्रपत्र भरने की प्रक्रिया :** वैसे कर्मी जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद समायोजित किया गया है. उनका ऑफलाइन पेंशन प्रपत्र संबंधित पेंशन स्वीकृति प्राधिकार के माध्यम से महालेखाकार कार्यालय को भेजा जाएगा. वैसे कर्मी जो समायोजन के बाद सेवानिवृत्त हुए है, या वैसे सेवानिवृत्त कर्मी, जिनकी नियुक्ति तिथि को परिवर्तन कर एक दिसंबर 2004 के पहले की तिथि के रूप में मानी गई है. सेवाकाल में पीआरएएन नंबर आबंटित नहीं है, उनका ऑफलाइन पेंशन प्रपत्र संबंधित पेंशन स्वीकृति प्राधिकार के माध्यम से महालेखाकार कार्यालय की भेजा जाएगा.

महालेखाकार कार्यालय द्वारा उन्हीं कर्मियों का ऑफलाइन पेंशन प्रपत्र स्वीकार किया जाएगा, जिनको ऑफलाइन पेंशन प्रपत्र भरने की स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा प्रदान की गई है.

# झारखंड में किस्सा कुर्सी का

- **स्पीकर की कुर्सी पर बैठने वालों की राह आसान नहीं**
- सिर्फ सीपी सिंह ने स्पीकर कुर्सी पर रहते हुए अगले चुनाव में जीत हासिल की थी
- **जिसने झारखंडवासियों के हेल्थ का ख्याल रखा, उनकी खिसक गई कुर्सी**
- सिर्फ रामचंद्र चंद्रवंशी ही हेल्थ मिनिस्टर रहते हुए दोबारा चुनाव जीत पाए

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में कुर्सी का किस्सा भी अजीब है. इसे संयोग कहें या कुछ और. राज्य गठन के बाद से स्पीकर की कुर्सी पर बैठने वालों के लिए भी राह आसान नहीं है. सिर्फ सीपी सिंह ने ही स्पीकर रहते हुए अगले चुनाव में जीत हासिल की थी. जब मृगेंद्र प्रताप सिंह विधानसभा अध्यक्ष थे. जमशेदपुर पश्चिम से सरयू राय के चुनाव लड़ने के कारण एमपी सिंह को टिकट नहीं मिला. नाराज विधानसभा अध्यक्ष ने राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा और हार गए. इसी तरह 2009 के चुनाव में आलमगीर आलम सिटिंग विधानसभा अध्यक्ष के रूप में पाकुड़ से चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें भी हार नसीब हुई. 2014 के चुनाव में स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता देवघर की सारठ सीट से चुनाव हार गए. 2019 में स्पीकर दिनेश उरांव को भी हार का सामना करना पड़ा. अब वर्तमान स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं. नाला विधानसभा सीट पर पिछले कुछ चुनावों से कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है. रवींद्रनाथ महतो के फिर से चुनाव लड़ने की संभावना है,

**हेल्थ मिनिस्टर की कुर्सी का भी है अजीब किस्सा :** झारखंड में हेल्थ मिनिस्टर की कुर्सी का भी अजीब किस्सा है. जिसने भी झारखंड वासियों के हेल्थ का ख्याल रखा, उसकी कुर्सी खिसक गई. सिर्फ रामचंद्र चंद्रवंशी की हेल्थ मिनिस्टर रहते हुए चुनाव जीत पाए. झारखंड के पहले हेल्थ मिनिस्टर दिनेश षाड़ंगी बने. वे भी अगले चुनाव में हार गए. इसके बाद भानु प्रताप शाही, हेमेन्द्र प्रताप देहाती, बैद्यनाथ राम, हेमलाल मुर्मू और राजेन्द्र प्रसाद सिंह हेल्थ मिनिस्टर बने, सभी अगले चुनाव में हार गए. सिर्फ रामचंद्र चंद्रवंशी ही अपनी सीट बचा पाए. इस बार हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं. कयास यह लगाया जा रहा है कि बन्ना गुप्ता दोबारा जीत पाएंगे या नहीं.

## पेज एक का शेष

### यूं तो हमने लाख हसीं देखे ...

पेरोल पर जेल से बाहर आये केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव में भी तो यही कहा था कि हमें सभी सीटें जिता दो तो जेल नहीं जाना पड़ेगा. लेकिन उन्हें दिल्ली की एक सीट भी नसीब नहीं हुई. तो क्या इसीलिए उन्हें पुनः जेल जाना पड़ा ? नहीं, कोई भी गुनहगार चुनाव जीत जाने भर से बेगुनाह नहीं हो जाता. किसी की बेगुनाही का फैसला अदालतें करती हैं, जनता नहीं. ऐसा नहीं होता तो आतंकी फंडिग के आरोप में जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद दोषमुक्त हो गया होता ? आतंकी अमृतपाल (सांसद) भी जेल से बाहर होता. जेल जाने के बाद बिहार में राजद की जीत के बाद लालू प्रसाद दोषमुक्त हो गये होते. यानी केजरीवाल अब भी झांसा देने से बाज नहीं आ रहे हैं. कहते हैं न कि छूटती नहीं है गालिब मुंह की लगी हुई. सवाल यह भी है यदि अगले चुनाव में केजरीवाल ने फिर दिल्ली फतह कर ली और वह मुख्यमंत्री बन गये तो क्या उन्हें जमानत देते समय लगाई गई शर्तें स्वतः खत्म हो जाएंगी ? नहीं, तब भी उन्हें कोर्ट से ही मोहलत मिलेगी और इसके लिए उन्हें अर्जी लगानी पड़ेगी. तब अदालत को भी इस सवाल से जूझना पड़ेगा कि यदि अब विजयी होने पर पाबंदियां जरूरी नहीं हैं तब उस समय भी तो केजरीवाल प्रचंड बहुमत से मुख्यमंत्री बने ही थे. फिर पाबंदियां क्यों लगाई गईं. यह बाद की बात है, लेकिन आतिशी फरवरी के बाद मुख्यमंत्री नहीं रहेंगी चाहे 'आप' हारे या जीते. पार्टी हार गई तब तो उसके किसी नेता का सीएम बनना संभव ही नहीं है और यदि जीत गई तब भी केजरीवाल उन्हें बनने नहीं देंगे. या तो वह खुद मुख्यमंत्री बनेंगे और यदि पाबंदियां जारी रहीं तो वह सुनीता केजरीवाल को राजपाट सौंप सकते हैं. उनकी अभिलाषा तो इसी बार रही होगी, लेकिन अभी सुनीता विधायक नहीं हैं और बन भी नहीं सकती थीं.

केजरीवाल गिरोह का एक शिगूफा यह भी है कि सरकार महाराष्ट्र, झारखंड के साथ दिल्ली का भी चुनाव क्यों नहीं करा लेती. लेकिन यदि केजरीवाल शीघ्र चुनाव चाहते हैं और उन्हें अपनी छवि पर अब भी भरोसा है तो उन्होंने विधानसभा भंग क्यों नहीं करा दी ? दरअसल केजरीवाल को भी अपनी सियासी फितरत के लिए समय चाहिए था. जो शख्स सोनिया गांधी से लेकर शीला दीक्षित तक अनेक कांग्रेसियों को जेल भेज रहा था, वह खुद जेलयात्री बन गया. जो कहता था आरोप लगते ही इस्तीफा होना चाहिए, वह जेल जाने पर भी इस्तीफा नहीं देता है. जिसने सुराज के संकल्प को शराब में बदल दिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ चिंघाड़ते हुए लालू प्रसाद का अनुचर बन बैठा, वह दिल्ली की गलियों में अपनी ईमानदारी की गुहार लगा रहा है. जो झूठे आरोप लगाने के कारण अरुण जेटली और नितिन गडकरी से माफी मांग चुका हो, उसकी फरेबी जुबान कैंची की तरह अब भी चल रही है. वह आरएसएस पर भी इल्जाम लगा रहा है जिसके अप्रत्यक्ष सहयोग से ही अन्ना आंदोलन परवान चढ़ा था, जिसे बेचकर केजरीवाल सुर्खरू बने हुए हैं. उसी संघ के एक स्वयंसेवक लालकृष्ण आडवाणी ने जैन हवाला कांड में आरोप लगते ही इस संकल्प के साथ संसद से इस्तीफा दे दिया था कि जब तक कोर्ट से बाइज्जत बरी नहीं हो जाऊं, संसद में प्रवेश नहीं करूंगा. उन्हीं का अनुसरण करते हुए दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना ने भी त्यागपत्र दे दिया था. क्या ईमानदारी में केजरीवाल उनके पासंग में भी ठहरते हैं ? बहरहाल देखना यह है कि क्या केजरीवाल अपने फरेब के अंतिम पड़ाव पर हैं या उसके कुछ एपिसोड अभी बाकी हैं जो पहले से भी अधिक विद्रूप या रोचक होंगे ?

### सरकार अब शराब बेचना बंद...

और आश्वासन दिया था कि 27 को होने वाली कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री आपलोगों को खुशखबरी देंगे, अब यह खुशखबरी क्या होगी, यह देखना अहम होगा. आंगनबाड़ी सेविका और सेविकाओं ने अनुकंपा में नौकरी देने, मानदेय बढ़ा कर 20 हजार रुपए करने, पेंशन एवं सेवानिवृति लाभ तथा सुपरवाइजर नियुक्ति में आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्राथमिकता सहित कई मांगें शामिल हैं. इसके अतिरिक्त बैठक में सरकार 25 लाख नए हरा राशन कार्ड बनवाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा सकती है. वर्तमान में 17 लाख राशन कार्ड हैं. नए राशन कार्ड के लाभुकों की संख्या बढ़ गयी थी, इसके बाद सरकार नए राशन कार्ड बनाने का निर्णय लेने जा रही है.

### जेएमएम का तख्ता पलट होना...

एक बार हमारी सरकार बना दो देखता हूं किसने अपनी मां का दूध पिया है जो धर्मांतरण करा दे. अवैध घुसपैठ हो रही है, धर्मांतरण हो रहा है, मूल निवासियों की यहां संख्या कम हो रही है जो चिंता का विषय है.

**झारखंड को फिर से चमकाना है: बाबूलाल मरांडी :** परिवर्तन महासभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने सबको ठगा है. हेमंत ने हर परिवार को 72 हजार देने का वादा किया था जो किसी को नहीं दिया. इस सरकार ने पांच वर्ष में नौकरी तो नहीं मौत जरूर दी. राज्य में पेपर लीक हो रहा है. राज्य की हेमंत सरकार ने बालू, पत्थर, जमीन यहां तक की सेना की जमीन भी लूट ली है. अगर झारखंड में विकास करेगी तो भाजपा ही करेगी. जेएमएम कांग्रेस ने राज्य को लूटने का काम किया है.

### भाजपा की सरकार बनते ही बालू...

भाजपा की सरकार बनने के बाद ये सभी पद भरने का निर्णय कैबिनेट की पहली बैठक में ही ली जाएगी. कैलेंडर बनाया जाएगा. कॉलेज की डिग्री पूरी करने के बाद रोजगार प्राप्त करने में 2 साल लगते हैं. हम 2 साल तक 2,000 रुपए प्रतिमाह बच्चों को देंगे. हम केवल सत्ता परिवर्तन नहीं करेंगे, सम्पूर्ण व्यवस्था में परिवर्तन करेंगे, जिससे आपका कल्याण हो. आज झारखंड राज्य में रोटी, रोजगार संकट में है. हमारी माटी और बेटी संकट में है. हमारी खेती संकट में है. जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए झामुमो और कांग्रेस की सरकार को उखाड़ कर भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा.

### जनता ने अब किया परिवर्तन...

जात-पात से ऊपर उठकर हिंदू बन कर रहिए, नहीं तो हम बंटेंगे. साथ रहेंगे तो जीवित रहेंगे. पीएम मोदी जनता का पैसा जनता के विकास में लगा रहे हैं. अब समय है जाग जाइए और आने वाले चुनाव में इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकिए. रवि किशन ने कहा कि ना कहेंगे, ना सहेंगे, बदल कर रहेंगे. हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार करके किस बात का घमंड बा? उन्होंने बड़कागांव की जनता से वादा किया कि वह पुनः चुनाव में आपके बीच उपस्थित रहेंगे. सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर यह सरकार केवल दिखावा कर रही है और युवाओं को छल रही है. जायसवाल ने वर्तमान सरकार पर धार्मिक कार्यों में बाधा डालने और पत्थरबाजों को संरक्षण देने का आरोप लगाया.

# 40 डीएसपी का सरकार ने किया तबादला

**संवाददाता। रांची**

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड सरकार ने 40 डीएसपी रैंक के अफसरों का तबादला किया है, इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से गुरुवार की दोपहर जारी कर दी गई है.

**जानें कौन कहां गए**

- अशोक कुमार राम डीएसपी बेड़ो रांची
- श्री नीरज डीएसपी खलारी रांची
- राजेश कुमार डीएसपी एटीएस
- किशोर कुमार रजक डीएसपी एसीबी रांची
- मनोज ठाकुर डीएसपी सीसीआर जमशेदपुर
- सुनील कुमार चौधरी सिटी डीएसपी जमशेदपुर
- पवन कुमार 2 डीएसपी बड़कागांव
- अमित कुमार डीएसपी मुख्यालय हजारीबाग
- अजीत कुमार विमल डीएसपी बरही
- पवन कुमार 1 डीएसपी पतरातु
- जय गोविंद प्रसाद गुप्ता डीएसपी मुख्यालय रामगढ़
- समीर कुमार सवैया डीएसपी सरायकेला
- संतोष कुमार डीएसपी पाकुड़
- जय श्री कुजूर डीएसपी मुख्यालय पाकुड़
- विद्याशंकर डीएसपी ट्रैफिक बोकारो
- नवीन कुमार सिंह डीएसपी बाघमारा
- धीरेंद्र नारायण बंका का डीएसपी मुख्यालय 2 धनबाद
- आशुतोष कुमार सत्यम डीएसपी सिंदरी धनबाद
- शकील आबिद शम्स डीएसपी मुख्यालय 1 धनबाद
- जीतवाहन उरांव डीएसपी गिरिडीह सदर
- राजेंद्र प्रसाद डीएसपी खोरीमहुआ गिरिडीह
- सत्येंद्र प्रसाद डीएसपी मधुपुर
- अमित कुमार सिंह डीएसपी देवघर
- अमित कुमार कच्छप डीएसपी जरमुंडी
- प्रदीप कुमार डीएसपी सिमरिया
- अमिता लकड़ा डीएसपी मुख्यालय चतरा
- अवध यादव डीसीपी छतरपुर
- आलोक कुमार टूटी डीएसपी बिश्रामपुर
- शिवपूजन बहेलिया डीएसपी महुआटांड़ लातेहार
- भरत राम डीएसपी बरवाडीह लातेहार
- बैजू उरांव डीएसपी सिमडेगा
- राफेल मुर्मू डीएसपी जगन्नाथपुर चाईबासा
- नलिन कुमार मरांडी डीएसपी चक्रधरपुर
- बहामन टूटी डीएसपी सदर चाईबासा
- राजेश सिन्हा डीएसपी एस आईआरबी 1 दुमका
- अनिल कुमार सिंह डीएसपी कोडरमा
- विनोद रवानी डीएसपी सिल्ली
- नितिन खंडेलवाल डीएसपी बरहरवा साहिबगंज
- नीरज कुमार सिंह डीएसपी मुख्यालय 1 गिरिडीह
- अशोक रविदास डीएसपी गोड्डा

### सिदो कान्हू क्लब के गठन में देरी का मामला

# 18 जिलों के खेल पदाधिकारियों का वेतन रोकने का आदेश

**शुभम किशोर। रांची**

झारखंड के गांवों में सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन को लेकर लक्ष्य का 60 प्रतिशत काम पूरा नहीं करने वाले खेल पदाधिकारियों पर गाज गिरी है. खेल सचिव मनोज कुमार ने लगभग 18 जिलों के खेल पदाधिकारियों के वेतन रोकने का आदेश दिया है. वहीं सचिव ने अगले बैठक से पहले पुराने लक्ष्य के साथ दिये गये नये लक्ष्य को पूरा करने का आदेश दिया है. जब तक खेल पदाधिकारी लक्ष्य पूरा नहीं करेंगे, तब तक उनका वेतन रूका रहेगा. बता दें कि क्लब के रजिस्ट्रेशन के लिए वर्तमान में कुल 2364 आवेदन जमा किये गये हैं. इसमें से 377 क्लब का रजिस्ट्रेशन पूरा हो गया है और सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया है. जबकि आवेदक की ओर से 912 और डिपार्टमेंट की ओर से 1005 आवेदन अभी भी पेंडिंग हैं. जिन क्लबों का रजिस्ट्रेश पेडिंग है, उसको ससमय पूरा करने को लेकर विभाग रेस है. इसको लेकर विभाग की ओर से लगातार बैठक की जा रही है. बुधवार को भी खेल सचिव मनोज कुमार की अध्यक्षता में सभी जिला खेल पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई. इस बैठक में खेल निदेशक भी मौजूद थे.

**क्लब रजिस्ट्रेशन में रांची सबसे आगे :** क्लब के रजिस्ट्रेशन में रांची जिला सबसे आगे चल रहा है. यहां सबसे अधिक 84 आवेदन स्वीकृत हुए हैं और सभी को सर्टिफिकेट भी मिल गये हैं. जबकि 153 आवेदन अभी भी पेंडिंग हैं. वहीं चतरा में 58, पूर्वी सिंहभूम में 53, खूंटी में 42, गुमला में 33 और सरायकेला में 28 आवेदन स्वीकृत हुए हैं. जबकि सरायकेला में 229 और पूर्वी सिंहभूम में 71 आवेदन रजिस्ट्रेशन के लिए पेंडिंग हैं.

**दिन-रात लगी है टीम :** रांची डीएसओ शिवेंद्र कुमार ने कहा कि खेल निदेशक संदीप कुमार के निर्देश पर उनकी पूरी टीम दिन रात सिदो कान्हू क्लब के काम में लगी है. वे लोग छुट्टी के दिन भी कार्यालय खोलकर रजिस्ट्रेशन का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि टीम लगातार सभी प्रखंड में संपर्क करके जल्द से जल्द क्लब के गठन के दिये गये लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश कर रही है.

## पुलिस में प्रमोटी अफसरों की बढ़ी भागीदारी

**रांची।** झारखंड पुलिस में स्टेट पुलिस सर्विस (प्रमोटी) अफसरों की भागीदारी वर्तमान समय में बढ़ी है. झारखंड में रेल जिला को मिलाकर कुल 26 जिला, जिनमें रेल जिला धनबाद और जमशेदपुर को छोड़कर बाकी के 24 जिले में से 13 जिले की कमान प्रमोटी अफसरों के जिम्मे है. गौरतलब है कि पुलिस को कानून व्यवस्था से लेकर वीआईपी ड्यूटी और ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालनी होती है. जाहिर है कि ऐसी विशेष परिस्थितियों वाले राज्य में पुलिसिंग काफी कठिन होता है. ऐसे में झारखंड सरकार का स्टेट पुलिस सर्विस के अफसरों पर भरोसा बढ़ा है.

**इन जिलों की जिम्मेदारी डायरेक्ट आईपीएस के जिम्मे :** धनबाद, जमशेदपुर, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, पाकुड़, पलामू, लातेहार, चाईबासा, सरायकेला, जामताड़ा.

**गढ़वा**

### 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय टेबल टेनिस (एसजीएफआई) प्रतियोगिता के लिए

# आठ खिलाड़ियों का चयन, तीन खिलाड़ी स्टैंड बाई

**संवाददाता। गढ़वा**

68वीं राष्ट्रीय विद्यालय टेबल टेनिस (एसजीएफआई) प्रतियोगिता के लिए राज्य टीम में गढ़वा जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन होने पर टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी व खेल प्रेमियों ने बधाई दी है. झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से टेबल टेनिस खेल का रांची में ओपन ट्रायल शिविर का आयोजन 25 सितंबर को किया गया था, ओपन ट्रायल शिविर में जिले के 11 खिलाड़ी शामिल हुए थे. ओपेन ट्रायल शिविर में गढ़वा जिला टेबल टेनिस के विद्यालय प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग हर्षित कुमार पांडेय, मयंक राज, सचिन कुमार



(स्टेंड बाई) अंडर 17 बालिका वर्ग में अंजली कुमारी, बालक वर्ग में अनिमेष कुमार पांडेय, नितीश कुमार मेहता, अभिजित यादव और रौशन कुमार पाल, उज्जवल कुमार (स्टैंड बाई), अंडर 14 बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी, रिद्धि सिंह (स्टैंड बाई) का चयन किया गया है.

जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन एवं तीन खिलाड़ियों के स्टैंड बाई के रूप में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किए जाने पर संघ के पदाधिकारी सदस्य और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है. बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, विनोद कमलापुरी, नंदकुमार गुप्ता, सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, सिस्टर रौशना, संजय सिंह, प्रिंस सोनी, मुजीबुद्दीन खान, अशोक कुमार विश्वकर्मा, दुर्गेश कुमार दुबे, संजय सोनी, अमित सिंह, मिथिलेश सिंह, धनंजय तिवारी, उमेश यादव, अमोद कुमार पांडेय, अजय ठाकुर, संतोष, नवनीत शुक्ला, सुधीर पाठक, नवनीत शुक्ला, पंकज सोनी, ललन सोनी आदि के नाम शामिल हैं.

## संबंधों के बीच संशय के बादल

**दो** अलग-अलग मामलों में दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है. दोनों ही पत्र कई सवाल खड़े कर रहे हैं. देश के संघात्मक ढांचे में जवाबदेही तय है, इसलिए प्रधानमंत्री को भी दोनों ही मुख्यमंत्रियों के पत्रों का जवाब देना चाहिए और उनके सवालों का हल निकालना चाहिए. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में राज्य के बकाए धन के भुगतान की मांग की है. दूसरी ओर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल में बाढ़ को मानव निर्मित बताते हुए प्रकारांतर से केंद्र पर दोषारोपण किया है. हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा है कि केंद्रीय कोल कंपनियों पर झारखंड का 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया है. हेमंत सोरेन ने इस राशि के भुगतान की मांग प्रधानमंत्री से की है. हेमंत सोरेन इस सवाल को लंबे समय से उठाते रहे हैं. हेमंत सोरेन ने कहा है कि बकाए राशि के भुगतान से राज्य में गरीबी खत्म करने की दिशा में ज्यादा सार्थक पहल की जा सकती है और इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सकता है. मुख्यमंत्री ने भुगतान की प्रक्रिया तय करने के लिए दो सुझाव दिए हैं. इन सुझावों में एक यह है कि रिजर्व बैंक सीधे राज्य के खाते में धन जमा करे. इस संदर्भ में झारखंड राज्य बिजली बोर्ड पर डीवीसी के बकाए के मामले का उदाहरण दिया गया है. मुख्यमंत्री ने केंद्र पर दोहरा रुख अपनाने का भी आरोप लगाया है. इसके लिए केंद्र को दिए जाने वाले राज्य के बकाए का हवाला दिया है. दरअसल मुख्य सवाल देश के अनेक राज्यों के आंतरिक वित्तीय हालात को ले कर उठ रहे हैं. जीएसटी के लागू होने के बाद से राज्यों की केंद्र पर निर्भरता बढ़ गयी है. इसके साथ ही जीएसटी के धन बंटवारे में राज्यों की हिस्सेदारी के बकाए का सवाल भी कई राज्य उठाते रहे हैं. खास कर गैर-भाजपा शासित राज्य. प्रधान मंत्री बार-बार कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात करते रहे हैं. लेकिन गैर- भाजपा राज्यों की शिकायत है कि उनके हितों का ध्यान केंद्र नहीं रखता है. झारखंड के मुख्यमंत्री तो यहां तक कह चुके हैं कि भाजपा के सहयोगी दल तो विशेष राज्य के दर्जा की मांग करते हैं, लेकिन झारखंड तो केवल अपना बकाया मांग रहा है. यह एक गंभीर मुद्दा है, जिसे लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए. बहुदलीय लोकतंत्र में अलग-अलग दलों या गठबंधनों को अपने चुनावी वायदे को पूरा करना होता है. इसके लिए धन की जरूरत पड़ती है. केंद्र और राज्यों के बीच वित्त संबंधी सारे सवालों और संशयों को जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत है. पंजाब और हिमाचल प्रदेश जेसे राज्य भी वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं. तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल भी अपने हिस्से के धन की मांग करता रहा है. 2024 के जनादेश के बाद बदले राजनीतिक माहौल में वित्तीय सवालों के लिए केंद्र को पहल करने की जरूरत है. ममता बनर्जी के पत्र में जिस तरह केंद्र की मंशा पर सवाल उठाए गए हैं, उसे भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. सियासत अपनी जगह है, लेकिन सरकारों के स्तर पर संघात्मकता की भावना को जमीन पर उतारना चाहिए.

> हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा है कि केंद्रीय कोल कंपनियों पर झारखंड का 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया है. हेमंत सोरेन ने इस राशि के भुगतान की मांग प्रधानमंत्री से की है.हेमंत सोरेन इस सवाल को लंबे समय से उठाते रहे हैं.

### सुभाषित

**दानं भोगो नाशस्त्रयो गतयो भवन्ति वित्तस्य।**
**यो न ददाति न भुङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति॥**

धन खर्च होने के तीन मार्ग हैं- दान, उपभोग तथा नाश. जो व्यक्ति धन होने पर भी गरीबों और जरूरतमंदों के बीच दान नहीं करता तथा उस धन का खुद भी उपभोग नही करता तो उसके धन की तीसरी गति होती है, यानी उसके धन का नाश हो जाता है.

# प्रसादम की पवित्रता से खिलवाड़

**गुजरात के आनंद में स्थित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के तहत संचालित खाद्य परीक्षण सुविधा सीएएलएफ यानी पशुधन और भोजन में विश्लेषण और अध्ययन केंद्र ने पुष्टि की कि लड्डू जिस घी से बनाए जा रहे थे, उसमें पशु वसा और मछली के तेल की मिलावट थी. यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह विवाद हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों के संदर्भ में उत्पन्न हुआ है.**



**अ**पने आध्यात्मिक महत्व के कारण लड्डू प्रसादम एक पवित्र प्रतीक है. यह श्रद्धालुओं को तो अपनी ओर आकर्षित करता ही है, भोजन के शौकीनों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है, जो इसका अनूठा स्वाद चखना चाहते हैं. इन लड्डुओं को सावधानीपूर्वक बनाने की प्रक्रिया तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम द्वारा कायम की गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं का प्रमाण है. यह लड्डू प्रसादम सिर्फ एक मीठा व्यंजन या मिठाई ही नहीं है, बल्कि यह एक यादगार अनुभव है, जो विश्वास, भक्ति और दूसरों के साथ आशीर्वाद साझा करने की खुशी का प्रतीक है. प्रसादम की पवित्रता पर संदेह के बादलों का मंडराना एक अभूतपूर्व घटना है. जैसा कि बताया जा रहा है, मंदिर के पवित्र प्रसाद में चिंताजनक मात्रा में अस्वास्थ्यकर वसा मिला हुआ पाया गया. जहां यह मामला राष्ट्रव्यापी बहस का विषय बन चुका है, वहीं श्रद्धालु सनातनधर्मी सदमे और अविश्वास की स्थिति में हैं. हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है. दुर्भाग्यवश, यह परेशान करने वाला रहस्योद्घाटन विशेष रूप से पूरे देश में आर्थिक रूप से सबसे सफल मंदिर के रूप में प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी के प्रतिष्ठित प्रसादम लड्डू से संबंधित है. स्थिति की गंभीरता को मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने उस दिन अपने संबोधन के दौरान मार्मिक ढंग से अभिव्यक्त किया, जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन और कार्यालय में उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों का जश्न मनाया जा रहा था. 9 जुलाई को, मंदिर प्रबंधन ने प्रसादम की तैयारी में इस्तेमाल किए गए घी के नमूने गुजरात स्थित एनडीडीबी सीएएलएफ लिमिटेड नामक एक विशेष प्रयोगशाला में भेजकर निर्णायक कार्रवाई की. विश्लेषण की एक संक्षिप्त अवधि के बाद, प्रयोगशाला के निष्कर्ष 16 जुलाई को जारी किए गए. उससे पता चला कि एक विशेष आपूर्तिकर्ता से प्राप्त घी वास्तव में मिलावटी था. गुजरात के आनंद में स्थित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के तहत संचालित खाद्य परीक्षण सुविधा सीएएलएफ यानी पशुधन और भोजन में विश्लेषण और अध्ययन केंद्र ने पुष्टि की कि लड्डू जिस घी से बनाए जा रहे थे, उसमें पशु वसा और मछली के तेल की मिलावट थी. यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह विवाद हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों के संदर्भ में उत्पन्न हुआ है. जून में, जगन मोहन रेड्डी की पार्टी को आंध्र प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में बड़ी हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद नायडू को एनडीए सरकार के हिस्से के रूप में सत्ता संभालनी पड़ी. इस राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर, नायडू ने मौजूदा स्थिति और इसके नतीजों के लिए जगन मोहन रेड्डी को खुले तौर पर जिम्मेदार ठहराया है.

• देश-काल



ब्रजभूषण पाण्डेय

22 सितंबर को वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक औपचारिक पत्र लिखा. अपने पत्राचार में उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का आह्वान किया. यह अनुरोध नायडू द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के प्रकाश में आया है, जिन्होंने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) पर प्रतिष्ठित तिरुपति मंदिर में वितरित प्रसाद में मिलावट में शामिल होने का आरोप लगाया था. भक्तों के लिए प्रसादम के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए, इन आरोपों के निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं. सामने आ रही स्थिति के जवाब में, केंद्र सरकार ने इस विवादास्पद मुद्दे के आरोपों और आसपास की परिस्थितियों का गहन आकलन करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. यह घटनाक्रम क्षेत्र में चल रहे राजनीतिक तनाव के साथ-साथ किए जा रहे दावों की गंभीर प्रकृति को उजागर करता है.

पिछले 40 से 50 वर्षों से, यह बताया गया है कि लड्डू बनाने के लिए घी की आपूर्ति लगातार नंदिनी कर्नाटक दूध केंद्र से की जाती थी. हालांकि, जब घी की कीमत में संभावित वृद्धि के बारे में चर्चा हुई, तो लंबे समय से चली आ रही इस आपूर्ति को अचानक रोक दिया गया. इसके स्थान पर, पांच अलग-अलग कंपनियों से घी खरीदा जाने लगा, जिसकी कीमत 320 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही, जो नंदिनी द्वारा वसूल की जाने वाली कीमत के समान थी. इस अप्रत्याशित स्थिति का सामना करते हुए, व्यवसायी के पास देवस्थानम को आवश्यक आपूर्ति प्रदान करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, एक निर्णय जिसके निहितार्थ हाल ही में सामने आए हैं. एक जांच के बाद, यह पता चला कि इनमें से एक फर्म, विशेष रूप से तमिलनाडु की डिंडीगुल फर्म द्वारा आपूर्ति किए गए घी में विसंगतियां पाई गईं. हालाँकि, इसमें शामिल अन्य चार फर्मों से संभावित मिलावट के बारे में कोई पूछताछ नहीं की गई है. इन निष्कर्षों के जवाब में, तत्काल कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप संदिग्ध फर्मों से आपूर्ति निलंबित कर दी गई. नतीजतन, नंदिनी को नई प्रस्तावित उच्च दरों पर ही सही, इसकी आपूर्ति फिर से शुरू करने का निर्देश दिया गया है. यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि वर्तमान स्थिति के परिणामस्वरूप इस प्रतिष्ठित मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है. आवश्यकता इस बात की है कि देश में सरकार द्वारा ऐसे दिशा निर्देश तय किये जायें, जिससे पूजा स्थलों की पवित्रता और स्वच्छता अक्षुण्ण रह सके. प्रत्येक भारतवासी को यह स्मरण में रखना चाहिए कि भारतवर्ष विश्व का सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक देश है और किसी की आस्था से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## ईश्वर की अभिव्यक्ति

**जी**वन ही स्वयं ईश्वर की अभिव्यक्ति है. जीवन दिखता नहीं है तो वह ईश्वर कहां से दिख पायेगा, जो रूप और अरूप में खुद को अभिव्यक्त करता है. महात्मा बुद्ध ने ऐसी ही स्थिति के लिए कहा कि तुम भीतर जाओ. अंदर खोजो. अज्ञानता के साथ पूर्णतः शांति के वातावरण में. फिर जो दिखाई देगा, वह विस्मित करेगा. वह अनिवार्चनीय होगा. वह अनंत होगा. महात्मा बुद्ध की सारी देशना अंतर्यात्रा की प्रक्रिया और सोपान है. वह कहते हैं कि प्रेमपूर्ण और भाव की दशा में पूरी एकाग्रता के साथ अपने अंदर देखो. उस देखने के क्षण में हमारी दुनिया और उसका प्रपंच हमारे साथ नहीं होना चाहिए. अंतर्यात्रा की दशा में एक ऐसी स्थिति आयेगी, जब यह अनुभूति होगी कि अंदर और बाहर चहुंओर प्रकाश है. सर्वत्र प्रकाश है. यह अस्तित्व भी प्रकाश की लहरों पर कंपायमान है. एक फूल हो या एक पत्थर सबसे प्रकाश की किरणें निकल रही हैं. विज्ञान ने उसको नाम दिया इलेक्ट्रॉन. वैज्ञानिक हतप्रभ हुए कि एक लघुतम परमाणु में भी एक केंद्र होता है, जिसके चहुंओर इलेक्ट्रॉन घूमता रहता है. अब इलेक्ट्रॉन का चक्कर हो या, पृथ्वी, सूर्य और तारे का. सभी घूम रहे हैं. सभी किसी केंद्र के चहुंओर घूम रहे हैं. अगर इलेक्ट्रॉन, परमाणु, अणु, जीव, चराचर सत्ता, पृथ्वी, सूर्य, चांद, तारे, आकाशगंगा सब के सब चक्कर लगा रहे हैं, तो यह अस्तित्व किस केंद्र के चारो ओर घूमता रहता है? इलेक्ट्रॉन जिस केंद्र की ओर घूमता है, उसकी ऊर्जा ठीक उसी प्रकार की है जैसी सूर्य के केंद्र की ऊर्जा होती है. इसको अब विज्ञान ने गॉड पार्टिकल कहा है. भारतीय जीवन सदा से कहता आ रहा है कि कंकड़ कंकड़ में शंकर का वास है. ईशोपनिषद का पहला ही मंत्र है. ओम ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत्. सबकुछ ईश्वर का है. सबमें वह ईश्वर ही वास करता है. उसके बिना एक भी अणु का अस्तित्व संभव नहीं है. हमारी परेशानी है कि हम सागर में ईश्वर रूपी बूंद को खोजते हैं, जबकि वह हरेक बूंद में सागर की तरह समावेशित है. जो अनंत ऊर्जा का केंद्र है, जो गॉड पार्टिकल है, वह हमारे जीवन के केंद्र में विराजमान है. वह परमाणु हमारे भीतर बैठा है. व्यक्ति के अंदर पूरा अस्तित्व है. विराट विराजमान है. हरेक कण के अणु में और हरेक अणु के परमाणु में वह मौजूद है, जिसकी ओर तथागत इशारा कर रहे हैं. इस अस्तित्व में चेतन है और अचेतन की भी सत्ता है. एक सुंदर फूल के वृक्ष के समीप एक पत्थर के टुकडे. की तरह. दोनों का इस सृष्टि में अस्तित्व है. ये चेतन या अचेतन अलग नहीं है. सब एक हैं.

## क्वॉड के मंच से चीन को चेतावनी

• सामयिकी

अरविंद जयतिलक

**अ**मेरिका के डेलवेयर के विलमिंगटन में क्वॉड (क्वाड्रिलेटरल सेक्युरिटी डायलॉग) देशों का ऐतिहासिक सालाना लीडर्स समिट संपन्न हो गया. इस समिट में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा क्वॉड के सदस्य देशों मसलन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शिरकत की. सदस्य देशों ने अपने साझा बयान में दक्षिण चीन सागर का जिक्र करते हुए दो टूक कहा कि 'हम पूर्वी दक्षिण चीन सागर के हालात को लेकर चिंतित हैं और सभी को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना चाहिए.' उल्लेखनीय है कि क्वॉड देशों का इशारा उस चीन की ओर है, जो दक्षिण चीन सागर में अपनी दादागिरी दिखा रहा है. अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने अनौपचारिक बातचीत के दरम्यान कहा कि चीन क्वॉड देशों की परीक्षा ले रहा है. इसके अलावा सदस्य देशों ने आतंकवाद और हिंसक चरम पंथ की भी जमकर निंदा की. साथ ही इससे निपटने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता भी जतायी. भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि क्वॉड समूह के देश किसी देश के खिलाफ नहीं है. बल्कि हम सभी कानून पर आधारित इंटरनेशनल सिस्टम, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान और मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के समर्थन में हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि क्वॉड समूह किसी भी ऐसी एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करता है, जो बल अथवा दबाव के जरिए यथास्थिति को बदलने की कोशिश करता है. किसी से छिपा भी नहीं है कि चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है. वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस, ताइवान और ब्रुनेई अपना-अपना दावा करते हैं. चीन यहां नकली द्वीप बनाकर अपने सैनिकों को तैनात कर रहा है. इसी खतरे को भांपते हुए क्वॉड के सदस्य देशों ने रणनीति के तहत इस क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने की नीति में तेजी लायी है. देखें तो क्वाड के सदस्य देशों में कोई ऐसा नहीं है, जिसका चीन से तनातनी न हो. बहरहाल दक्षिण चीन सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वॉड देशों की नई गोलबंदी से चीन उत्तेजित है और नाराजगी जाहिर करते हुए बार-बार कह रहा है कि क्वॉड देश इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा रहे हैं. जबकि सच्चाई यह है कि इस क्षेत्र की संप्रभुता को मिल रही चुनौती के लिए एकमात्र चीन ही जिम्मेदार है. उसके द्वारा निर्मित इस परिस्थिति से निपटने के लिए ही क्वॉड जैसे संगठन की जरूरत महसूस की गई.

> प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि क्वॉड समूह किसी भी ऐसी एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करता है, जो बल अथवा दबाव के जरिए यथास्थिति को बदलने की कोशिश करता है. किसी से छिपा भी नहीं है कि चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है. वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस, ताइवान और ब्रुनेई अपना-अपना दावा करते हैं.

गौर करें तो क्वॉड के गठनकाल से ही चीन की बेचैनी बढ़ी हुई है. उसे लग रहा है कि क्वाड में शामिल देश उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं. वह क्वाड को एक उभरता हुआ 'एशियाई नाटो' के तौर पर देख रहा है. वह जानता है कि क्वाड की मजबूती से इस क्षेत्र में उसकी मनमानी पर नियंत्रण लगेगा और समुद्र के जरिए दुनिया पर राज करने की उसकी मनोकामना पूरी नहीं होगी. यह सच्चाई भी है कि क्वॉड का लक्ष्य प्रशांत महासागर, अमेरिका और आस्ट्रेलिया में विस्तृत नेटवर्क के जरिए जापान और भारत के साथ मिलकर इस क्षेत्र में एक ऐसा वातावरण निर्मित करना है, जिससे एक स्वतंत्र, खुली और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त हो. नेविगेशन की स्वतंत्रता हो तथा ओवर-फ्लाइट एवं आसियान के निर्माण को लेकर काम किया जाए. याद होगा गत वर्ष इसी क्षेत्र में अमेरिका समेत 13 देशों ने 'हिंद-प्रशांत आर्थिक समूह'(आईपीईएफ) व्यापारिक समझौते को आकार देकर चीन की बढ़ती दादागीरी और धौंसबाजी पर निर्णायक लगाम लगाने की कवायद की थी. किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया भर के प्राकृतिक संसाधनों पर गिद्ध दृष्टि लगा बैठे चीन इस क्षेत्र में चोरी-छिपे मछलियों का बड़े पैमाने पर शिकार कर रहा है. चीन की इस हरकत से सभी देश परेशान है. दूसरी ओर वह इस इलाके में सुरक्षा बेड़ा खड़ा कर अन्य देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती दे रहा है. ऐसे में उस पर नकेल कसना बेहद जरूरी हो गया है. अच्छी बात है कि इस क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच सहमति बनती जा रही है. चीन के खिलाफ यह पहल इसलिए भी आवश्यक है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है. मौजूदा समय में यह क्षेत्र भू-राजनीतिक व सामरिक रूप से वैश्विक शक्तियों के मध्य रण का क्षेत्र बना हुआ है. इस क्षेत्र की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या के तकरीबन एक तिहाई से ज्यादा है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## दिसानायके के नेतृत्व में श्रीलंका किस ओर

• देशांतर

पुष्परंजन

**रा**ष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के राजनीतिक लक्ष्य अभी पूरे नहीं हुए हैं. यह लक्ष्य संसदीय चुनाव के बाद पूरा होना संभव है. श्रीलंका में 2022 के आर्थिक संकट के बाद पहला राष्ट्रपति चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें वामपंथी अनुरा कुमारा दिसानायक को बम्पर जीत मिली है. नेशनल पीपुल्स पावर, सिंहली में जिसे 'जातिका जन बलवेगय', बोलते हैं, की स्थापना 2019 में हुई थी. संसद में इस पार्टी की हालत उस मोर की तरह है, जो नाचते हुए जब अपने पांव की ओर देखता है, ठहर जाता है. संसद में केवल तीन सांसदों के बूते अनुरा कुमारा दिसानायक कुछ भी कर पाने की स्थिति में नहीं हैं. मंगलवार को नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) की सांसद डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है. वह इस पद पर आसीन होने वाली 16वीं शख्सियत बन गईं. डॉ. हरिनी अमरसूर्या न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और निवेश मंत्री के पोर्टफोलियो भी सम्भालेंगी. लेकिन यह सुनना थोड़ा अजीब लगेगा कि प्रधानमंत्री के पद की शपथ लेने के चंद घंटों बाद श्रीलंका की संसद भंग कर दी जाएगी. अब संसदीय चुनाव दिसंबर में होंगे.

हालांकि, श्रीलंका में राष्ट्रपति राज्य और सरकार दोनों का मुखिया होता है, लेकिन कार्यकारी राष्ट्रपति प्रणाली के कारण, दिसानायक को सारी चीजों को सुचारु रूप से चलाने के लिए सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होगी. श्रीलंका की 225 सदस्यीय मौजूदा संसद में अनुरा कुमारा दिसानायक की पार्टी के केवल तीन सांसद हैं. दक्षिणपंथी श्रीलंका पोदुजना पेरामुना के पास 225 सीटों में से 145 सीटों के साथ संसद में बहुमत रहा.

मंगलवार रात संसद भंग करने के बाद एनपीपी संसदीय चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करने की योजना बनाएगी. यदि एनपीपी दिसंबर में संसदीय चुनाव जीत जाती है, तो जो सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र से सबसे अधिक वोट और निर्वाचित सांसदों के बीच सबसे अधिक समर्थन प्राप्त करता है, उसे नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा. ऐसा नए राष्ट्रपति से सम्बद्ध सूत्रों ने जानकारी कोलम्बो से दी है. तीन सदस्य और इतने सारे विभाग. नौकरशाही को चलाना भी इतना आसान नहीं, जहां संसद में एनपीपी के केवल तीन सदस्य हों. वरिष्ठ सांसद विजिता हेराथ और नए शपथ लेने वाले सांसद लक्ष्मण निपुण अराची को कई विभागों के साथ मंत्री नियुक्त किया जा चुका है. निपुण अराच्ची ने कल ही सांसद के रूप में शपथ ली. यह जगह कोलंबो निर्वाचन क्षेत्र में अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा रिक्त हुई थी. एनपीपी खेमे के सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके संसद को भंग करने के बाद चुनाव की संभावित तिथि तय करेंगे. इस तिथि के बाद चुनाव आयोग नामांकन के लिए 10 से 17 दिनों का समय देगा.


> नौकरशाही को चलाना भी इतना आसान नहीं, जहां संसद में एनपीपी के केवल तीन सदस्य हों. वरिष्ठ सांसद विजिता हेराथ और नए शपथ लेने वाले सांसद लक्ष्मण निपुण अराची को कई विभागों के साथ मंत्री नियुक्त किया जा चुका है. निपुण अराच्ची ने कल ही सांसद के रूप में शपथ ली. यह जगह कोलंबो निर्वाचन क्षेत्र में अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा रिक्त हुई थी.

श्रीलंका में चार मंत्रियों की एक अंतरिम कैबिनेट के बीच 15 विभागों का बंटवारा हो चुका है. राष्ट्रपति दिसानायक पर्यटन, रक्षा, वित्त, न्याय, उद्योग और निवेश संवर्धन विभागों को अपने पास रखेंगे, जबकि प्रधानमंत्री विदेश मामलों, शिक्षा और मास मीडिया के अलावा बाक़ी विभागों को दो अन्य साथियों के सुपुर्द करेंगी. नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के एक वरिष्ठ सूत्र ने कहा कि दो महीने तक शासन सुचारु रूप से चलाने की चुनौती रहेगी, लेकिन हमारे नेता ऐसे समय को भी ढंग से मैनेज कर लेंगे. सबसे बड़ा सवाल है कि क्या श्रीलंका का निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और दबावमुक्त है? श्रीलंका का मीडिया गाहे-बगाहे टीएन शेषन को याद करता है. वहां के दैनिक अख़बार डेली मिरर ने आज अपने सम्पादकीय में लिखा, 'भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन के कार्यकाल के दौरान राजनेताओं को चुनाव कानूनों और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने का डर था. एक मामले में, मध्य प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान स्थगित कर दिया गया था, जहां एक कार्यरत राज्यपाल अपने बेटे के लिए प्रचार कर रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप अंततः राज्यपाल को इस्तीफा देना पड़ा. मैंने 'राजनेताओं को नाश्ते में खा लिया', शेषन प्रसिद्ध टिप्पणी थी.' **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### मीडिया में अन्यत्र

## शांति के बजाय युद्ध, समझौता के बजाय तनाव

**सबसे** पहले पेजर फटे. उसके बाद वॉकी-टॉकी की बारी आई. और फिर, इजराइल ने शक्तिशाली ईरान समर्थित लेबनानी-शिया आतंकवादी समूह हिज्बुल्लाह को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर बमबारी अभियान चलाया. जैसा कि मालूम होता है, पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोट इजरायल की समन्वित रणनीति का एक हिस्सा थे, जिसका मकसद 7 अक्टूबर, 2023 से धीमी गति से चल रहे युद्ध में हिज्बुल्लाह को कमजोर करना था. जब एक साल पहले हमास के हमले के बाद इज़रायल ने गाजा पर आक्रमण शुरू किया, तो हिज्बुल्लाह ने 'फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में' इजराइल पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए. गोलीबारी करते हुए, दोनों पक्ष इस बात को लेकर सावधान थे कि तनाव को एक पूर्ण युद्ध में तब्दील न होने दिया जाए, लेकिन इस सावधानी को उस वक्त तिलांजलि दे दी गई, जब इजराइल ने 31 जुलाई को बेरूत पर हवाई हमले में एक वरिष्ठ हिज्बुल्लाह कमांडर फुआद शुक्र को मार डाला. इजराइल के बड़े पैमाने पर, विशेष रूप से हिज्बुल्लाह के गढ़ दक्षिणी लेबनान में, हवाई हमलों के जवाब में मिलिशिया समूह ने इजराइल पर सैकड़ों रॉकेट दागे. उत्तर में चल रहे इस युद्ध ने लगभग 70,000 इजरायलियों को अपने घरों से भागने पर मजबूर कर दिया है. इस महीने की शुरुआत में, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एलान किया कि विस्थापित निवासियों को उत्तरी ऊपरी गलील क्षेत्र में अपने घरों में लौटने में समर्थ बनाना वर्तमान में चल रहे युद्ध के उद्देश्यों में से एक है. फिर पेजर विस्फोट और उसके बाद हवाई हमले हुए. लेबनानी अधिकारियों के मुताबिक, सिर्फ दो दिनों में ही इजराइल के हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 575 लोग मारे गए. जवाबी कार्रवाई में, हिज्बुल्लाह ने बुधवार को तेल अवीव की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल सहित ताबड़तोड़ गोले दागे. संघर्ष अब जबरदस्त घमासान दौर में है और देखने वाली बात यह होगी कि इजराइल जमीनी हमले शुरू करता है या नहीं. सन् 1978 में, इजराइल ने फिलिस्तीनी गुरिल्लाओं को लितानी नदी के उत्तर से खदेड़ने के मकसद से लेबनान पर हमला किया था. वह अभियान असफल रहा था. सन् 1982 में, उसका हमला-इस बार, मकसद पीएलओ को लेबनान से बाहर धकेलना था-पीएलओ को लेबनान से स्थानांतरित होने के लिए मजबूर करने में कामयाब रहा, लेकिन इस युद्ध की वजह से हिज्बुल्लाह का निर्माण हुआ. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


## श्रद्धा/विश्वास

**गोस्वामी** तुलसीदास ने रामचरित मानस के प्रांरभ में वंदना की है-भवानी शंकरौ वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ. अर्थात मैं भवानी और शंकर की वंदना करता हूं जो श्रद्धा और विश्वास के रूप हैं. भवानी जगज्जननी हैं तो शंकर जगत्पिता. दोनों अलग-अलग होकर भी एक हैं. उनके एक होने से ही संपूर्णता आती है. जब संपूर्णता आती है तो लोकों का सृजन होता है. यदि भवानी श्रद्धा हैं और शंकर विश्वास तो क्या श्रद्धा और विश्वास भी एक ही हैं? इस बात को समझने के लिए दोनों शब्दों का अर्थ समझना होगा. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार श्रद्धा का अर्थ है किसी पर किया जानेवाला विश्वास, भक्ति, आस्था, किसी के प्रति आदर, सम्मान और स्नेह का भाव, बुद्ध, धर्म और संघ में विश्वास. एक प्रकार की मनोवृत्ति, पूज्यभाव, शुद्धि, चित्त की प्रसन्नता, पुराणों के अनुसार वैवस्वत मनु की पत्नी, कामायनी, घनिष्ठता, परिचय, गर्भवती स्त्री के मन की अभिलाषा, प्रबल या उत्कट इच्छा. श्रद्धा एक प्रकार की मनोवृत्ति है, जिसमें किसी बड़े या पूज्य व्यक्ति के प्रति भक्तिपूर्वक विश्वास के साथ उच्च और पूज्य भाव उत्पन्न होता है. श्रद्धा एक सम्मानित व्यक्ति में एक आंतरिक योग्यता और अनुलंघनीयता और सम्मान करनेवाले में समान गहराई की भावना रखती है. श्रद्धा के मुख्यतः तीन स्वरूप होते हैं सात्विक, राजसिक और तामसिक. सात्विक व्यक्ति सात्विक ढंग से, राजसिक व्यक्ति राजसिक ढंग से और तामसिक व्यक्ति तामसिक ढंग से श्रद्धा करता है. दूसरा शब्द है विश्वास. शब्दकोशों के अनुसार इसका अर्थ है आस्था, भरोसा, यकीन, ऐतबार. श्रद्धा स्थायी होती और विश्वास क्षणिक. विश्वास इच्छापूर्ति की कामना करता है. अपने मन से आराध्य को चलाने की इच्छा जाहिर करता है, पर श्रद्धा कामना से रहित होती है और अपने आराध्य के अनुसार चलने की कोशिश करती है. विश्वास लहर के समान होता है, जो किनारे आकर समाप्त हो जाता है. श्रद्धा वह आरंभिक विश्वास है, जिसके आधार पर हम किसी विषय को सत्यापित करने हेतु प्रमाण आदि की खोज के लिए प्रेरित होते हैं.

## जनजीवन में है एक जोकर की जरूरत

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



**भ**ले ही यह विरोधाभास लगे, लेकिन जहां जहां, किसी भी कारण से, वातावरण बेहद गंभीर हो जाता है, वहां एक जोकर की उपस्थिति आवश्यक हो जाती है. सर्कस तो आपने देखा ही होगा. वहां बेहद खतरनाक करतब दिखाए जाते हैं, लोगों की सांसें थम जाती हैं. तभी एक जोकर आता है और अपनी हास्यास्पद अदाओं से वह गंभीर वातावरण को चुटकियों में हल्का कर देता है. हम हर समय गंभीर बने नहीं रह सकते. सच तो यह है कि जो लोग हंसते, मुस्कराते नहीं, उनसे हमेशा सावधान रहने की ज़रूरत है. जोकर मसख़रा होता है. मज़ाक करता है. वह जोक सुनाता है. अपनी हुलिया भी वह कुछ ऐसी बना लेता है, जिसे देखकर हंसी छूट जाए. हंसाना ही उसका मुख्य काम होता है. लोग बड़े बड़े गंभीर कार्यों को अंजाम इसीलिए दे पाते हैं कि उनके आसपास एक जोकर भी होता है जो उनके गंभीर कार्यों को सरल और संभव बना देता है. कभी बहस करते हुए दो व्यक्तियों को ध्यान से देखिए. जैसे जैसे बहस बढ़ती जाती है, लगता है कहीं परस्पर हाथापाई न हो जाए. बस तभी एक जोकर की ज़रूरत होती है. वह बीच में कुछ ऐसी बात कह देता है कि हाथापाई पर आमादा व्यक्तियों का स्नायुतंत्र ढीला पड़ जाता है और उन्हें तनाव से मुक्ति मिल जाती है. हाथापाई कम से कम स्थगित तो हो ही जाती है. जोकर कभी हिंसक नहीं हो सकता. उसका एतबार हमेशा अहिंसा में रहा है. गंभीर से गम्भीर काम खतरे में न पड़ जाएं, इसलिए हंसी की थोड़ी खुराक ज़रूरी होती है. गंभीर बने रह पाना, कोई हंसी-खेल नहीं है. इसके लिए हंसी आवश्यक है. आप हंसते हैं इसीलिए गंभीर भी रह सकते हैं. जो हंस तक नहीं सकता, वह गंभीर भला क्या रह पाएगा? हंसना अपने आप में एक गंभीर विषय है, क्योंकि यही वह काट है, जो आपको जानलेवा गंभीरता से मुक्त करती है, लेकिन हंसी की मात्रा का भी ख्याल रखना ज़रूरी होता है. ध्यान रहना होता है कि हंसी भी कहीं जानलेवा न हो जाए. ज्यादह हंसी और ज्यादह गंभीरता दोनों ही वर्जित हैं. अति किसी की भी क्यों न हो, अच्छी नहीं होती. आप कल्पना करें कि आपको कुछ समय के लिए अकेला छोड़ दिया जाए और इस तरह आपको गंभीर बने रहने के लिए मजबूर कर दिया जाए. ज़ाहिर है आप ऐसी स्थिति देर तक बर्दाश्त नहीं कर सकते. उकता जाएंगे. आपको तब एक जोकर की आवश्यकता महसूस होगी ही होगी, जो आपको थोड़ा हंसा सके और वातावरण को थोड़ा हलका बना सके. जिन लोगों को अंतरिक्ष यात्रा पर भेजा जाता है, वे पारंपरिक रूप से गंभीर और समझदार व्यक्ति होते हैं. लेकिन उनकी यात्रा यदि साल-दो-साल की हो तो वह काफी उबाऊ हो सकती है. नासा मंगल मिशन पर एक टीम भेज रहा है. इसमें ज़ाहिर है वे लोग ही स्थान पा सकते हैं जो जानकार हों, समझदार हों और जो अपने मिशन के लिए समर्पित हों. इस मिशन पर अज्ञानियों और नासमझों के लिए कोई स्थान हो ही नहीं सकता.

भाजपा व कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों पर क्या सोच रही है सदर विस क्षेत्र की जनता, जानने की कोशिश की शुभम संदेश की टीम ने

# क्या है जनता की पसंद, भाजपा व कांग्रेस से टिकट को लेकर क्या हैं उम्मीदें

संवाददाता। हज़ारीबाग़

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर देगी. इसको लेकर क्षेत्र की जनता में उत्सुकता देखी जा रही है. हज़ारीबाग़ सदर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता भी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. जनता ये उम्मीद कर रही है कि पार्टियां कम से कम स्वच्छ छवि के नेता को टिकट दे, जिससे यहां जो भी उम्मीदवार चुनाव जीते वह अपने कल्याण में न लगे रहे, बल्कि जनता के कल्याण लिए कार्य करें और दुख-सुख में जनता के बीच रहे. शुभम संदेश की टीम ने हज़ारीबाग़ सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता से जाना कि उन्हें कैसा उम्मीदवार चाहिए और उनकी अपने क्षेत्र के उमीदवारों से क्या अपेक्षाएं हैं. साथ ही ये भी जानना चाहा कि बीजेपी और कांग्रेस में क्या ऐसा कोई नेता है जिसे जनता अपना विधायक के रूप में देखना चाहती है?

**उम्मीदवार योग्य और शिक्षित हो :** उम्मीदवार योग्य और शिक्षित होना चाहिए ताकि चुने जाने पर वह क्षेत्र का विकास करवा सके. ऐसा उम्मीदवार होना चाहिए जो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार पैदा करने में सक्षम हो. नयी सोच, नए संकल्प, आत्मविश्वास और जोश से लबरेज उम्मीदवार चिकित्सा, उच्च शिक्षा, स्वच्छ पेयजल के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर सकता है. भाजपा के किशोरी राणा , शारदानंद सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, अमरदीप और कांग्रेस के मुन्ना सिंह, केशव पतिदेव में ये गुण हैं.


मुन्ना सिंह, कांग्रेस


सदानंद सिंह, भाजपा


किशोरी राणा, भाजपा


अमरदीप यादव, भाजपा


भैया अभिमन्यु प्रसाद, भाजपा

### स्थानीय उम्मीदवार बेहतर

आम धारणा है कि चुनाव में स्थानीय व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने से उसके चुनाव जीतने की संभावना प्रबल रहती है. ऐसा उम्मीदवार अपने क्षेत्र के लोगों और वहां की समस्याओं से अवगत रहता है. साथ ही मतदाता भी उम्मीदवार से परिचित रहते हैं. इसलिए स्थानीय उम्मीदवार बेहतर रहता है. जनता की नजर में भाजपा से अमरदीप यादव और कांग्रेस से मुन्ना सिंह ऐसा ही उम्मीदवार है जो आम तौर पर लोगों के बीच रहता है. ये दोनों को टिकट मिलना चाहिए.

**शमशाद , मटवारी**

### जरूरी है साफ छवि

आम जनता की छोटी-छोटी समस्याओं को सुनने और समझने वाला नेता उनके बीच रहने वाला ही हो सकता है. ऐसा व्यक्ति अपने आसपास के लोगों के बारे में जानता है. मुश्किल यह है कि स्थानीय उम्मीदवार भी अपने लोगों का ही भला करता हुआ नजर आता है. अब किशोरी राणा को देखिये. प्रवासी मजदूरों और ग्रामीण लोगों के लिए बहुत कुछ किया है उन्होंने. बीजेपी से टिकट के दावेदार वो भी हैं. कांग्रेस से मुन्ना सिंह, केशव पतिदेव उर्फ केशव कुशवाहा टिकट की रेस में हैं.

**हिमांशु कुमार, हजारीबाग**

### जो रहता है जनता के बीच

राजनीतक दलों को उम्मीदवारों का चयन करते समय स्थानीय व्यक्ति व स्वच्छ छवि उम्मीदवार को प्राथमिकता देनी चाहिए. ऐसा व्यक्ति जो जनता के बीच रहता है. ऐसा जन-प्रतिनिधि ही अपने क्षेत्र की समस्याओं को ज्यादा बेहतर समझता है और सदन में समस्याओं को उठा सकता है. भैया अभिमन्यु, अमरदीप यादव भाजपा से पढ़े लिखे नेता हैं. भाजपा इन्हें टिकट दे सकती है. कांग्रेस से दो नेता मुन्ना सिंह और केशव पतिदेव उर्फ केशव कुशवाहा अच्छे उम्मीदवार हो सकते हैं.

**राखी कुमारी, हज़ारीबाग़**

### सस

राजनीतिक दलों को ऐसे उम्मीदवार को प्राथमिकता देनी चाहिए जो उम्मीदवार अपने क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं. बस चुनाव के समय जनता के बीच दिखने वाले नेताओं को तो कभी टिकट नहीं मिलना चाहिए. हालांकि यह भी सच है कि राजनीतिक दल अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए चुनावों में बाहरी उम्मीदवारों को टिकट वितरित करते रहते हैं, जिससे स्थानीय जनता में असंतोष की भावना पैदा हो जाती है. यहां भाजपा से किशोरी राणा, अमरदीप, श्रद्धानंद रेस में हैं. वहीं कांग्रेस से मुन्ना सिंह प्रबल दावेदार हैं.

**सचिन कुमार, देवांगना चौक**

### मेरे लिए तो दो ही उम्मीदवार हैं.

मुन्ना सिंह कांग्रेस से और प्रदीप प्रसाद भाजपा से. ये दोनों सामाजिक हैं और सुख-दुख में लोगों के बीच नजर आते हैं. इसके साथ ही जन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास करते हैं. बाकी पार्टी की मर्ज़ी जिसको टिकट दे. पार्टियों को बस इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह जिस भी उम्मीदवार का चयन करे वह स्वच्छ छवि, सकारात्मक सोच वाला और ईमानदार होना चाहिए ताकि जीतने पर वह आम लोगों की समस्याओं का समाधान कर सकें.

**दीपक सिंह**

## न्यूज अपडेट

### अंग्रेजी व देसी महुआ शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के नावाडीह में पुलिस ने छापामारी कर अंग्रेजी और देसी महुआ शराब बरामद की है. इस सिलसिले में शराब बेचने और रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. पुलिस ने गुप्त सूचना पर बुधवार रात्रि में नावाडीह के राजेश भूईहर के घर छापामारी की. यहां से गॉडफादर (500 एमएल) की 20 पीस केन बीयर, रॉयल स्टैग (180एमएल) शराब की 4 बोतल, रॉयल स्टैग (375 एमएल) शराब की तीन बोतल और स्टर्लिंग रिजर्व बी7 (180एमएल) की एक पीस बोतल शराब बरामद की है. दो सफेद गैलन में 20 लीटर देसी महुआ शराब भी जब्त की गई है. मौके से नावाडीह निवासी राजेश भूईहर (42) को गिरफ्तार किया गया.

### ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना का शिलान्यास



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड की बारलोंग पंचायत अंतर्गत लोदरोबेड़ा में लाखों की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना का शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, आजसू के जिला कोषाध्यक्ष किशुनराम मुंडा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. मुख्य अतिथि ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में विकास का कार्य किसी भी हाल में नहीं रुकेगा. मौके पर बारलोंग मुखिया रेखा देवी, मोहराय महतो, सुनीता देवी, अनिता देवी, सुशीला देवी, सरिता देवी, लखिंद्र महतो, मोहरलाल महतो, कुंवर महतो, फुलेश्वर महतो, जगरनाथ बेदिया, टेकलाल महतो सहित कई मौजूद थे.

### पीएम 2 अक्टूबर को पहुंचेंगे हजारीबाग गांधी मैदान



**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 2 अक्टूबर को हजारीबाग आगमन को लेकर गुरुवार को भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण कर जायजा लिया. इससे पहले सभी नेताओं ने झारखंड पुलिस एकेडमी के हेलीपैड और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के ग्राउंड का भी अवलोकन किया. कार्यक्रम स्थल पर टेंट- पंडाल का कार्य शुरू हो चुका है. राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया कि झारखंड प्रांत के सभी 6 मंडलों में भाजपा के संगठन के दृष्टि से चल रही परिवर्तन यात्रा के समापन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आगमन हजारीबाग में होने जा रहा है.

### विनय सिंह बने चतरा जिला सांसद के प्रतिनिधि



**चतरा।** सांसद सह झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता विनय सिंह को चतरा जिला सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है. उन्होंने इस आशय से संबंधित पत्र उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक को जारी किया है. जारी पत्र में सांसद ने अपनी अनुपस्थिति में आयोजित होने वाली सभी जिलास्तरीय बैठकों में शामिल होने को लेकर अधिकृत किया है. ज्ञात हो कि विनय सिंह चतरा सदर प्रखंड स्थित ग्राम खरीक के निवासी हैं, तथा लंबे समय से भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ता रहे हैं. विनय सिंह को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का आभार व्यक्त किया है. बधाई देने वालों में पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, अरुण चौरसिया, राजकुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, रिंकू सिंह, राजेश कुमार उर्फ बुदुल आदि शामिल हैं.

### अल्ट्रासाउंड केंद्र की जांच कर करें कठोर कार्रवाई

**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में गुरुवार को पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहकार समिति बैठक उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में की गई. इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि लिंग जांच एवं गर्भपात को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट बनाया गया है. इसके समुचित क्रियान्वयन के लिए हमें संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करना है. सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि जिले में बच्चों का लिंग अनुपात 951 (नौ सौ एकावन) है. जिले में नया निबंधन हेतु 7 आवेदन एवं नवीनकरण हेतु 2 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसका स्थल निरीक्षण एवं प्रमाणपत्रों की जांच एक सप्ताह के अंदर कर लेना है. चिकित्सक की उपस्थिति बैठक के दिन सशरीर होना अनिवार्य है. उन्होंने सिविल सर्जन को जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्र की जांच कर पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया. बैठक में डॉ. दिनेश कुमार सिविल सर्जन चतरा, डॉ. मनीष लाल, प्रभारी उपाधीक्षक, सदर अस्पताल चतरा, डॉ. आशीष कुमार, सदर अस्पताल चतरा, डॉ. प्राची हांसदा, पैथोलोजिस्ट, सदर अस्पताल चतरा, डॉ. सपना अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल चतरा, सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा एवं संध्या प्रधान सचिव एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे.

### मानव विकास संस्था ने कृषक गुरुकुल का किया शुभारंभ

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र की पंचायत शिलाडीह के ग्राम चामुदोहर में मानव विकास द्वारा कृषक गुरुकुल खोला गया है, जिसमें ग्रामीणों को बिना मिट्टी का पौधा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया. इसके अंतर्गत महिला मंडल के सदस्य एवं किसान क्लब के सदस्यों के माध्यम से प्रैक्टिकल कर बिना मिट्टी के टमाटर, मिर्ची और बैंगन का पौधा तैयार करने की शुरुआत की गई. संस्था सचिव बीरबल प्रसाद ने बताया कि ये गुरुकुल में हमलोग कम से कम पानी का प्रयोग करके और काम लागत में अधिक से अधिक खेती करेंगे औरअब किसी गांव में किसी भी पुरुष को बाहर जाकर काम करने की जरूरत नहीं होगी. अब सभी लोग घर में रह कर अपने ही गांव में खेती बारी करके अपने परिवार के लिए जीविकोपार्जन करेंगे. साथ ही प्रत्येक गांव में दो दो नर्सरी तैयार करने को कहा, जिससे लोग कम से कम पैसे में पौधों को बेच कर अपना जीविकोपार्जन कर सकते हैं और इन्होंने ये भी बताया कि ये कृषक गुरुकुल में बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम मेरमगड्डा, गोरहर, चामुदोहर और खरियो में दो दो यूनिट में गेंदा फूल की खेती की भी शुरुआत की जा रही है. कार्यक्रम में को सफल बनाने में संस्थाकर्मी राहुल कुमार, रोबिन कुमार, मरियादास बास्के आदि का योगदान रहा.

## ब्रीफ खबरें

### राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 अक्टूबर से

**रामगढ़।** 18वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 28- 29 सितंबर की जगह लगातार बारिश होने के कारण अगले माह 14- 15 अक्टूबर को रामगढ़ के रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है. यह जानकारी झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह ने दी. उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप में परफॉर्मेंस के आधार पर झारखंड टीम का चयन किया जाएगा.

### लगातार बारिश से गिरा मकान, लाखो का नुकसान

**रामगढ़।** प्रखंड के थामटोला में लगातार बारिश की वजह से मिट्टी का घर गिरा गया. घर के अंदर रखा हुआ करीब एक लाख का सामान दबकर बर्बाद हो गया. भुक्तभोगी इंद्रदेव यादव ने गुरुवार को बताया कि घर में रखे खाने पीने एवं पहनने ओढ़ने के सारे सामान घर गिरने की वजह से दबकर बर्बाद हो गए, जिसमें चावल, गेहूं, आटा, दाल, कपड़े एवं बिछावन के समान शामिल हैं.

### 17 सूत्री मांगों को लेकर मजदूरों ने दिया धरना

**रामगढ़।** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर गुरुवार को भामसं से संबद्ध सीसीएल सीकेएस द्वारा 17 सूत्री मांगों को लेकर जीएम कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया गया. वक्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर कोयला उद्योग में कार्यरत मजदूरों की जायज मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है.

### प्रतियोगिता के ट्रायल में दो छात्राएं सफल

**रामगढ़।** राष्ट्रीय स्तर में श्री नारायण उच्च विद्यालय बरकाकाना के दो बालिका नैना कुमारी और सीमा कुमारी के चयन से क्षेत्र में ख़ुशी की लहर है. राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के लिए विभिन्न खेलों के ट्रायल शुरू हुआ. ट्रायल रांची के खेलगांव, बीएसपी उच्च विद्यालय धुर्वा, बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित हुए. रांची के विभिन्न केंद्रों में आयोजित ट्रायल में 21 खेलों के लिए 600 से अधिक बच्चों ने भाग लिया.

हाईवा और मोटरसाइकिल की टक्कर में 22 साल के युवक की मौत और एक घायल

# आखिर 18 घंटे बाद जाम हटा

संवाददाता। केरेडारी

केरेडारी-टंडवा मुख्य मार्ग अंतर्गत बूढ़ी मंईयां सड़क मार्ग के समीप गंगटिया गड्ढा के पास बुधवार की शाम तकरीबन 7 बजे हाईवा की टक्कर से बाइक सवार 22 साल के युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई. मृतक की पहचान चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेबारा गांव निवासी विजय पांडेय का छोटा पुत्र अभिषेक पांडेय के तौर पर की गई. इस दुर्घटना में चतरा जिला के लोढ़ा गांव निवासी शंकर यादव के पुत्र कृष्णा यादव गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए फिलहाल रांची ले जाया गया है. मृतक युवक अभिषेक पांडेय बड़कागांव प्रखंड में महिंदर कोटाक फाइनेंस कंपनी में लोन रिकवरी एजेंट के तौर पर कार्यरत था और घायल कृष्णा यादव के बारे में जानकारी नहीं मिली है.

इस घटना के बाद तत्काल केरेडारी-टंडवा मुख्य पथ को जाम कर दिया गया. जाम बुधवार की शाम से 7 बजे से गुरुवार के दिन दोपहर के 3 बजे तक बना रहा. जाम को हटाने के लिए एवं पीड़ित परिवार को उचित न्याय दिलाने हेतु बड़कागांव अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल थाना प्रभारी अजीत कुमार, टिंकू सिंह, प्रमुख सुनीता देवी, पेटो पंचायत के पंसस अरविंद साव, मुखिया कोशिल्या देवी, गुरुदयाल साव, कांग्रेस नेता प्रेमरंजन पासवान, जेएलकेएम के बालेश्वर कुमार, लिलाधन प्रजापति, बीस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम एवं सर्व ब्राह्मण समाज टंडवा के उपेंद्र पांडेय (राहम) अजीत पांडेय (केमो) आदि मौके पर जमे रहे. मृतक एवं घायल के परिजनों से सहमति लेते हुए पीएनएम एवं रित्विक कंपनी के पदाधिकारियों से क्रमशः वार्तालाप करके मृतक के परिजन को आर्थिक सहयोग के तौर पर साढ़े चार लाख रुपये एवं घायल के समुचित इलाज का प्रबंध कराने हेतु एक लाख रुपये की राशि प्रदान करने पर 18 घंटा बाद जाम हटा लिया गया. इसके बाद आवागमन शुरू हुआ.


सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद सड़क जमा लोग.

### नो एंट्री का हो सख्ती से पालन : इंटक

**हजारीबाग।** बड़कागांव-टंडवा मार्ग पर हाईवा से हो रही सड़क दुर्घटना के खिलाफ राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की पूरी इकाई काफी दुखित है व्यथित हैं. बीते बुधवार को भी दंभाबागी में मोटरसाइकिल सवार की मृत्यु हो गई. हाईवा ने उसे कुचल दिया और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है. इन सभी बिंदुओं पर संज्ञान लेते हुए प्रदेश के अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडे ने अपने प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला, प्रदेश सचिव धीरज सिंह, जिला महासचिव कजरू साहू, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र पांडे, जिला महासचिव अर्जुन राम को घटनास्थल पर भेजे और घटना की संपूर्ण जानकारी ली. घटनास्थल पर पहुंचकर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस दर्जनों लोगों के साथ वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए और जिला उपायुक्त, एसडीओ, पुलिस अधीक्षक, डीटीओ और सीओ केरेडारी को तत्काल इस पर संज्ञान लेने को कहा. सीओ केरेडारी राम रतन कुमार बरनवाल और थाना प्रभारी अजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक समेत तमाम आलाधिकारी वहां पहुंचे और मृतक के परिवार को 4:30 लाख रुपये मुआवजा और घायल परिवार को 100000 मुआवजा दिलवाया. इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने जिले के आला अधिकारियों को कहा है कि एनटीपीसी की कोल कंपनियों के हाईवा का परिचालन नियमानुसार नहीं किया जा रहा है. सभी हाईवा का परिचालन नियमों के अनुसार होने के साथ ही नो एंट्री का शक्ति से पालन हो. जिले के डीटीओ साहब ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही कैंप लगा कर पूरे वाहनों के कागजात जांच की जाएगी और ड्राइवर के लाइसेंस और गाड़ी के कागजात जांचे जाएंगे. जो दोषी होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी.

## कोयला मजदूरों को मिल सकता है 95,000 रु. पूजा बोनस : सीटू

- 29 सितंबर को दिल्ली में होने वाली बोनस कमिटी की बैठक पर टिकी निगाहें

संवाददाता। हजारीबाग

सीआईटीयू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने कहा कि कोयला मजदूर और उसके परिवार की नजर 29 सितंबर को दिल्ली में होने वाली कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी की बैठक पर टिकी हुई है. इसी बैठक में कोयला मजदूरों को पूजा बोनस कितना मिलेगा उसका फैसला होना है? दुर्गा पूजा के अवसर पर कोयला मजदूरों को मिलने वाला बोनस कोलांचल क्षेत्र के लिए विशेष आकर्षण रहा है. 3 अक्टूबर से दुर्गा पूजा आरंभ हो रहा है. इसके पहले बोनस को लेकर प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच बैठक हो रही है. बीते कई वर्षों से दुर्गा पूजा के पंचमी या षष्ठी को बोनस भुगतान होता रहा है. 2023 में कोयला मजदूरों को 85000 बोनस मिला था. फिलहाल बोनस भुगतान को लेकर कोल इंडिया में प्रॉफिट लिंक स्कीम लागू नहीं है इसलिए प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच वार्ता से बोनस तय होता रहा है. इसी साल जून माह में कोल इंडिया अपेक्स जेसीसी की बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन ने प्रॉफिट लिंक्ड स्कीम का प्रस्ताव रखा था. प्रस्ताव के अनुसार इस वर्ष कोयला मजदूरों को 918 00 रुपए तक बोनस मिल सकता है. हालांकि यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था इसलिए इस बार भी प्रबंधन और यूनियन के बीच वार्ता में बोनस कितना मिलेगा यह तय होगा. बीते वित्तीय वर्ष 2023- 24 में व कोल इंडिया को रिकॉर्ड मुनाफा 37, 402.29 करोड़ रुपये हुआ है. जो वर्ष 2023 की तुलना में 17.75% अधिक है. एक दशक में मजदूरों को पूजा के अवसर पर मिले बोनस पर नजर डालें तो हमेशा वृद्धि का रुख रहा है.

### दो दिनी जितिया मेले का सांसद ने किया उद्घाटन

**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पंचायत बेस अवस्थित जितिया मेला मंडप मैदान में गुरुवार को जितिया मेला समिति की ओर से दो दिवसीय मेले का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने किया. इससे पहले यहां पहुंचने पर सांसद सहित अन्य अतिथियों का आयोजन समिति ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया. इस साल पहली बार सांसद की पहल से मेले में झूला लगा है. मौके पर सांसद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने पूर्व की घोषणा के अनुरूप मेला स्थल के विकास के लिए विधायक निधि की राशि उपलब्ध कराई है. भविष्य में मेले को व्यापक और सुव्यवस्थित किया जायेगा और यहां अगर वन विभाग से आदेश मिला तो एक सांस्कृतिक भवन का भी निर्माण कराया जायेगा. मेले के आयोजन में मेला समिति के अध्यक्ष जगरनाथ साव, सचिव नागेश्वर भोगता, कोषाध्यक्ष मनोज राम आदि जुटे हैं.

## फर्जी झारखंड आंदोलनकारियों की भरमार, असली हो रहे परेशान

- आयोग के अध्यक्ष पर फरियाद सुनने के बजाय पुलिसिया तेवर दिखाने का आरोप

संवाददाता। चतरा

झारखंड वनांचल आंदोलनकारी आयोग के दफ्तर में फर्जी झारखंड आंदोलनकारियों की भरमार है. इसके विपरीत असली आंदोलनकारी अपनी पहचान तथा उपस्थित दर्ज करने को लेकर परेशान हो रहे हैं. उक्त बातें चतरा क्षेत्र से आंदोलनकारी का प्रतिनिधि दल में शामिल चतरा सदर प्रखंड के मादी उरांव, महेश बांडो, संतोष गंझू, उदय यादव, सभी ग्राम डाढा, सुखी भुइयां ग्राम सेहदा तथा नागेश्वर गंझू ग्राम सेल ने कहीं. लोगों ने बताया कि 25 सितंबर की रात रांची में वे सभी झारखंड वनांचल आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के दफ्तर का कई बार चक्कर लगा चुके हैं. बड़ी मुश्किल से हम में से महज आठ लोगों को चिन्हित किया गया है. जबकि सन 1983 में धारा 188 के अंतर्गत वाद संख्या 81/83 में हमारे 108 आंदोलनकारियों को चतरा मंडल कारा और हज़ारीबाग़ केंद्रीय कारा में जगह नहीं होने के कारण कोडरमा मंडल कारा भेजा गया था. वर्ष 2012 में ही डाक द्वारा चिन्हितीकरण के लिए आवेदन आयोग को भेजा गया था. आज तक दौड़ भी लगा रहे हैं, लेकिन इसमें से केवल 8 आंदोलनकरियों को चिन्हित किया गया है. इसी मामले में एक ही केस, एक ही धारा तथा एक ही तारीख को गिरफ्तार कर सभी 108 जनों को एक ही साथ कोडरमा मंडल कारा भेजे जाने वाले दूसरे आंदोलनकारियों को अब तक चिन्हित नहीं किया गया है. वहां आयोग के अध्यक्ष, जो अवकाश प्राप्त पुलिस महानिरीक्षक हैं, हमारी फरियाद को सुनने के बजाय पुलिसिया तेवर दिखाते हुए सुनने से इंकार करते हैं.

**बैठक** डीसी ने मनरेगा योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की

# मनरेगा योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराज हुईं उपायुक्त

संवाददाता। हजारीबाग

उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वार संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई. बैठक में उपायुक्त एवं डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा, आंगनबाड़ी योजना की प्रगति, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना, पीड़ी जेनरेसन, जिओ टैगिंग, जनमन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस की स्तिथि, जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की.



उपायुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति में कम प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों पर नाराज़गी जाहिर की. उन्होंने कमतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों के बीडीओ को कार्य की प्रगति में सुधार करने और क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का का निर्देश दिया. उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के बीडीओ को निर्देशित किया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए विभिन्न योजनाओं के आवेदन को स्वीकृत कर उन्हें शुरू करें. उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि अबुआ आवास योजना के लिए जो टारगेट मिला है उसमें शत प्रतिशत पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें. अबुआ आवास योजना की तीसरा क़िस्त जारी करवा कर निर्माण कार्य पूर्ण करवा लें ताकि गृह प्रवेश ससमय कराया जा सके. उन्होंने कहा कि बिरसा कूप संवर्धन योजना में गूगल शीट में वर्कआउट करने की जरूरत है और आंगनबाड़ी योजना में निर्माण कार्य शुरू किया जा सकता है. उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निदेशित किया कि अबुआ आवास योजना का लाभ वैसे लाभुकों को दिया जाए जिन्हें पूर्व में कभी आवास योजना का लाभ ना मिला हो, अगर ऐसा मामला सामने आता है तो संबंधित बीडीओ पर्सनली जाकर जांच कीजिए. साथ ही कार्य में कोताही बरतने वाले बीपीओ, ऑपरेटर व अन्य कर्मी पर कार्यमुक्त करने का अनुशंसा करने की बात कही.

### सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विजिट करें : उपायुक्त

बैठक के अंत में उपायुक्त ने उपस्थित सभी बीडीओ को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान मिली खामियों को इस बार पहले ही दूर करने का प्रयास करें ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े. इस बार वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हो इस दिशा में भी काम करने की जरूरत है. सभी संबंधित पदाधिकारी अपनी-अपने क्षेत्र में विजिट करें और मतदान केंद्रों में आवश्यक समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें. बैठक में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के अलावा डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, सभी प्रखंड के बीडीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे.

## करमा व चौपारण के व्यवसायी महुआ शराब को दे रहे बढ़ावा

- ग्रामीणों का आरोप-मूकदर्शक बना हुआ है प्रशासन और उत्पाद विभाग

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड मुख्यालय से 20 किमी दूर झारखंड-बिहार सीमा के जंगल-पठारों के बीच ढांढर नदी के मुहाने पर बसे अति उग्रवाद प्रभावित चौपारण प्रखंड के भगहर-परसातरी में अवैध तरीके से महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है. इस संबंध में भगहर के ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन व उत्पाद विभाग करमा एवं चौपारण के आधा दर्जन व्यवसायी पर लगाम लगा कर महुआ, गुड़ और ड्राम भगहर में सप्लाई बंद करवा दे तो स्वतः अवैध शराब बनना रुक जाएगा.

सूत्रों के अनुसार बिहार का पिकअप वाहन महुआ, गुड़ लोड कर भगहर होते हुए बिहार जाने के क्रम में भगहर जंगल मे पुलिस ने पकड़ा, जिसपर करमा के व्यवसायी का कागज दिखाने पर उसे छोड़ दिया गया. ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की एक पहल से पंचायत में शराब बनाने में उपयोग किया जाने वाला सैकड़ों पेड़ कटने से बच जाएंगे. मालूम हो कि भगहर के आसपास के जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब की भट्टियां चल रही हैं, जिसकी भट्ठी में दिन-रात लकड़ी जलती रहती है. सूत्रों की मानें तो लकड़ी, पत्थर, बालू, अबरख, कत्था, केंदू पत्ता सहित दर्जन भर अवैध धंधा बेखौफ चलता रहता है. इसमें खास कर अवैध महुआ शराब की लघु व कुटीर उद्योग घर-घर देखा जा सकता है. क्षेत्र में वर्तमान समय मे दो सौ से अधिक महुआ शराब की भट्टियां चल रही हैं. शराब भट्टियों से हर दिन लाखों रुपये की महुआ शराब बिहार के विभिन्न शहरों तक पहुंच रही है. इस संबंध में उत्पाद पदाधिकारियों की चुप्पी के कारण दिन प्रतिदिन अवैध शराब भट्ठियों का इजाफा हो रहा है.

**प्रशासन को लगातार कार्रवाई करनी चाहिए :** वहीं बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला ने कहा कि भगहर, दैहर, रामपुर, करमा सहित अन्य पंचायत के गांवों में अवैध महुआ शराब भट्ठी पर प्रशासन को लगातार कार्रवाई करनी चाहिए. प्रतिदिन हजारों पेड़ काट कर एक तरफ अवैध शराब भट्ठी में आग के हवाले और वही कीमती लकड़ी को आरा मशीनों में चिराई कर जंगल को उजाड़ रहे हैं.


महुआ व गुड़ लोड कर भगहर एवं बिहार जाता पिकअप वाहन

### चेस ओलंपियाड के गोल्ड मेडलिस्ट से मिले पीएम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद शतरंज खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा

# शतरंज ओलंपियाड विजेताओं ने पीएम मोदी को गिफ्ट किया चेस बोर्ड

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के युवा शतरंज खिलाड़ियों से अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की. इस मुलाकात का वीडियो पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शेयर किया है. पुरुष और महिला दोनों टीमों ने पीएम मोदी को चेस बोर्ड गिफ्ट किया. इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रगनानंदा और अर्जुन एरिगैसी के बीच एक रोमांचक शतरंज मुकाबले का भी लुत्फ लिया. इस मुलाकात के बाद, शतरंज के सितारों ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें इतना



सहज महसूस कराया कि ऐसा लगा ही नहीं कि वे देश के प्रधानमंत्री से बात कर रहे हैं. डी. गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और आर. प्रगनानंदा के शानदार प्रदर्शन के कारण पुरुष टीम ने स्लोवेनिया पर अंतिम दौर में रोमांचक जीत हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया. जबकि हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल, तानिया सचदेव की महिला टीम ने अजरबैजान को 3.5-0.5 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया.



टीम के कप्तान अभिजीत कुंते ने बताया कि उन्हें कैसे पता चला कि पीएम मोदी ने अमेरिका में अपने भाषण में उनकी जीत का जिक्र किया है. उन्होंने कहा, वह बहुत उत्सुक थे कि 100 वर्षों में हमने जो उपलब्धि हासिल की है, उसके बारे में पूरी दुनिया को पता चले. 22 सितंबर को अमेरिका में पीएम के भाषण से कुछ घंटे पहले ही हमने जीत हासिल कर ली. जब हमने भाषण सुना, तो पीएम ने गर्व के साथ हमारी जीत को सभी के साथ साझा किया. विदित ने प्रधानमंत्री मोदी से अपनी मुलाकात के बारे में कहा, यदि आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं और प्रधानमंत्री से प्रशंसा प्राप्त करते हैं, तो आप इससे अधिक क्या मांग सकते हैं? जिस तरह से उन्होंने बात की, उससे हम सहज महसूस कर रहे थे. उन्होंने टूर्नामेंट के बारे में पूछा और हमारे साथ हंसी-मजाक भी किया. वंतिका अग्रवाल यह जानकर बहुत खुश हैं कि प्रधानमंत्री ने उनका जन्मदिन याद किया है. साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से अपनी पहली मुलाकात को भी याद किया, जब वह 9 साल की थीं. उन्होंने कहा, मेरा जन्मदिन 20 सितंबर को था और प्रधानमंत्री मोदी को यह याद है. मुझे यकीन नहीं हो रहा था कि उन्हें मेरा जन्मदिन याद है. जब मैं 9 साल की थी, तब मोदी जी ने गुजरात में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था. उस समय मैंने एशियाई चैंपियनशिप जीती थी. उन्होंने मुझे उस कार्यक्रम में आमंत्रित किया और मेरा सम्मान किया. गुकेश ने कहा, जिस तरह से उन्होंने वंतिका के जन्मदिन को याद रखा, उससे पता चलता है कि वह खिलाड़ियों की कितनी परवाह करते हैं और यह उनके लिए कितना मायने रखता है. यह देखकर हमें बहुत खुशी हुई. तानिया सचदेवा ने बताया कि इस मुलाकात के बाद टीमों में काफी उत्साह है और उन्होंने प्रधानमंत्री से बहुत कुछ सीखा है.

### कानपुर टेस्ट आज से : मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ भारत का पलड़ा भारी

# बारिश बन सकता है विलेन

**एजेंसी। कानपुर**

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा. मगर कानपुर से निराश करने वाली खबर आ रही है. भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच में बारिश विलेन बन सकती है. कानपुर से बारिश की संभावना को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है. बता दें कि बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ भारत का पलड़ा भारी है. भारत की नजर ये मैच जीतकर सीरीज पर 2-0 से कब्जा जमाने पर होगी, जबकि मेहमान टीम हर हाल में कानपुर टेस्ट जीतकर सीरीज ड्रॉ कराना चाहेगी. भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में होने वाला दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेला जाएगा. मौसम विभाग के मुताबिक कानपुर में 27 सितंबर को 92 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है. इसका मतलब है कि कानपुर टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ सकता है. टेस्ट मैच के पहले दिन बादल छाए रह सकते हैं. इसके अलावा अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है. टेस्ट मैच के दूसरे दिन 80 प्रतिशत तक बारिश होने की भविष्यवाणी की गई है. जबकि टेस्ट मैच के तीसरे दिन 59 प्रतिशत तक बारिश गिर सकती है.

अगर कानपुर टेस्ट के पहले दिन 92 प्रतिशत, दूसरे दिन 80 प्रतिशत और तीसरे दिन 59 प्रतिशत तक बारिश होती है तो मैच का नतीजा निकलना नामुमकिन के बराबर हो जाएगा. ऐसे में भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में होने वाला यह दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ भी हो सकता है. टीम इंडिया बारिश को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं होगी, क्योंकि दो मैचों की सीरीज में वह 1-0 से आगे है. कानपुर में दूसरा टेस्ट मैच अगर धुल भी जाता है तो भी भारत 1-0 से टेस्ट सीरीज जीत लेगा. भारतीय टीम हालांकि चाहेगी कि ये मैच पूरा हो और वह सीरीज 2-0 से जीते, जिससे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में उसे जीत मिलने पर ज्यादा से ज्यादा अंकों का फायदा हो.



**27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक ऐसा रहेगा कानपुर का मौसम**

1. टेस्ट मैच का पहला दिन (27 सितंबर) – 92% बारिश की संभावना
2. टेस्ट मैच का दूसरा दिन (28 सितंबर) – 80% बारिश की संभावना
3. टेस्ट मैच का तीसरा दिन (29 सितंबर) – 59% बारिश की संभावना
4. टेस्ट मैच का चौथा दिन (30 सितंबर) – 3% बारिश की संभावना
5. टेस्ट मैच का पांचवां दिन (1 अक्टूबर) – 1% बारिश की संभावना





## कानपुर टेस्ट में क्या होगी भारत की अगली रणनीति

- **ग्रीन पार्क, काली मिट्टी की पिच, शाकिब उपलब्ध**

**एजेंसी। कानपुर**

चेन्नई टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ 280 रनों की बेहतरीन जीत हासिल करने के बाद अब भारतीय टीम की नजरें कानपुर टेस्ट पर होंगी. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मद्देनजर रोहित शर्मा एंड कंपनी के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण है. भारत मौजूदा डब्लूटीसी चक्र में अंक तालिका के शीर्ष पर है. वह चाहेगा कि घरेलू धरती पर बाकी बचे सभी मैच वह जीते, ताकि फाइनल में पहुंचने में उन्हें कोई दिक्कत न हो. दो मैचों की टेस्ट सीरीज अब लाल मिट्टी से काली मिट्टी की पिच की तरफ यात्रा कर रही है. पिच की शुरुआती झलक के अनुसार तो यह खबर आई है कि इस पिच पर कम उछाल देखने को मिल सकता है, जिसका असर दोनों टीम के प्लेइंग इलेवन में भी देखा जा सकता है.

**कैसी हो सकती है कानपुर की पिच:** ऐसा अनुमान है कि चेन्नई में पिच से मिली उछाल की तुलना में ग्रीन पार्क की पिच अधिक सपाट होगी और टेस्ट के आगे बढ़ने के साथ ही उछाल भी कम होती चली जाएगी. अगर ऐसा होता है तो यह पिच रैंक टर्नर नहीं होगी.

**शाकिब चयन के लिए उपलब्ध:** बांग्लादेश के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन उंगली की चोट से जूझ रहे हैं और इसके कारण यह आशंका जताई जा रही थी कि वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे. हालांकि बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने इस तरह की किसी भी आशंका पर रोक लगा दी है. उन्होंने कहा कि शाकिब चयन के लिए उपलब्ध हैं. वह बुधवार को कानपुर में बांग्लादेश के अभ्यास प्रशिक्षण सत्र में दिखे, हालांकि वह अधिक समय तक वहां नहीं रहे. क्या हो सकती है भारत और बांग्लादेश की प्लेइंग इलेवन चेन्नई की लाल मिट्टी की पिच में तेज गेंदबाजों के लिए काफी मदद थी और उछाल भी काफी अच्छा था. हालांकि कानपुर में ऐसा होने का काफी कम अनुमान है.

ऐसे में दोनों टीमों में बदलाव देखने को मिल सकता है. पिच के मिजाज के हिसाब से अगर भारत एक अतिरिक्त स्पिनर के साथ जाना चाहे तो कुलदीप यादव को टीम में शामिल किया जा सकता है और आकाश दीप को आराम दिया जा सकता है. वहीं बांग्लादेश की टीम भी अपनी टीम में एक अतिरिक्त स्पिनर को शामिल कर सकती है और तैजुल इस्लाम को मौका दिया जा सकता है.

रोहित शर्मा- विराट कोहली की फॉर्म में वापसी पर नजर चेन्नई टेस्ट में फ्लॉप रहे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली क्या ग्रीन पार्क में फॉर्म में वापसी करेंगे, इस पर सभी की नजरें रहेंगी.



**टेस्ट मैच के लिए भारत की टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, आर. अश्विन, आकाश दीप/कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.

**टेस्ट मैच के लिए बांग्लादेश की टीम :** नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, हसन महमूद, तसकीन अहमद, नाहिद राणा/तैजुल इस्लाम.

## पंजाब किंग्स से बांगर और बेलिस की विदाई

**मोहाली।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2024 के दौरान दल के मुख्य कोच रहे ट्रेवर बेलिस और क्रिकेट विकास के प्रमुख संजय बांगर से अलग होने का फैसला किया है. ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है यह निर्णय फ्रेंचाइजी के बोर्ड द्वारा लिया गया है, जिसका हिस्सा फ्रेंचाइजी के चार सह-मालिक हैं. बेलिस ने 2022 आईपीएल के बाद पंजाब के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभाला था, वहीं बांगर दिसंबर 2023 में टीम के साथ जुड़े थे. पंजाब की टीम ने अब तक कोई आईपीएल ट्रॉफ़ी नहीं जीती है. 2023 आईपीएल में वे आठवें और पिछले सीज़न में नौवें स्थान पर रहे थे. बांगर 2014 में पंजाब के मुख्य कोच थे. वह भारत के सहायक कोच बनने से पहले 2016 तक इस पद पर रहे थे. 2024 में पंजाब में वापसी करने से पहले बांगर कुछ वर्षों तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कोचिंग स्टाफ़ का भी हिस्सा रहे थे.

## महिला टी20 विश्व कप : ये खिलाड़ी होगी टीम इंडिया की एक्स फैक्टर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

15 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू, विस्फोटक बल्लेबाजी पहचान और विश्व विजेता कप्तान का तमगा. महिला क्रिकेट की 'लेडी सहवाग' के ठाठ अलग है. फॉर्मेट चाहे कोई भी हो उनका अंदाज आक्रामक ही होता है. ठीक वैसे ही जैसा पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग का था. हरियाणा के रोहतक से आने वाली शेफाली वर्मा ने 15 साल की उम्र में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था. सुनने में ये कोई फिल्म की कहानी जरूर लगती है लेकिन यह हकीकत है. अपने हुनर के दम पर बहुत जल्द ही शेफाली को लाइमलाइट मिली. बात चाहे, तेजी से रन बनाने की हो, या फिर शतक लगाने की इस बल्लेबाज का कोई जवाब नहीं. उन्होंने हाल ही में सबसे तेज दोहरा टेस्ट शतक का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था. एक बार फिर बड़े मंच पर शेफाली वर्मा से टीम इंडिया को काफी उम्मीदे हैं.



महिला टी20 विश्व कप 2024 नजदीक है और भारत की नजर इस बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने पर है. इस टीम में विश्व चैंपियन बनने का दमखम है और इसके लिए सबसे बड़ा हथियार शेफाली वर्मा साबित होने वाली हैं. उनके कंधे पर टीम को एक धमाकेदार और मजबूत शुरुआत देने की जिम्मेदारी होगी. खास बात यह है कि पूरी टीम को उम्मीद है कि शेफाली यह रोल बखूबी निभाएंगी. 2019 में डेब्यू करने वाली इस खिलाड़ी ने महज पांच साल में पूरी दुनिया में अपने नाम का डंका बजाया है. तीनों फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा.

### टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 6 के लिए हुई नीलामी

# साथ नजर आए टेनिस स्टार सानिया-पेस-भूपति

**एजेंसी। मुंबई**

टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के बहुप्रतीक्षित छठे सीजन से पहले आठों फ्रेंचाइजी ने सहारा स्टार मुंबई में नीलामी में पूरी ताकत झोंक दी. सितारों से सजी इस शाम में टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा मौजूद थे, जो कई वर्षों के बाद खेल को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए थे, साथ ही बॉलीवुड सेलेब्स रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे भी मौजूद थीं. कई उतार-चढ़ावों के साथ बोली के चार दौर के बाद, सभी टीमों ने बेहद प्रतिस्पर्धी रोस्टर बनाए, जिसमें दुनिया भर से आकर्षक प्रतिभाओं का मिश्रण था.

22 वर्षीय अर्मेनियाई उभरती हुई स्टार एलिना अवनेस्यान, जो पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेंगी, के लिए प्रियेश जैन के स्वामित्व वाली और तापसी पन्नू समर्थित पंजाब पैट्रियट्स ने 42.20



लाख रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई. अन्य टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद, पैट्रियट्स ने डायमंड श्रेणी से अपनी टीम में दुनिया के 47वें नंबर की खिलाड़ी को शामिल करने के लिए कड़ी मेहनत की, जिससे खिताब के लिए उनका इरादा जाहिर हुआ. पंजाब ने पुरुषों की प्लेटिनम श्रेणी से अर्जुन काधे को 5 लाख रुपये के आधार मूल्य पर अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की और नीलामी के अंतिम दौर में रणनीतिक रूप से खेलते हुए मुकुंद शशिकुमार को 6.80 लाख रुपये में खरीदने के लिए अंत तक इंतजार किया.

गत चैंपियन बेंगलुरु एसजी पाइपर्स ने शाम के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी को खरीदा, दो बार ग्रैंड स्लैम मिश्रित युगल खिताब जीतने वाले ऑस्ट्रेलियाई मैक्स पर्सेल को 42 लाख रुपये में खरीदा. रोहन गुप्ता के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी, जिसके एसजी स्पोर्ट्स के सीईओ भारतीय टेनिस आइकन महेश भूपति हैं, ने पर्सेल के लिए बोली में देर से प्रवेश किया, लेकिन उनकी सेवाओं को सुरक्षित रखने के लिए अपने विरोधियों को पीछे छोड़ दिया.

**गुजरात पैंथर्स ने सुमित नागल को खरीदा**

रामकू पटगीर के स्वामित्व वाली गुजरात पैंथर्स ने स्टार खिलाड़ी सुमित नागल को उनके बेस प्राइस 35 लाख रुपये में खरीदने का ब्लॉकबस्टर कदम उठाया और फिर एआईटीए की नंबर 1 महिला खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली को खरीदने के लिए कड़ी मशक्कत की. 7.80 लाख रुपये में उनकी सेवाएं वापस लेने के बाद, गुजरात ने युगल विशेषज्ञ विजय सुंदर को 11.5 लाख रुपये की ऊंची बोली लगाकर खरीदा.

**यश मुंबई ईगल्स ने रोहन बोपन्ना को खरीदा**

डॉ. विकास महामुनि के स्वामित्व वाली यश मुंबई ईगल्स ने अनुभवी रोमानियाई टेनिस स्टार जैकलीन क्रिस्टियन को लाने पर भारी खर्च किया. राहुल टोडी के स्वामित्व वाली और लिएंडर पेस द्वारा समर्थित श्राची दिल्ली राढ़ टाइगर्स ने अन्य फ्रेंचाइजी से कड़ी टक्कर के बावजूद भारतीय अनुभवी स्टार रोहन बोपन्ना को अपने साथ जोड़ा. बेलारूस की इरीना श्यामनोविच दिल्ली के रडार पर अगली थीं, लेकिन एक बार फिर फ्रेंचाइजी को बेलारूस के स्टार के लिए अन्य फ्रेंचाइजी से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा.

**सुर्खियों में**

### पहलवान की यूरिन जांच लेने के लिए टीम भेजी गयी थी

# पता-ठिकाना न बताने पर नाडा ने विनेश फोगाट को भेजा नोटिस

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने सेवानिवृत्त पहलवान विनेश फोगाट को पता-ठिकाना न बताने का नोटिस दिया है. इस पहलवान का मूत्र नमूना लेने के लिए टीम भेजी गयी थी, क्योंकि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक जीतने से चूक गयी थीं. फाइनल की सुबह उनका वजन 100 ग्राम अधिक होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था. नोटिस में बताया गया है कि नौ सितंबर को हरियाणा के सोनीपत में विनेश के निवास पर डोप नियंत्रण अधिकारी को भेजा गया था, उस समय जब उन्होंने बताया था कि वह वहां उपलब्ध रहेंगी.



लेकिन हरियाणा विधानसभा के लिए चुनाव लड़ रहीं विनेश अपने निवास पर उपलब्ध नहीं थीं. नाडा ने कहा कि यह पता-ठिकाना न बताने का मामला है. पेरिस में महिलाओं की 50 किग्रा श्रेणी के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली महिला पहलवान बनकर भारत के लिए इतिहास रचने वाली विनेश को 14 दिनों के भीतर नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया है. नाडा के नोटिस में कहा गया है, आपको एडीआर की ठहरने की जगह संबंधी आवश्यकताओं का पालन करने में स्पष्ट विफलता के बारे में सूचित करने और मामले पर अंतिम निर्णय लेने से पहले आपको कोई भी टिप्पणी करने के लिए आमंत्रित करने को लेकर एक औपचारिक नोटिस दिया जाता है. कृपया इस पत्र को ध्यान से पढ़ें, क्योंकि इसके आपके लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं. इसकी एक प्रति आईएएनएस के पास उपलब्ध है.

औपचारिक नोटिस में विनेश फोगाट को सूचित किया गया कि वह 9 सितंबर को 12:20 बजे सोनीपत की प्रताप कॉलोनी में अपने आवास पर उपलब्ध नहीं थीं, जैसा कि हाल ही में ठहरने की जगह संबंधी फाइलिंग में अपडेट किया गया था. नाडा के नोटिस में कहा गया है, उस दिन उस समय और स्थान पर आपका परीक्षण करने के लिए एक डोप नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) भेजा गया था. हालांकि, डीसीओ आपको परीक्षण के लिए नहीं ढूंढ पाए क्योंकि आप दिए गए स्थान पर उपलब्ध नहीं थीं. डीसीओ की असफल प्रयास रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न है, जिसमें प्रयास का विवरण दिया गया है. विश्व डोपिंग रोधी प्राधिकरण के नियमों के अनुसार, सक्रिय खिलाड़ी पंजीकृत परीक्षण पूल का हिस्सा होते हैं.

### 10वें विकेट के लिए पार्टनरशिप का टूटा रिकॉर्ड

# डेविड मिलर ने खेली सबसे बड़ी पारी

**एजेंसी। गयाना**

कैरीबियन प्रीमियर लीग- सीपीएल 2024 में गयाना अमेजन वॉरियर्स और बारबाडोस रॉयल्स के बीच रनों से भरपूर मुकाबला हुआ. 25 सितंबर को हुए इस मुकाबले में वो सब देखने को मिला जो एक क्रिकेट फैन होने के नाते आप देखना चाहते हैं. इस मैच में छक्कों की बारिश हुई. रिकॉर्ड टूटे. बल्लेबाजों की आतिशी पारी देखने को मिली. डेविड मिलर ने तो सीपीएल 2024 में अपना सबसे बड़ा स्कोर बना दिया. दर्शकों के लिए मनोरंजन से भरपूर इस मैच में जीत आखिरकार गयाना अमेजन वॉरियर्स की हुई. मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी गयाना अमेजन वॉरियर्स ने 20



ओवर में 8 विकेट पर 219 रन बनाए. गयाना की ओर से शे होप और शिमरोन हेटमायर ने शानदार अर्धशतक जड़े. होप ने 37 गेंदों का सामना करते हुए 71 रन बनाए वहीं हेटमायर ने 34 गेंदों पर 57 रन की पारी खेली.

**बाकी खिलाड़ियों ने छोड़ा साथ :** अब बारबाडोस रॉयल्स के सामने 220 रन का लक्ष्य था. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही.

**सबसे बड़ी पारी, फिर भी टीम हारी**

डेविड मिलर ने 10वें विकेट के लिए नवीन के साथ नया रिकॉर्ड बनाया. 34 गेंदों पर 71 रन बनाकर नाबाद भी रहे, जो कि CPL 2024 में अब तक की उनकी सबसे बड़ी पारी है. पर इससे उनकी टीम बारबाडोस रॉयल्स फिर भी जीत नहीं सकी. 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बारबाडोस की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 172 रन ही बना सकी और 47 रन से मैच हार गई.

### ब्रीफ खबरें

#### आगजनी मामले में 7 और की हुई गिरफ्तारी

**नवादा ।** जिले के कृष्णानगर आगजनी मामले में गुरुवार तक 22 की गिरफ्तारी हो चुकी है. घटना को लेकर दर्ज प्राथमिकी में 28 लोगों को आरोपित किया गया था. तत्काल बाद 15 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी. 7 और आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है. इस दौरान 03 वाहनों की जब्ती भी की गई है. एसआइटी द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आगजनी की घटना में सम्मिलित चार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई. जब्त वाहनों में मारुती एसएल-06 एवं 02 स्कॉर्पियो शामिल है.

#### आठ वाहनों पर लदे 84 मवेशी जब्त, 21 धराए

**अररिया ।** अररिया जिला पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार को आठ छोटे बड़े वाहनों पर लदे 84 मवेशियों को जब्त किया है. गुप्त सूचना के बाद एसपी अमित रंजन की ओर से जिले भर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और इसी कड़ी में सात पिकअप और एक ट्रक पर लदे मवेशी को जब्त किया गया. आठ वाहनों पर कुल 84 मवेशी लदे थे. इस मामले में 21 मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया गया. एसपी अमित रंजन ने मवेशी तस्करों के खिलाफ की गई कार्रवाई और मवेशी जब्ती की पुष्टि करते हुए 21 को गिरफ्तार करने की बात स्वीकार की.

#### रहस्यमयी ढंग से गायब हुआ कारोबारी का बेटा

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर जिले के कारोबारी गोपाल सिंह का बेटा नमन कुमार लापता हो गया है, जिसे लेकर परिजनों ने पुलिस पर एफआईआर न दर्ज करने का आरोप लगाया. बताया जा रहा है कि उनका बेटा अपने एक दोस्त के बुलाने पर बेगूसराय गया और फिर वहां से मुंगेर गया और फिर नहीं लौटा. दरअसल, मुजफ्फरपुर के भीखनपुर गांव निवासी और बड़े कारोबारी गोपाल सिंह का बेटा नमन सिंह (23) पिछले चार दिन दिनों पहले अपने दोस्त के बुलावे पर चला गया और फिर अब तक नहीं लौटा, जिसको लेकर परिजनों में आक्रोश व्याप्त है.

### सुपौल में एनएच-27 के किनारे बनेगा मिडवे सर्विस प्लाजा, मिलेंगी कई अत्याधुनिक सुविधाएं

## मिडवे सर्विस प्लाजा के लिए 29.53 करोड़ की स्वीकृति

**संवाददाता । सुपौल**

सुपौल जिला अंतर्गत कोसी महासेतु से सटे आसनपुर कुपहा में नेशनल हाइवे-27 के किनारे मिडवे सर्विस प्लाजा का निर्माण किया जाएगा. बिहार सरकार के पर्यटन विभाग ने इसके लिए 29.53 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है. यह जानकारी सूबे के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से दी है.

बता दें कि सोशल मीडिया पोस्ट में पर्यटन मंत्री ने मिडवे सर्विस



प्लाजा के प्रस्तावित भवन और परिसर का थ्रीडी वीडियो भी जारी किया है. बताया जा रहा है कि प्लाजा का निर्माण अगले 24 महीने में पूरा किया जाएगा. जहां कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी. प्लाजा के निर्माण की जिम्मेदारी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को सौंपी गई है. पर्यटन मंत्री के अनुसार, ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर (पोरबंदर से सिलचर) एनएच- 27 पर सुपौल में अवस्थित कोसी महासेतु के समीप आसनपुर कुपहा में मिडवे सर्विस प्लाजा का निर्माण होगा. आने वाले समय में इस बहुउद्देशीय भवन में फुड कोर्ट, क्विक सर्विस रेस्टोरेंट, इनडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज, रिटेल स्टोर, ई-चार्जिंग पॉइंट्स, फ्यूल आउटलेट, जन सुविधा और पार्किंग सहित यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी.

इस योजना के अन्तर्गत मुख्य भवन का निर्माण किया जाना है. इस भवन के अंतर्गत उपरोक्त सुविधाओं के अतिरिक्त इंटरटेनमेंट जोन, एडवरटाइजिंग फसाड (विज्ञापन आवरण) आदि का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है. मंत्री ने कहा है कि एनएच-27 अति व्यस्त राजमार्ग है और इन सुविधाओं के विकास से निश्चित ही इस मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों को एक सुखद अनुभव प्राप्त होगा. इसके निर्माण से पर्यटकों के साथ जनसामान्य को भी उच्चस्तरीय पर्यटकीय सुविधाएं प्राप्त होंगी.

### पूर्णिया : मलय सिंह हत्याकांड

## बिट्टू सिंह समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा

**पूर्णिया ।** पूर्णिया जिले के चर्चित मलय सिंह हत्याकांड में शामिल पांच आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. पूर्णिया सिविल कोर्ट स्थित द्वितीय अपर जिला व सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन सहाय ने बिट्टू सिंह, विक्की सिंह, रमन सिंह, करकू सिंह और बजरंग सिंह उर्फ बजरंगी सिंह को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही साथ सभी अभियुक्तों को 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है. वहीं, आरोपी बिट्टू सिंह पूर्व से ही भागलपुर सेंट्रल जेल में बंद है. वहीं, जमानत पर चल रहे अन्य आरोपियों की सजा पहले ही कोर्ट ने रद्द कर दी थी.

बता दें कि 16 साल पहले पांच सितंबर 2008 गिरजा चौक के निकट दिन के तीन बजे दिनदहाड़े बाइक सवार मलय सिंह को रोककर उसके सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस हत्या को लेकर मृतक सरसी निवासी प्रमिला देवी पति स्वर्गीय कामेश्वर प्रसाद सिंह ने केहाट थाने में कांड संख्या 352/08 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी थी.

### समस्तीपुर में उत्पाद विभाग की टीम पर हमला

## दो महिला सिपाही सहित आठ जवान घायल, तीन गिरफ्तार



**संवाददाता । समस्तीपुर**

समस्तीपुर में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम एक बार फिर शराब माफिया की शिकार हो गई. बुधवार की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छतौना गांव में अवैध शराब की सूचना पर टीम एक होटल में छापेमारी करने गई थी. इसी दौरान ग्रामीणों ने हमला कर दिया. इस घटना में दो महिला सिपाही सहित आठ जवान घायल हो गए. मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया. घटना को लेकर बताया जाता है कि मद्य-निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी के लिए होटल पहुंची तो पुलिस के साथ उसका संचालक भिड़ गया. मारपीट होने लगी. इसके बाद गांव के कई लोग जुट गए और संचालक का साथ देते हुए छापेमारी के लिए गई टीम पर ही हमला कर दिया. ग्रामीणों के इस हमले में दो महिला सिपाही सहित आठ पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जख्मी जवानों में खुशबू कुमारी, जूली कुमारी, कमलेश राय, प्रशांत कुमार, उमेश कुमार राम, अरविंद कुमार राय, पंकज कुमार और रणवीर कुमार शामिल हैं.

**दो पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों ने बना लिया बंधक**

बताया गया कि पुलिस पर हमले के दौरान ही ग्रामीणों ने दो जवानों को बंधक भी बना लिया. पुलिस के साथ मारपीट और बंधक बनाए जाने की सूचना पर मुफस्सिल थाने की पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची. इसके बाद बंधक बनाए गए जवानों को मुक्त कराया गया. इस संबंध में कोई भी पुलिस पदाधिकारी मीडिया के सामने कुछ बोलने से बच रहा है. गुरुवार को जिले में बिहार सरकार के मुख्य सचिव के कार्यक्रम को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के व्यस्त रहने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल पाया है.

#### ग्रामीण बैंक के कर्मी से अपराधियों ने लूटी बाइक व नकदी

**सुपौल ।** सुपौल जिले के नदी थाना क्षेत्र में बेलही चौक के पास बुधवार की देर शाम बेखौफ अपराधियों ने ग्रामीण बैंक के प्रबंधक और कार्यालय सहायक से लूटपाट की. बाइक सवार तीन अपराधियों ने पहले दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की फिर बैंक के कर्मचारियों की बाइक लूट ली. बताया जा रहा है कि इस दौरान नकदी भी लूटी गई. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया और चौक पर अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही नदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. पुलिस ने घटनास्थल से अपराधियों का गिरा एक देसी कट्टा बरामद किया है.

## मंत्री अशोक चौधरी जदयू के राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए

**संवाददाता । पटना**



बिहार सरकार में जदयू से मंत्री अशोक चौधरी को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है. जदयू के महासचिव अशफाक अहमद खान ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के आदेश पर अशोक चौधरी को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्ति किया गया है. अशोक चौधरी को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने स्पष्ट संदेश दे दिए हैं कि पार्टी में अशोक चौधरी का कद और सीएम से उनके संबंध दोनों मजबूत हैं. जदयू में भी इशारे ही इशारे में कुछ नेताओं ने अशोक चौधरी पर निशाना साधा था. अब जदयू में उनका कद नीतीश कुमार ने बढ़ा दिया है. बताते चलें कि इससे पहले संजय झा को जदयू में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था. कई अन्य लोगों को अहम जिम्मेवारी थमाई गयी जिसमें पार्टी में वापसी करने वाले श्याम रजक भी शामिल हैं. उल्लेखनीय है कि अशोक चौधरी सीएम नीतीश कुमार के करीबी नेताओं में एक हैं.

#### पटना समेत आठ जिलों में बारिश का अलर्ट

**पटना ।** बिहार में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक गुरुवार को पटना सहित प्रदेश के आठ जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है और यह आगामी तीन दिनों तक बना रहेगा. पटना समेत पूर्वी व पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया व किशनगंज जिले में झोंके के साथ तेज हवा का प्रवाह व तेज बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इसके कारण नदियों के जलस्तर में वृद्धि के आसार है. भोजपुर, बक्सर, सारण, सिवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया में भारी वर्षा को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है.

#### तीन साल की मासूम से स्कूल में दुष्कर्म, विरोध में जमकर हुआ बवाल

**छपरा ।** छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट स्कूल में तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है. इस दरिंदगी को किसी और ने नहीं बल्कि उसके शिक्षक ने अंजाम दिया है. परिजन जब पुलिस से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे तो प्राथमिकी दर्ज नहीं की. इससे आक्रोशित होकर लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया. देर रात सारण एसपी डॉ. कुमार आशीष के घर घेराव करने पहंच गए. पुलिस ने बल प्रयोग किया तो लोग आक्रोशित हो गए और थाने को घेर लिया. इसके बाद वरीय अधिकारियों ने लोगों को आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया.

## पटना में 2 युवकों की पीट-पीटकर हत्या

### चोरी के आरोप में पकड़कर मारा, 4 लोग गिरफ्तार

**संवाददाता । पटना**

पटना के दीघा में दो युवकों को लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला. गुरुवार की सुबह दोनों का शव मिला है. चोरी के आरोप में इन दोनों युवकों की बेरहमी से पिटाई की गई है. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस इलाज के लिए दोनों को दानापुर अनुमंडल अस्पताल ले गई लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. पूरी घटना दीघा थाना क्षेत्र के पॉलसन रोड की है. मृतकों की पहचान रोहित और राकेश के रूप में की गई है. ये दोनों दीघा थाना क्षेत्र के रहने वाले थे. आरोप है



कि ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग गोदाम में दोनों चोरी करने के लिए रात में घुसे थे. इसकी भनक गोदाम के मालिक और अन्य कर्मियों को लग गई. इसके बाद इन लोगों ने पकड़ लिया फिर दोनों युवकों की पिटाई कर दी. मारपीट करने वाले दुकान मालिक सहित चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

**परिजनों में मचा कोहराम :** बताया जाता है कि राकेश मोबाइल चोरी के मामले में पहले भी जेल जा चुका था. इस पूरे मामले में दानापुर एसडीपीओ-2 दिनेश कुमार पांडेय ने कहा कि गुरुवार सुबह को सूचना मिली कि पॉलसन रोड में एक ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग का गोदाम है जहां दो व्यक्ति दुकान में चोरी की नीयत से पहुंचे थे. टीम पहुंची तो पता चला गोदाम के मालिक राहुल और उनके मजदूर एवं ड्राइवर ने उनकी पिटाई की है. दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी थे. दोनों को अस्पताल लेकर गई. वहां उनकी मृत्यु हो गई.

---

### कारोबार

#### फ्लिपकार्ट को मांगनी पड़ी माफी

**नयी दिल्ली ।** फ्लिपकार्ट ने आखिरकार उस विज्ञापन के लिए माफी मांग ली है जिसमें उसने पुरुषों खासकर पतियों को आलसी, बेवकूफ और कमबख्त कहा था. विज्ञापन में पतियों को गलत आचरण करने वाला दिखाया था. नेशनल काउंसिल फॉर मैन ने इस विज्ञापन को पतियों को गलत आचरण करने वाला (दुराचारी) कहा और तत्काल प्रभाव से इसे हटाने के लिए कहा गया. इस विज्ञापन में महिलाएं अपने शॉपिंग बैग को खरीदने के लिए अपने पतियों की मदद के बिना ऑनलाइन शॉपिंग करती दिख रही हैं.

#### पेट्रोल-डीजल होगा 2-3 रुपये सस्ता

**नयी दिल्ली ।** सरकार लगातार इन कीमतों पर राहत की आस लगाए रखती है. अब जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम पहले के मुकाबले सस्ते हैं तो देश में भी पेट्रोल-डीजल जैसे फ्यूल के रेट घटाने की मांग हो रही है. अब आपके लिए ऐसी खबर आई है कि आपको पेट्रोल-डीजल के रेट पर राहत मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं. इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल के दाम में जो गिरावट आई है, उसके आधार पर घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम 2-3 रुपये प्रति लीटर घटाने की संभावना है.

#### कच्चा तेल 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है. ब्रेंट क्रूड का भाव उछलकर 74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.17 डॉलर यानी 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 73.63 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है. वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.13 डॉलर यानी 0.19 फीसदी उछलकर 69.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है.

### मार्क जकरबर्ग के बाद दूसरा नंबर एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग

## 200 अरब डॉलर की संपत्ति के क्लब में मार्क जकरबर्ग

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

ब्लूमबर्ग के बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मेटा प्लेटफॉर्म्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग भी 200 अरब डॉलर की कुल संपत्ति वालों के क्लब में शामिल हो गए हैं. जुकरबर्ग के अलावा इस लिस्ट में केवल एक्स के सीईओ एलन मस्क और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस का नाम है. टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 268 बिलियन डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं. वहीं, जेफ बेजोस 216 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति



हैं. अब 200 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ इस खास क्लब में मेटा (फेसबुक) के संस्थापक मार्क जकरबर्ग भी शामिल हो गए हैं. हाल के दिनों में उनकी संपत्ति में 71 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है. संपत्ति बढ़ने के मामले में मार्क जकरबर्ग के बाद दूसरा नंबर एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग का है. उनकी कुल संपत्ति में 61.8 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई. हुआंग की कुल संपत्ति अब 106 बिलियन डॉलर हो गई है. वे ब्लूमबर्ग की सूची में 14वें नंबर पर हैं. इस वर्ष मस्क की व्यक्तिगत संपत्ति में 38.9 बिलियन डॉलर इजाफा हुआ है. वहीं, इस दौरान बेजोस की संपत्ति में 39.3 बिलियन डॉलर बढ़ी है.


ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार दुनिया के शीर्ष तीन सबसे अमीर व्यक्ति अमेरिका से हैं और तकनीक के कारोबार से जुड़े हैं. सूची में चौथे स्थान पर फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं, जिन्होंने 183 बिलियन डॉलर की संपत्ति अर्जित की है. हालांकि, 2024 में अब तक उनकी संपत्ति में 24 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है. लैरी एलिसन, बिल गेट्स, स्टीव बाल्मर, लैरी पेज, वॉरेन बफेट और सर्गेई ब्रिन शीर्ष 10 की सूची में हैं.

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, जुलाई 2024 की फाइलिंग के आधार पर, जकरबर्ग की अधिकांश संपत्ति मेटा में लगभग 13% हिस्सेदारी से आई है. मेटा, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की मूल कंपनी है, इसने 2023 में 134.9 बिलियन डॉलर का राजस्व अर्जित किया और इसके लगभग 4 अरब मासिक उपयोगकर्ता हैं. भारत के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी 113 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 12वें स्थान पर हैं, जबकि गौतम अदाणी 105 बिलियन डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ 15वें नंबर पर हैं.

### 525 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

## कॉक्स एंड किंग्स के प्रमोटरों-निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज


**एजेंसी । नयी दिल्ली**



सीबीआई ने यस बैंक की शिकायत पर ट्रैवल कंपनी कॉक्स एंड किंग्स के प्रवर्तकों और निदेशकों के खिलाफ 525 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है. सीबीआई ने मुंबई पुलिस से जांच का जिम्मा अपने हाथ में ले लिया है. मुंबई पुलिस ट्रैवल कंपनी, उसके प्रमोटरों/निदेशकों अजय अजीत पीटर केरकर और उषा केरकर, सीएफओ अनिल खंडेलवाल और निदेशकों महालिंगा नारायणन और पेसी पटेल के खिलाफ मामले की जांच कर रही थी. केंद्रीय जांच एजेंसी ने केंद्र के माध्यम से महाराष्ट्र सरकार से निर्देश मिलने पर सभी व्यक्तियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अलावा धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक कदाचार से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. अधिकारियों के अनुसार आरोप है कि कंपनी ने यस बैंक से ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी की.

#### मीरा मुराटी ने ओपन एआई से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली ।** मीरा मुराटी जो ओपनएआई के साथ 6 सालों से बनी हुई थीं और उन्होंने 2017 में कंपनी की कमान संभाली थी. जब सैम ऑल्टमैन अस्थाई तौर पर



बाहर गए थे और ये समय कंपनी के लिए हलचल भरा था. ऐसे समय पर मीरा मुराटी को कंपनी का अंतरिम चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) बनाया गया था. मीरा मुराटी जो आर्टिफिशियल एंटेलीजेंस के क्षेत्र में बड़े प्रोजेक्ट करवाने के लिए मशहूर रही हैं, वो कंपनी के साथ लगभग साढ़े छह साल के समय तक रहीं और उन्होंने कहा है कि वो अपने लिए ज्यादा समय निकालने और खुद के बारे में और अधिक जानने के लिए समय देना चाहती हैं. चैट जीपीटी को कंपनी के लिए अहम बनाने और इसको आगे बढ़ाने के लिए मीरा मुराटी ने लिखा कि उनके कंपनी के साथ रहते हुए साढ़े छह साल काफी अच्छे रहे.


## बीसीसीएल के रणनीतिक कदमों से घरेलू कोकिंग कोल की खपत बढ़ी : कोयला मंत्रालय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने आत्मनिर्भर भारत विजन के तहत "मिशन कोकिंग कोल" पहल में अपनी सक्रिय भूमिका के जरिए आयातित कोयले पर देश की निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. कंपनी के रणनीतिक कदमों से घरेलू कोकिंग कोल की खपत बढ़ी है. कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया है कि कोकिंग कोल की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी बीसीसीएल ने मिशन कोकिंग कोल पहल के तहत घरेलू कोकिंग कोयले की खपत को बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतिक कदम उठाए हैं. ट्रेंच सात के तहत ऑफर किए गए 3.36 मीट्रिक टन कोकिंग कोयले में से 2.40 मीट्रिक टन की बुकिंग हो गई है. कंपनी की स्थापना के बाद कोयला बुकिंग में यह एक नया मानक स्थापित हुआ है.

#### सेल को नंबर वन बनाने की आकांक्षा : अध्यक्ष

**नई दिल्ली ।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1,04,545 करोड़ रुपये के सर्वश्रेष्ठ बिक्री का कारोबार हासिल किया है. उन्होंने कहा कि सेल आगे रहने का अपना प्रयास जारी रखेगा. सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने आज नई दिल्ली के लोदी रोड स्थित कंपनी के मुख्यालय में आयोजित 52वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को वर्चुअल प्लेटफॉर्म के जरिए संबोधित हुए यह बात कही. उन्होंने कंपनी के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष के प्रदर्शन पर विचार करने और भविष्य की ओर देखते हुए यह विश्वास मजबूत होता है कि एक संगठन के रूप में हम अपने उद्योग में 'नंबर वन' यानी सर्वश्रेष्ठ बनने की आकांक्षा रख सकते हैं.



### कारोबार | शेयर बाजार ने बनाया ऑलटाइम हाई का नया रिकॉर्ड

## सेंसेक्स पहली बार 85300 के पार, निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**सेंसेक्स 125 अंक उछला**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शेयर बाजार ने गुरुवार को लगातार सातवें दिन ऑलटाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया. हफ्ते के चौथे दिन कारोबार के दौरान बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स ने 85,318 और निफ्टी ने 26,051 के स्तर को छुआ. शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 125.13 अंक यानी 0.15 फीसदी की उछाल के साथ 85,295.00 पर ट्रेंड कर रहा है. वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 33.55 अंक यानी 0.13 फीसदी की



तेजी के साथ 26,037.70 के स्तर पर कारोबार कर रहा है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 शेयर में तेजी और नौ शेयर में गिरावट है. वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 शेयर में तेजी और 15 शेयर में गिरावट है. एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स की यदि बात करें तो उसमें सबसे ज्यादा आईटी सेक्टर के शेयरों में तेजी है. इसके साथ ही एशियाई बाजार में तेजी है. जापान के निक्केई में 2.49 फीसदी और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.71 फीसदी की तेजी है. इसके अलावा चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स भी 0.58 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है. उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार एक दिन पहले लगातार छठवीं बार ऑलटाइम हाई पर बंद हुआ था. कारोबार के अंत में सेंसेक्स 255.83 अंक की उछाल यानी 0.30 फीसदी की तेजी के साथ 85,169.87 पर बंद हुआ. वहीं, निफ्टी भी 63 अंक की तेजी के साथ 26,004 के स्तर पर बंद हुआ था.

#### केंद्र सरकार दूसरी छमाही में 6.61 लाख करोड़ रुपये लेगी बाजार से उधार

**नयी दिल्ली ।** केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही के दौरान 6.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाएगी जिससे आय और व्यय के बीच के फर्क को पाटा जा सके. वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार ने बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिलकर मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए उधार लेने के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है. वित्त मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार ने कुल 14.01 लाख करोड़ रुपये कर्ज जुटाने का लक्ष्य रखा है.

## मजबूत वैश्विक संकेतों से सोना 78,000 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के साथ आभूषण विक्रेताओं की लगातार खरीदारी से राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 400 रुपये की तेजी के साथ 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया. अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोना लगातार दूसरे दिन भी 400 रुपये की तेजी के साथ 78,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. बुधवार को यह कीमती धातु 77,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी.



मजबूत विदेशी रुख के बीच औद्योगिक इकाइयों व सिक्का निर्माताओं के बीच मजबूत मांग से चांदी भी 1,000 रुपए बढ़कर 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई. पिछले सत्र में यह धातु 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी. इसके अलावा 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव भी 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए स्तर पर पहुंच गया. बुधवार को सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय मांग में तेजी और मजबूत वैश्विक रुख के कारण सोने की कीमतों को समर्थन मिला. इस बीच, वायदा कारोबार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्तूबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 162 रुपये या 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,475 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई.

## न्यूज अपडेट

### 92 वर्ष के हुए पूर्व पीएम मनमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके 92वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं. भारत की अर्थव्यवस्था को नए आयाम देने में उनकी आर्थिक नीतियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. मोदी ने मनमोहन सिंह को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि डॉ. सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई. मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन मिले.

### पहले बड़े परीक्षण में बची ट्रूडो सरकार

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बुधवार को अपनी अल्पसंख्यक लिबरल सरकार के पहले बड़े परीक्षण में सफलता मिल गई. अविश्वास प्रस्ताव से बाल-बाल बच गए. ट्रूडो की लोकप्रियता नौ साल के कार्यकाल में काफी घट गई है. एक गरमागरम बहस के बाद लिबरल को हटाने और अचानक चुनाव कराने के कंजर्वेटिव प्रस्ताव के खिलाफ 211 के मुकाबले 120 वोट पड़े. हालांकि, सत्ता पर ट्रूडो की कमजोर पकड़ को आने वाले दिनों और हफ्तों में और अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है.

### जैव विविधता संधि पर हस्ताक्षर किए

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यहां औपचारिक रूप से 'बायोडायवर्सिटी बियॉन्ड नेशनल ज्यूरिस्डिक्शन एग्रीमेंट' यानि ''राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे जैव विविधता'' समझौते पर हस्ताक्षर किए. समुद्री कानून संधि के तहत समझौता यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि समुद्री जीवन को उच्च समुद्र पर एक स्थायी तरीके से संरक्षित और उपयोग किया जाए, जो राष्ट्रों के क्षेत्रीय जल और अनन्य आर्थिक क्षेत्र से परे है जो तट से 200 समुद्री मील या 370 किलोमीटर तक फैल सकता है.

### यूएनएससी की सदस्यता का समर्थन

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्य के रूप में भारत को शामिल किए जाने का पुरजोर समर्थन किया. मैक्रों ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में आम बहस को संबोधित करते हुए कहा कि जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य होना चाहिए, साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए जिन्हें अफ्रीका अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित करेगा. नए निर्वाचित सदस्यों को भी शामिल किया जाना चाहिए.

### पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज मंजूर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिली है. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी एक्सटेंडेड फंडिंग फैसिलिटी (ईएफएफ) के तहत पाकिस्तान के लिए 7 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को मंजूरी दे दी है. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुष्टि की कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने 7 अरब डॉलर के 37 महीने के ईएफएफ को मंजूरी दी. यह 1958 के बाद से पाकिस्तान को प्राप्त 25वां आईएमएफ प्रोग्राम और छठी ईएफएफ फैसिलिटी है.

### अमेरिका में तूफान 'हेलेन' हुआ मजबूत

**न्यूयॉर्क।** तूफान 'हेलेन' लगातार मजबूत हो रहा है जिसके चलते फ्लोरिडा पर खतरना मंडराने लगा है. अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र (एनएचसी) के अनुसार उष्णकटिबंधीय 'हेलेन' मैक्सिको की खाड़ी से गुजरते हुए 'कैटेगरी-1' का तूफान बन गया है. अनुमान है कि गुरुवार शाम को फ्लोरिडा के बिग बेंड तट पर पहुंचने पर तूफान की गति बढ़ जाएगी. एनएचसी ने टैम्पा बे सहित फ्लोरिडा के पैनहैंडल में रहने वाले लोगों को जरूरी सावधानी बरतने और निकासी प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी.

### ताइवान स्ट्रेट से गुजरा जापानी युद्धपोत

**टोक्यो।** ताइवान स्ट्रेट से होकर पहली बार एक जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल जहाज गुजरा है. स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को इस घटना को क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य दखलअंदाजी के खिलाफ 'सीधी चुनौती' बताया. विध्वंसक जहाज 'साजानामी' ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड जहाजों के साथ बुधवार को चीन और ताइवान के बीच संकीर्ण जलमार्ग में होकर गुजरा. ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिस पर चीन अपना दावा करता है. माना जा रहा है कि ये जहाज अभ्यास के लिए दक्षिण चीन सागर की ओर जा रहे थे.

### सीएम भगवंत मान की तबीयत बिगड़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूत्रों ने बताया कि सीएम मान को बुधवार देर रात तीन बार बेहोश होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है. आम आदमी पार्टी (आप) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी गहन जांच की जा रही है. उन्होंने मान की बीमारी का खुलासा करने से इनकार कर दिया. मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य ठीक है और उन्हें कुछ जरूरी जांच के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी.

### हाथी ने एक को कुचलकर मार डाला

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के चेरामबडी गांव में गुरुवार तड़के एक जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला. मृतक की पहचान उसी गांव के कुन्हिमोइदीन के रूप में हुई है. वन विभाग के अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि यह घटना रात दो बजे की है. अधिकारियों ने बताया कि कुन्हिमोइदीन पेड़ की टहनी गिरने की आवाज सुनकर अपने घर से बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि उनके सामने एक जंगली हाथी खड़ा है. इससे पहले कि वह कुछ कर पाते, हाथी ने उन पर हमला कर दिया.

# मुंबई का भारी बारिश से बुरा हाल, कई इलाके जलमग्न, स्कूल-कॉलेज बंद

**एजेंसी। मुंबई**

भारी बारिश से मुंबई का बुरा हाल है. भारत की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई और आसपास के इलाक़ों में बुधवार को भारी बारिश हुई है. इससे निचले इलाक़ों में पानी भर गया. कई उपनगरीय इलाक़े डूब गए हैं. लोकल ट्रेनें रुक गईं और मुंबई आने वाली कम से कम 14 फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई और उसके आस-पास के जिलों ठाणे, पालघर और रायगढ़ के लिए गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक रेड अलर्ट जारी किया है. भारी बारिश के कारण बृहन्मुंबई नगर निगम ने गुरुवार को सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी का एलान किया है. मुंबई पुलिस ने शहर और आस-पास के इलाक़ों के लोगों से कहा है कि वो जितना संभव हो घरों के अंदर रहें.

### भारी बारिश से पीएम का पुणे में कार्यक्रम निरस्त

**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित पुणे दौरा गुरुवार को भारी बारिश की वजह से निरस्त कर दिया गया. प्रधानमंत्री पुणे के एस डब्ल्यू कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करने वाले थे. वह स्वारगेट मेट्रो लाइन का भी उद्घाटन करने वाले थे, लेकिन पुणे में भारी बारिश की वजह से उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया. मोदी महाराष्ट्र में 20,800 करोड़ रुपये की परियोजना राष्ट्र को समर्पित करने वाले थे. वह पेट्रोलियम और गैस क्षेत्र से संबंधित 10,400 करोड़ की परियोजनाओं का भी शुभारंभ करने वाले थे. मौसम विभाग ने पुणे में हो रही भारी बारिश को देखते हुए रेड अलर्ट जारी कर दिया है.



# मानहानि मामले में संजय राउत को 15 दिन की जेल

**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई. मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए दंड) के तहत दोषी ठहराया और उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. जिसे मुआवजे के तौर पर राउत से वसूला जाएगा. हिरासत में लिए जाने के दौरान संजय राउत मजिस्ट्रेट कोर्ट के बाहर शांत बैठे रहे और कहने लगे अब मैं जेल जाऊंगा. हालांकि उन्हें बाद में कोर्ट से जमानत मिल गई. राउत के वकील द्वारा दायर एक आवेदन पर मजिस्ट्रेट अदालत ने सजा को 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है. औपचारिकताएं पूरी करने और 15,000 का मुचलका भरने के बाद राउत कुछ देर बाद अदालत से बाहर निकल गए.



## अमेरिका व उसके सहयोगियों ने की है 21 दिवसीय युद्धविराम की अपील

# युद्ध विराम नहीं, इसराइल हिज़्बुल्लाह का संघर्ष जारी

### नेतन्याहू ने आईडीएफ को पूरी ताकत से युद्ध लड़ते रहने के लिए कहा

**एजेंसियां। यरूशलम/न्यूयॉर्क/बेरूत**

इसराइल ने हिज़्बुल्लाह से साथ संघर्ष के मामले में युद्ध विराम से इनकार किया है. इसराइल के विदेश मंत्री इसराइल काट्ज़ ने कहा है कि उत्तर की तरफ कोई युद्ध विराम नहीं होगा. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर बताया है कि इसराइल हिज़्बुल्लाह के ख़िलाफ़ अपनी लड़ाई तब तक जारी रखेगा जब तक कि उत्तरी सीमा पर रहने वाले इसराइली सुरक्षित तरीके से अपने घर वापस नहीं लौट जाते हैं. इससे पहले इसराइल और लेबनान की बॉर्डर पर जारी संघर्ष के बीच अमेरिका और अन्य देशों ने युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है, लेकिन इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसराइली सेना को पूरी ताकत से युद्ध लड़ते रहने के लिए कहा है.

वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि लेबनान में जारी इजरायली हवाई हमलों में करीब 51 लोगों की मौत हो गई जबकि 223 लोग घायल हो गए. इस बीच, आईडीएफ ने एक बयान में कहा, उसने ''स्थितिगत आकलन'' के बाद इजरायल-लेबनान सीमा पर दो रिजर्व ग्राउंड ब्रिगेड को बुलाया है, साथ ही कहा कि सैनिकों को ''उत्तरी मोर्चे पर परिचालन गतिविधियों'' के लिए तैनात किया जाएगा. यह तैनाती "हिजबुल्लाह के विरुद्ध संघर्ष को जारी रखने, इजरायल की रक्षा करने और उत्तरी इजरायल के निवासियों को उनके घरों में वापस लौटने के लिए परिस्थितियां बनाने में सक्षम करेगी."

**लेबनान में 600 से अधिक लोगों की जा चुकी है जान :** बता दें कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका और सहयोगी देशों ने 21 दिनों के युद्धविराम की अपील है. यह अपील बुधवार को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और कतर की ओर से की गई. इसके जवाब में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने कहा है कि युद्ध विराम की खबर में कोई सच्चाई नहीं है. ये अमेरिका और फ्रांस का प्रस्ताव है, जिसका अभी तक प्रधानमंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया है. उत्तरी भाग में संघर्ष को कम करने के निर्देश की ख़बर भी ग़लत है. प्रधानमंत्री ने इसराइल डिफेंस फोर्स को पूरी ताकत से युद्ध लड़ने पर ज़ोर दिया है. और गज़ा में भी तब तक संघर्ष जारी रहेगा जब तक युद्ध का मकसद पूरा नहीं होता है. इजरायली हमलों की वजह से लेबनान में 600 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है.



**जल्द से जल्द छोड़ दें लेबनान, बढ़ते तनाव के बीच भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी**

इस बीच, बेरूत स्थित भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी कर भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द लेबनान छोड़ने की सलाह दी है. वहीं उन लोगों को 'अत्यधिक सावधानी' बरतने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है, जिन्हें गंभीर हालात के बीच लेबनान में ही रहना है. इसके अलावा भारतीय नागरिकों से अगली सूचना तक लेबनान की यात्रा न करने की अपील की गई है. दूतावास ने कहा कि जो लोग किसी भी कारण से वहां रह जाते हैं, उन्हें अत्यधिक सावधानी बरतने, गतिविधियों को सीमित रखने और बेरूत में भारतीय दूतावास से इमरजेंसी फोन नंबर 96176860128 के माध्यम से संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है."

### इराक में अमेरिकी सेना को निशाना बनाने की चेतावनी

**बगदाद।** इराकी शिया मिलिशिया कताइब हिजबुल्लाह ने धमकी दी कि अगर इजरायल ने इराक पर हमला किया तो वह देश में मौजूद अमेरिकी सेना पर हमला करेगा. ईरान समर्थित शिया मिलिशिया के सिक्योरिटी लीडर अबू अली अल-असकर ने कहा कि इराकी एयर स्पेस में अमेरिका और इजरायल की तेज गतिविधियां देखी जा रही हैं. ये इराक के खिलाफ जायोनी (इजरायली) हमले की संभावना' का संकेत देती हैं. कताइब हिजबुल्लाह अपनी चेतावनी दोहराता है कि उसकी प्रतिक्रिया केवल इजरायल तक ही सीमित नहीं होगी, बल्कि इसमें संपूर्ण अमेरिकी मौजूदगी भी शामिल होगी.

### क्या कहा अमेरिका व उसके सहयोगियों ने

अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के संयुक्त बयान के अनुसार, 8 अक्टूबर 2023 से लेबनान और इजरायल के बीच हालात बर्दाशत से बाहर हैं और इनकी वजह से व्यापक क्षेत्रीय तनाव का जोखिम पैदा हो गया है. यह किसी के हित में नहीं, न ही इजरायल के लोगों के और न ही लेबनान के. सहयोगियों ने इस बात पर जोर दिया कि निरंतर संघर्ष के बीच कूटनीति सफल नहीं हो सकती. यह समय एक राजनयिक समझौते तक पहुंचने का है, जो सीमा के दोनों ओर के नागरिकों को सुरक्षित अपने घर लौटने की राह तैयार कर सके.

### लेबनान में 90 गांव व कस्बे बनाए गए निशाना

वहीं समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में बिंट जेबिल, ऐन काना, कब्रिखा और तेबनीने सहित कई स्थानों पर हुई जनहानि की पुष्टि की. नाम न छापने की शर्त पर सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में लगभग 90 गांवों और कस्बों को निशाना बनाया. हताहतों में लेबनानी अल-मनार टीवी के फोटो पत्रकार कामेल कराकी भी शामिल हैं, वो दक्षिण-पूर्वी गांव कंतारा में हुए हमले में मारे गए.

## मुडा घोटाला मामले में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने दोटूक कहा

# मैं निर्दोष हूं, इस्तीफा नहीं दूंगा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि वह दोषी नहीं हैं और अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जेडीएस (जनता दल-धर्मनिरपेक्ष) ने कहा था कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला मामले में विशेष अदालत के आदेश के मद्देनजर सिद्धारमैया को पद छोड़ देना चाहिए. उनकी इस मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि मैं दोषी नहीं हूं और अपने पद से इस्तीफा नहीं दूंगा. इस बीच, कर्नाटक सरकार ने राज्य के मामलों में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) को जांच करने के लिए दी गई सहमति वापस ले ली है. कर्नाटक के कानून मंत्री एचके पाटिल ने एएनआई को बताया कि हम सीबीआई को अलग- अलग मामलों में जांच के लिए अलग से अनुमति देने पर विचार करेंगे. अब उनको हर मामले में जांच की छूट नहीं होगी.

सिद्दारमैया ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, "मैंने कोई गलती नहीं की है. इसलिए मुझे इस्तीफा देने की कोई जरूरत नहीं है. कई भाजपा नेता जमानत पर हैं, क्या इससे उन्हें शर्मिंदगी नहीं होती? क्या उनमें से किसी ने अपना इस्तीफा दिया है?" उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा, "मैं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर मीडिया को बता रहा हूं कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया इस्तीफा नहीं देंगे." शिवकुमार ने कहा, "वह अपना इस्तीफा नहीं देंगे. सीएम सिद्दारमैया के पद छोड़ने का प्रस्ताव नहीं आएगा. यह भाजपा और जेडीएस की साजिश है. वे गारंटी योजनाओं की सफलता को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं." ये बयान इसलिए महत्वपूर्ण हो गए हैं क्योंकि भाजपा ने सीएम सिद्दारमैया के इस्तीफे की मांग को लेकर राज्य में अपना आंदोलन तेज कर दिया है. पार्टी ने विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया.



## क्या मेरी गिरफ़्तारी का मकसद दिल्ली को डीरेल करना था

# केजरीवाल का चौंकाने वाला बयान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अपनी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता से मुलाकात हुई थी और मैंने उनसे अपनी गिरफ्तारी को लेकर बात की. केजरीवाल ने बताया कि भाजपा का बयान सुनकर में हक्का-बक्का रह गया. आरोप लगाया कि दिल्ली में काम रोकने के लिए मेरी गिरफ्तारी हुई.

दरअसल दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय की सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने पहुंचे. इसी दौरान अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'दो चार दिन पहले मैं इनके (भाजपा) एक बड़े नेता से मिला था, उनके नेता से मैंने पूछा कि मुझे गिरफ़्तार करके उनको क्या फायदा हुआ. उन्होंने जो जवाब दिया वो सुनकर मैं भौंचक्का रह गया. मैंने उनसे पूछा मेरी गिरफ्तारी से आपको क्या फायदा हुआ. वो कहते हैं कि दिल्ली सरकार डीरेल हो गई, दिल्ली का काम ठप्प हो गया.' उन्होंने आगे कहा कि मुझे उनका जवाब सुनकर बहुत दुख हुआ और मैं हैरान रह गया. क्या मुझे गिरफ्तार करने का मकसद दिल्ली को ठप करना था? क्या मुझे गिरफ़्तार करने का उनका मकसद दिल्ली को डीरेल करना था? क्या मुझे गिरफ्तार करके दिल्लीवालों को तक़लीफ पहुंचाना था? मैं दिल्ली के लोगों से कहना चाहता हूं कि चिंता न करें, मैं अब आ गया हूं और हम सभी लंबित काम शुरू करेंगे. अभी हम दिल्ली विश्वविद्यालय में खड़े हैं, यहां की सड़क टूटी हुई है, मैंने मुख्यमंत्री आतिशी से बात की है, इसे तुरंत ठीक किया जाएगा. दिल्ली की अन्य सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी. अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भाजपा को निशाना साधते हुए लिखा कि उन्होंने मुझे जेल भेजकर दिल्ली के काम रोक दिए थे. उनका यही मक़सद था.



# बिलकिस बानो केस : गुजरात सरकार की समीक्षा याचिका कोर्ट ने खारिज की

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

बिलकिस बानो मामले में अपने ख़िलाफ़ टिप्पणियों को चुनौती देने वाली गुजरात सरकार की समीक्षा याचिका गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने ख़ारिज कर दी है. भारत की सर्वोच्च अदालत ने बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उनके परिवार वालों की हत्या के मामले में सज़ा पाए 11 दोषियों की सज़ा में छूट देकर रिहा करने के गुजरात सरकार के फ़ैसले को रद्द कर दिया था. उस फ़ैसले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार पर कड़ी टिप्पणी की थी. गुजरात सरकार ने इसी को लेकर समीक्षा याचिका दायर की थी. समाचार वेबसाइट लाइव लॉ के मुताबिक जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने समीक्षा याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि फैसले में कोई ऐसी ग़लती नहीं है जिसके कारण उसे रद्द किया जाए. गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो केस में 10 अगस्त 2022 को सारे 11 अपराधियों की सज़ा माफ़ करके उन्हें रिहा कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के इस फ़ैसले को ग़लत बताया था.

# सियाचिन बेस कैंप पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया. यहां पहुंचकर राष्ट्रपति ने बेहद जटिल परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए तैनात रहने वाले जवानों का हौसला बढ़ाया. उन्होंने सियाचिन युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की. भारतीय सेना द्वारा 13 अप्रैल, 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया गया था. यह युद्ध स्मारक, उस ऑपरेशन के बाद से शहीद हुए सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है. राष्ट्रपति ने सियाचिन बेस कैंप में तैनात सैनिकों को संबोधित भी किया. राष्ट्रपति ने कहा, "आप सभी जवानों और अधिकारियों से यहां आकर मिलने की मेरी इच्छा आज पूरी हो रही है. मैं आप सबसे मिलकर बेहद खुशी का अनुभव कर रही हूं. तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर के रूप में मुझे आप सभी पर विशेष गर्व का अनुभव हो रहा है. सभी देशवासी, आप सब की बहादुरी को सलाम करते हैं. मैं सभी देशवासियों की ओर से आप सबके लिए विशेष सम्मान व्यक्त करती हूं." राष्ट्रपति ने यहां जवानों को संबोधित करते हुए कहा, "कुछ देर पहले मुझे शहीदों के स्मारक स्थल में श्रद्धा सुमन अर्पित करने का अवसर मिला. भारत-माता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले सभी बहादुर सियाचिन वॉरियर्स की पावन स्मृति को मैं सादर नमन करती हूं.



## हरियाणा चुनाव — कांग्रेस नेता ने असंध में दिया पार्टी की एकजुटता का संदेश, किसान, जवान और पहलवान पर बोले

# राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर किया कड़ा प्रहार

**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा चुनावों में पिछले काफी दिनों से चर्चा का विषय बने कुमारी सैलजा की नाराजगी का गुरुवार को सुखद पटाक्षेप सामने आया है. राहुल गांधी की असंध रैली में कुमारी सैलजा के साथ मंच पर भूपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे. रैली के मंच में राहुल गांधी के एक तरफ भूपेंद्र हुड्डा और दूसरी तरफ प्रदेश प्रमुख उदय भान मौजूद रहे. उदय भान के दाहिनी ओर कुमारी सैलजा बैठीं. राहुल गांधी ने असंध की रैली से कांग्रेस की एकजुटता का संदेश दिया. इसके साथ ही किसान, जवान और पहलवान के मुद्दों पर भाजपा के खिलाफ जबरदस्त हमला बोला. राहुल गांधी ने रैली में बेरोजगारी के मुद्दे को उठाया तो वहीं दूसरी पीएम मोदी पर हमला बोला. राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी का चेहरा देखा, पहले 56 इंच की छाती होती थी, अब नॉन बायोलॉजिकल बताते हैं. राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी काले कानून लाते हैं. जो किसानों के पास है, वो भी छीन लेना चाहते हैं. अरबपतियों का कर्ज माफ कर दिया. हरियाणा में ड्रग समस्या बढ़ रही है. किसी को सजा नहीं होती.

इससे पहले राजनीतिक हलकों में चर्चा पहले से हो गई थी कि दोनों नेता राहुल की रैली में एक साथ दिख सकते हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सैलजा और हुड्डा के बीच कोई बड़ा विवाद नहीं था. इस विवाद को बीजेपी ने काफी तूल दे दिया था. इसके बाद यह लाजिमी था कि राहुल गांधी दोनों नेताओं को एक मंच लाने जैसा कुछ करें. मंच पर दोनों नेताओं की मौजूदगी से राहुल गांधी ने ऑल इल वेल का मैसेज दिया है लेकिन अगले कुछ दिनों में अगर प्रचार के दौरान कांग्रेस की अंदरुनी खींचतान बंद होती है तो ही इस सफल माना जाएगा. राजनीतिक विश्लेषक नवीन धमीजा कहते हैं कि इससे अच्छा संकेत जाएगा. बीजेपी जिसे मुद्दा बना रही है और सैलजा को बुलाने के लिए दरवाजे खोल रही थी. कम से कम उसे पर राहुल गांधी ने पानी डाल दिया है.



### हेलीपैड पर हुड्डा व सैलजा से क्या हुई बातचीत

राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर से करनाल पहुंचने पर कांग्रेस के नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा ने लाल गुलाब वाले गुदलस्तों से राहुल गांधी का स्वागत किया. दोनों नेताओं द्वारा स्वागत किए जाने की तस्वीरें भी सामने आई है. राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि चुनाव जाट बनाम दलित न हो इसके लिए राहुल गांधी ने दोनों को एक मंच पर लाकर संदेश दिया है. हेलीपैठ पर सैलजा ने काफी गर्मजोशी से राहुल गांधी का स्वागत किया. बीजेपी जिसे मुद्दा बना रही है कम से कम उस पर राहुल गांधी ने पानी डाल दिया है.

# तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पैसे लेकर जॉब बांटने के आरोपी तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को गुरुवार को बड़ी राहत मिली. सुप्रीम कोर्ट ने बालाजी को जमानत दे दी. सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री को कैश-फॉर-जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देते हुए कहा, मुकदमे में देरी का मतलब यह नहीं है कि व्यक्ति को जमानत नहीं दी जा सकती है. जस्टिस अभय ओका, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और एजी मसीह की बेंच ने पूर्व मंत्री पर फैसला सुनाया. मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को पिछले साल 14 जून को ईडी ने गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद बालाजी की एक निजी अस्पताल में बाईपास सर्जरी कराई गई थी. इसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए ईडी ने हिरासत में ले लिया था. पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था. बालाजी की गिरफ्तारी के बाद से डीएमके ने इसका विरोध जताया था. पार्टी की ओर से कहा गया था कि यह जो कार्रवाई हुई है, वह बदले की भावना को देखते हुए हुई. तमिलनाडु के पूर्व मंत्री पर आरोप है कि उन्होंने साल 2011 से 2016 तक जब वह राज्य के परिवहन मंत्री थे तो उन्होंने पैसे लेकर नौकरी बांटी. ईडी ने उन्हें कैश फॉर जॉब मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत गिरफ्तार किया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)